www.livehindustan.com
रविवासरीय
# हिन्दुस्तान
1936 सत्य • सार्थक • सदैव
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
रविवार
30 अप्रैल 2023, वैशाख शुक्ल पक्ष, दशमी, विक्रम सम्वत् 2080, लखनऊ
नगर संस्करण
● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

नाविक अभिलाष टॉमी ने 'गोल्डन ग्लोब रेस' में पाया दूसरा स्थान

## इमेज गाइडेड (टारगेटेड रेडियोथेरेपी) से काफी हद तक कम किये जा सकते है रेडियेशन के दुष्प्रभाव

– डॉ. राजीव पंत
एमबीबीएस, एमडी

लखनऊ शहर ने मेडिकल के क्षेत्र में एक नया आयाम छू लिया है। कैंसर के इलाज में दी जाने वाली रेडियोथेरेपी के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव आया है। पहले समय में जब कैंसर मरीज को रेडियेशन दिया जाता था तो शरीर के एक बड़े भाग को जो कि कैंसर से ग्रसित नहीं होता था, उस भाग को भी रेडियेशन के दुष्प्रभाव (Side Effect) सहने पड़ते थे। पर अब इमेज गाइडेड रेडियोथेरेपी (IGRT) में प्रतिदिन CT Scan से कैंसर ग्रसित भाग को देखने के बाद ही रेडियेशन दिया जाता है। यह CT Scan रेडियेशन की मशीन में ही लगा होता है। अब प्रतिदिन Image Verification के बाद ही रेडियेशन दिया जाता है। इसे टारगेटेड (Targeted) Radiotherapy भी कहा जा सकता है। इसमें सामान्य अंगों/कोशिकाओं को कम से कम व कैंसर ग्रसित भाग को ज्यादा से ज्यादा रेडियेशन दिया जाता है। इससे Cure Rate में काफी वृद्धि आयी और Side Effect में काफी कमी आयी है। अब चेहरे का रंग भी काला नही पड़ता है। वर्ष 2019 में America की Varian Company ने एक नयी मशीन Halcyon बाजार में उतारी है। जिसकी रेडियेशन देने की रफ्तार मौजूदा मशीनों से करीब 4 गुनी ज्यादा थी और इसीलिए Treatment time भी घट के 1/4th रह गया है। जहाँ पहले IMRT Technique से प्रतिदिन रेडियशन देने में 15-20 मिनट का समय लगता था वो अब Rapid ARC में घट के 1 मिनट रह गया है। चेहरे व गर्दन में कैंसर होने पर रेडियेशन से पहले एक Tight Mask / Jacket पहनाया जाता है ताकि मरीज़ हिले नही, उसे पहन कर 15-20 मिनट तक लेटे रहना मरीज़ के लिए बहुत कष्टदायक होता था, पर अब Rapid ARC Radiotherapy से यह काम 1 से 1 मिनट में हो जाता है। यही मशीन इंग्लैण्ड में Queen's Hospital, England में वर्ष 2018 में लगी और वर्ष 2019 में लखनऊ कैंसर इंस्टीट्यूट ने इस मशीन को लगाकर कैंसर के क्षेत्र में एक शिखर को छू लिया है।

लखनऊ कैंसर इंस्टीट्यूट (जियामऊ) में यह थेरेपी CGHS (केन्द्र सरकार हेल्थ स्कीम) द्वारा तय दरों पर होती है। आयुष्मान कार्ड धारकों, केन्द्र एवं राज्य कर्मचारियों के लिए यह सेवा मुफ्त में उपलब्ध है।

रविवासरीय
हिन्दुस्तान
1936 सत्य • सार्थक • सदैव
रविवार
30 अप्रैल 2023, वैशाख शुक्ल पक्ष, दशमी, विक्रम सम्वत् 2080, लखनऊ
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
www.livehindustan.com
नगर संस्करण, वर्ष 14, अंक 17, 20+4 पेज फुरसत, मूल्य ₹ 7.00
• पांच प्रदेश • 21 संस्करण

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, चीन के साथ संबंध असामान्य

गैंगस्टर मामले में अदालत ने दोनों भाइयों के खिलाफ सुनाया फैसला

# मुख्तार और सांसद अफजाल को सजा

**गाजीपुर, कार्यालय संवाददाता।** यूपी के पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी और बसपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर मामले में शनिवार को एमपी/एमएलए कोर्ट ने सजा सुनाई। अदालत ने मुख्तार को 10 साल की सजा के साथ पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। वहीं, अफजाल अंसारी को चार साल की सजा और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम दुर्गेश कुमार की अदालत ने दोनों भाइयों के खिलाफ सजा सुनाई। मामले में पहली अप्रैल को सुनवाई पूरी हो गई थी। 15 अप्रैल को फैसला आना था लेकिन जज के अवकाश पर रहने के कारण तारीख बढ़ती रही।

शनिवार सुबह 10:30 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच सांसद अफजाल अंसारी को एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया गया। वहीं, मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया। अदालत ने पहले मुख्तार फिर अफजाल को सजा सुनाई। मुख्तार अंसारी अभी आपराधिक मामलों में बांदा की जेल में बंद है। वहीं, अफजाल को सजा सुनाए जाने के बाद हिरासत में ले लिया गया।

**2007 में मुकदमा :** अंसारी भाइयों के खिलाफ यह मामला करंडा और मोहम्दाबाद थानों में दर्ज आपराधिक मुकदमों के आधार पर बनाए गए गैंगचार्ट पर आधारित है। इसमें अफजाल पर 2005 में हुई भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या का मामला है, वहीं मुख्तार के खिलाफ इस मामले के अलावा रुंगटा अपहरण और हत्याकांड का भी मामला जुड़ा है। 29 नवंबर, 2005 को मुख्तार अंसारी गैंग ने विधायक कृष्णानंद राय समेत सात लोगों की हत्या कर दी थी। दोनों भाइयों पर 2007 में मुकदमा दर्ज हुआ था।

**17 गवाह पेश हुए :** विशेष लोक अभियोजक नीरज श्रीवास्तव ने मुख्तार अंसारी के मामले में कुल 10 गवाहों को पेश कराया। वहीं, अफजाल के मामले में सात गवाह पेश हुए। पुलिस ने जांच के बाद 19 मई, 2010 को आरोप पत्र तैयार किया जिसे 22 मई को कोर्ट में पेश किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला दिया।

› सजा सुनते ही उड़ी रंगत P10

मुख्तार अंसारी।

अफजाल अंसारी। • फाइल फोटो

**10** साल मुख्तार और चार साल की सजा अफजाल को मिली

**23** सितंबर, 2022 को दोनों भाइयों पर आरोप तय हुए थे

### चार मामलों में हो चुकी सजा

मुख्तार को शनिवार को गैंगस्टर के एक और मामले में कोर्ट ने सजा सुनाई। मुख्तार पर चार मामलों में फैसला आ चुका है। दिसंबर 2022 में गैंगस्टर के मामले में कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई थी। वहीं, लखनऊ हाईकोर्ट से दो मामलों में फैसला सुनाया जा चुका है।

### संसद सदस्यता पर संकट

बसपा से गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी को पहली बार किसी मामले में सजा हुई है। गैंगस्टर मामले में सजा के बाद अब उनकी लोकसभा की सदस्यता भी जानी तय है। वहीं, सजा पूरी होने के बाद छह सालों तक चुनाव लड़ने पर भी रोक रहेगी।

### उमर के खिलाफ वारंट

नफरती भाषण मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा ने बताया कि कोर्ट द्वारा वारंट जारी करने के बाद गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी गई है।

# मिट्टी में मिल जाएगी गाली: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कर्नाटक की चुनावी जनसभाओं में कांग्रेस पर साधा निशाना

**बेंगलुरु, एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं ने मुझे 91 बार अलग-अलग तरह की गालियां दीं। आगामी चुनावों में गालियां मिट्टी में मिल जाएंगी। लेकिन, कांग्रेस ने अपशब्दों के इस शब्दकोष पर समय व्यर्थ करने की बजाय सुशासन और अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने पर ध्यान दिया होता, तो उसकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के बेंगलुरु में एक विशाल रोड शो में भी हिस्सा लिया।

मोदी ने कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहेब आंबेडकर और वीर सावरकर को भी अपशब्द कहे हैं। कर्नाटक में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद मोदी पहली बार प्रचार के लिए कर्नाटक दौरे पर आए। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि लोग उसकी गालियों का वोटों से जवाब देंगे और वे जितना कीचड़ उछालेंगे, उतना कमल खिलेगा।

बेंगलुरु में शनिवार को आयोजित रोड शो में शामिल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### तेलुगु संगमम: विविधता को समग्रता में देखना जरूरी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की विविधता पूर्ण संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं को समग्रता के साथ देखने की जरूरत है, तभी हम उन्हें समझ पाएंगे। साथ ही, देश का सामर्थ्य जगा पाएंगे। स्वतंत्रता का अमृतकाल देश की विविध धाराओं का संगम है। इससे निकला राष्ट्रीयता का अमृत भारत को अनंतकाल तक ऊर्जा देता रहेगा। पीएम शनिवार शाम काशी में चल रहे 'गंगा-पुष्करालु' के तहत काशी-तेलुगु संगमम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। गंगा किनारे मानसरोसवर घाट पर जुटे आंध्र और तेलंगाना के हजारों तीर्थयात्रियों से ऑनलाइन जुड़े पीएम ने कहा कि गंगा पुष्करालु का आयोजन गंगा और गोदावरी का संगम है। यह भारत की सभ्यताओं, संस्कृति, परंपरा के संगम का उत्सव है।

› ब्योरा P17

## तापीय परियोजना के सीजीएम लापरवाही में निलंबित किए गए

**लखनऊ।** जवाहरपुर तापीय परियोजना मलावन एटा के मुख्य महाप्रबंधक मुख्य अभियंता स्तर दो सोमनाथ मिश्रा को विद्युत उत्पादन शुरू कराने के कार्य में लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया है। मुख्य अभियंता अनपरा ताप विद्युत गृह सोनभद्र अजय कुमार को जवाहरपुर में नई तैनाती दी गई है।

गर्मी में बिजली की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए बिजली उत्पादन सुचारु रूप से चले इसके लिए मुख्य अभियंता स्तर के सात अधिकारी स्थानांतरित भी किए गए हैं।

› कार्यों में ढील पर कार्रवाई P15

## जेईई मेन: हापुड़ के निपुण गोयल यूपी के टॉपर बने

**नई दिल्ली/मेरठ, हिटी।** सत्र 2 के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा-मुख्य (जेईई मेन 2023) के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। हापुड़ के निपुण गोयल ने देशभर से 100 एनटीए स्कोर करने वाले 43 मेधाावियों में अपनी जगह बनाते हुए 13वीं रैंक हासिल की है। निपुण गोयल यूपी में टॉपर रहे हैं। फरवरी में जारी पहले चरण में भी निपुण ने 100 स्कोर हासिल किया था।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने सभी श्रेणियों के लिए जेईई मेन कट-ऑफ 2023 की भी घोषणा की है। इस साल, जेईई मेंस कट-ऑफ पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के लिए बढ़ा है। कुल 43 छात्रों को 100 पर्सेंटाइल मिला है। यूपी के चार विद्यार्थियों ने 100 स्कोर किया है, जिसमें देशांक सिंह, निपुण गोयल, ऋषि कालरा एवं मलय केडिया हैं।

### लखनऊ में हिमांशु सबसे ऊपर, 96 वीं रैंक मिली

लखनऊ। जेईई मेन के दूसरे चरण के परिणाम में लखनऊ के हिमांशु उपाध्याय ने 99.99% के साथ देश में 96 वीं रैंक हासिल कर शहर का नाम रोशन कर दिया।

› ब्योरा P06

### देश-दुनिया

**तोपखाना रेजीमेंट में पहली बार पांच महिला अफसर**

भारतीय सेना ने पहली बार अपनी तोपखाना रेजीमेंट में पांच महिला अधिकारियों को शामिल किया है। इन महिला अफसरों ने चेन्नई में शनिवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में अपना प्रशिक्षण पूरा किया। इनमें लेफ्टिनेंट महक सैनी, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे, लेफ्टिनेंट अदिति यादव और लेफ्टिनेंट पायस मुदगिल को शामिल किया गया है।

P 17

### जरूर पढ़ें

**सियासत का कर्नाटक संगीत जो यह देश सुन रहा है**

मौजूदा राजनीति में सफलता या असफलता का कोई तय फॉर्मूला नहीं रह बचा है। जेडी-एस के विधायकों के अलावा शेट्टार और सावदी के कांग्रेस में जाने से तमाम लोग अभी से निष्कर्ष निकाल रहे हैं, पर भूलिए मत, भाजपा की चुनाव मशीन अंतिम समय तक जीतने के लिए लड़ती है।

शशि शेखर P 12

**हजारों ख्वाहिशें और हर रोज का फिसलना**

आज लेखक लेखक नहीं है, उसका असली नाम है- ख्वाहिश। आकांक्षा। महत्वाकांक्षा। कामना। इसीलिए लाखों लेखक लिखे जा रहे हैं, कहे जा रहे हैं, बहे जा रहे हैं, हजारों-लाखों व्यूज और प्रतिक्रियाएं पा रहे हैं, इमोजी पा रहे हैं, फिर भी तोष नहीं।

सुधीश पचौरी P 12

## शायरा डॉ. नसीम निकहत नहीं रहीं

**लखनऊ।** लखनऊ में रहते हुए दुनिया के तमाम मुल्कों में शायरी का परचम बुलंद करने वाली शायरा डा. नसीम निकहत का शनिवार को इंतकाल हो गया। 65 वर्षीय डा. नसीम की शनिवार को तबीयत बिगड़ी और नक्खास स्थित आवास पर अन्तिम सांस ली। उन्हें कर्बला मलकाएजहां में सुपुर्दे खाक किया गया। › दिलेरी से पहचान P08

# पहलवानों के पक्ष में नेता कूदे, बृजभूषण अड़े

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े पहलवानों के समर्थन में कई नेता जंतर-मंतर पहुंचे। शनिवार को पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहुंचे। वहीं, बृजभूषण ने कहा कि अपराधी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पहलवानों से मिलकर भावुक हो गईं। प्रियंका ने कहा, आरोपी जब तक पद पर है वह दबाव डालने के साथ करियर बर्बाद करता रहेगा। पहले उनसे इस्तीफा लिया जाए।

प्रियंका गांधी पहलवान से गले मिलीं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, जिन्हें कंधों पर बैठाना चाहिए था, उन्हें जंतर-मंतर पर धरने पर बैठना पड़ रहा है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे यहां छुट्टी लेकर समर्थन करने पहुंचें।

वहीं गोण्डा में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मुझे सुप्रीम कोर्ट पर पूरा विश्वास है। इस्तीफा देने का मतलब आरोप को स्वीकार करना है। मेरा कार्यकाल समाप्त हो रहा है, अपराधी बनकर पद नहीं छोड़ना चाहता। चुनाव और नई बॉडी बनने पर मेरा पद स्वतः समाप्त हो जाएगा।

सांसद ने कहा कि मुझे पुलिस और जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है। जांच एजेंसियां जहां बुलाएंगी मैं जाने के लिए तैयार हूं। जांच में कुश्ती फेडरेशन का कोई रोल नहीं है। बोले, पहलवानों की मांग रोज बदल रही है।

### अंदर पढ़ें





## अगले चार-पांच दिन गर्मी से राहत, बारिश के आसार

**मौसम का मिजाज**

- पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम हुआ सुहाना
- कुछ हिस्सों में हो सकती है बारिश, आंधी भी चलेगी

**लखनऊ।** ईरान-इराक में शुरू होकर अफगानिस्तान से होते हुए पाकिस्तान तक पहुंच चुके पश्चिमी विक्षोभ को चक्रवतीय हवा के दवाब का साथ मिला तो उसने यूपी समेत देश के पश्चिमी हिस्सों के मौसम को बदल दिया है। यूपी में अप्रैल में ही 40 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका पारा 35-36 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है।

मौसम विभाग बता रहा है कि अगले चार-पांच दिनों तक पूरे राज्य में ऐसा ही सुहाना मौसम रहेगा। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। तीस से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी चल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण राज्य भर का तापमान चार से आठ डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। पूरे राज्य में शनिवार को बादलों की आवाजाही लगी रही।

## लखनऊ के होटल थे शेरपुरिया के ठिकाने

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री और कई बड़े मंत्रियों तक अपनी पहुंच बताकर करोड़ों रुपये हड़पने वाला जालसाज संजय शेरपुरिया लखनऊ के भी पांच सितारा होटल में रुका था। यहां उससे मिलने कई बड़े अफसर, कारोबारी भी पहुंचे थे। › ब्योरा P08

## सूडान से और 365 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** भारत ने हिंसाग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों निकालने के अपने अभियान के तहत शनिवार को 365 और लोग सुरक्षित निकाला।

› वायुसेना 121 जानें बचाईं P17

**अवसर** | सर्टिफिकेट वाले ड्रोन पायलटों की मांग तेजी से बढ़ी, दो-तीन साल में एक लाख से ज्यादा भर्तियां होंगी

# ड्रोन पायलट के रूप में उभर रहा नया कॅरियर

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** देश में पिछले कुछ समय से ड्रोन का इस्तेमाल बढ़ा है। इसे देखते हुए इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट वाले पायलटों की भर्ती तेज हो गई है। दो से तीन साल में एक लाख से ज्यादा ड्रोन पायलट की भर्ती होने की गुंजाइश बताई जा रही है।

ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष स्मित शाह ने बताया, मौजूदा समय में देश में कृषि समेत तमाम क्षेत्रों में ड्रोन के प्रयोग हो रहे हैं। उनके मुताबिक इन प्रयोगों से खास तौर पर कृषि की उपज बढ़ाने के साथ-साथ दवाओं के छिड़काव को ज्यादा प्रभावी बनाया जा रहा है। इससे दवा का छिड़काव करने वालों को तमाम तरह के संक्रमण से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि देश में भूमि की मैपिंग के लिए चल रही स्वामित्व योजना के लिए बड़े पैमाने पर ड्रोन पायलट की भर्ती का काम किया जा रहा है। साथ ही अगर कोई भी व्यक्ति 5-7 दिन की ये ट्रेनिंग करता है तो उसे 30 हजार रुपये महीने से ज्यादा की नौकरी आसानी से मिल सकती है। ड्रोन उड़ाने की ट्रेनिंग लेने के लिए कम से कम 10वीं पास होनी जरूरी है।

**ड्रोन की भारत में स्थिति**

**16** तरह के ड्रोन ट्रेनिंग सर्टिफिकेट दिए जाते हैं देश में

**52** ड्रोन स्कूल संचालित हो रहे हैं देश में फिलहाल

### ड्रोन ट्रेनिंग और उसका इस्तेमाल

- ऑटोमोटिव क्षेत्र की ही तरह ड्रोन के लिए डीजीसीए या केंद्र सरकार अधिकृत ट्रेनिंग सेंटर से मिलता है कमर्शियल ड्रोन ट्रेनिंग सर्टिफिकेट।
- कम से कम 5 दिन की ट्रेनिंग के बाद मिलता है ड्रोन पायलट सर्टिफिकेट।
- ट्रेनिंग के दौरान ड्रोन को उड़ाना और उससे तमाम तरह के इस्तेमाल के गुर सिखाए जाते हैं।
- सर्टिफिकेट के बाद व्यक्ति गांव में खेती, ट्रांसपोर्टेशन समेत कई सरकारी योजनाओं में इस्तेमाल हो रहे ड्रोन ऑपरेट कर सकेगा।

### एक दिन में पांच रैलियां कर बताई निकाय चुनाव की अहमियत

# यूपी में बिना भेदभाव सबको सुरक्षा की गारंटी : योगी

**जनसभा**

**गोरखपुर/महराजगंज/देवरिया/कुशीनगर/वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर शनिवार को कहा कि यूपी में बिना भेदभाव हर व्यक्ति की सुरक्षा की गारंटी है। आज व्यापारी सीना तानकर चलता है और अपराधी सिर झुकाकर।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर व वाराणसी की जनसभा में यह बातें कहीं। उन्होंने भाजपा सरकार के किए कार्यों के आधार पर वोट मांगा तो विपक्षियों पर प्रहार भी किया। अपील की कि 4 मई को हर हाल में वोट अवश्य दें। सीएम ने सही लोगों को जिताकर भाजपा का बोर्ड बनाकर विकास की गति देने की बात कही।

गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश और गोरखपुर नई आभा के साथ तेजी से विकास पथ पर अग्रसर है।

सीएम योगी ने शनिवार को गोरखपुर में व्यापारी सम्मेलन को संबोधित किया।

### भ्रष्टाचार का इंजन फेल

देवरिया जनसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा-बसपा का फेल इंजन भ्रष्टाचार, राजनीति के अपराधीकरण, विकास की योजनाओं में बंदरबांट, गरीब कल्याणकारी योजनाओं में डकैती का प्रदूषण फैलाता था, लेकिन आज विकास और योजनाओं का लाभ हर गरीब तक पहुंचता।

### काशी में जीत पर संदेह नहीं

वाराणसी में मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि काशी में विजय पर संदेह नहीं है। डबल इंजन के साथ फुल मेजॉर्टी के ट्रिपल इंजन की ताकत से अब काशी को स्मार्ट सिटी से भी आगे बढ़कर वर्ल्ड क्लास सिटी बनाना है। कोई माफिया किसी नंद किशोर रूंगटा का अपहरण करने का दुस्साहस नहीं कर सकता।

# भाजपा के लिए चार नगर निगम चुनौती

**आकलन**

- सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद और अयोध्या पर ज्यादा जोर लगाएगी पार्टी
- अलीगढ़ और मेरठ को इस बार अपने लिए मुफीद मान रही है भाजपा
- पहले 16 में से 14 निगमों में मिली थी जीत, इस बार सभी 17 नगर निगमों में महापौर बनाने का लक्ष्य

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूं तो प्रदेश में शहरी निकाय के 760 पदों पर चुनाव हो रहे हैं, मगर सबकी निगाहें 17 नगर निगमों के मेयर पद पर है। नगर निगमों में भाजपा की चुनौतियां इस बार पहले से अलग हैं। पिछले चुनाव में जिन मेरठ और अलीगढ़ में भगवा दल को हार मिली थी, पार्टी इस बार वहां खुद को मजबूत मान रही है। इस बार सहारनपुर के अलावा बरेली, मुरादाबाद और अयोध्या में फिलहाल चुनौती देखने को मिल रही है। इसलिए पार्टी अब इन सीटों पर ज्यादा जोर लगाएगी।

प्रदेश में 17 नगर निगम, 199 नगर पालिका और 544 नगर पंचायतों में दो चरणों में चुनाव हो रहे हैं। पिछले निकाय चुनाव में भाजपा ने 16 में से 14 नगर निगमों में जीत हासिल की थी। इस बार शाहजहांपुर नगर निगम और बढ़ गया है।

भाजपा ने सभी 17 नगर निगम जीतने का लक्ष्य रखा है। पार्टी ने सभी नगर निगमों की चुनावी स्थिति का आंकलन भी कराया है। भाजपाई सूत्रों के मुताबिक इस बार अलीगढ़ और मेरठ उन्हें खुद के लिए मुफीद लग रहे हैं। पार्टी ने दोनों सीटों पर प्रत्याशी और रणनीति दोनों बदले हैं।

**तीन निगमों में सामाजिक समीकरण साधने की चुनौती:** वहीं पार्टी को जिन नगर निगमों में फिलहाल चुनौती मिल रही है, उनमें पहला नाम सहारनपुर का है। यही कारण है कि सीएम योगी ने अपने प्रचार अभियान की शुरुआत भी सहारनपुर से ही की। इसके अलावा बरेली, मुरादाबाद और अयोध्या नगर निगम भी इस फेहरिस्त में शामिल हैं।

सहारनपुर, बरेली और मुरादाबाद में पार्टी के सामने सामाजिक समीकरणों को मुफीद बनाने की चुनौती है। सहारनपुर और मुरादाबाद में मुस्लिम आबादी भी अच्छी-खासी है।

### अयोध्या में नये चेहरे के कारण दिक्कत

जबकि अयोध्या में फिलहाल मेयर पद पर नये चेहरे के कारण अभी चुनाव को गति देने में दिक्कत आ रही है। अवध क्षेत्र की बैठक में ही अयोध्या के एक पदाधिकारी ने इस मुद्दे को उठाते हुए यहां तक कह दिया था कि न प्रत्याशी कार्यकर्ताओं को जानते हैं और न कार्यकर्ता उनको पहचानते हैं। हालांकि अयोध्या का चुनाव दूसरे चरण में हैं और पार्टी ने अब वहां पूरा फोकस करने का फैसला किया है।

### अंतिम दिनों में पार्टी झोंकेगी ताकत

पहले चरण में चार मई को 10 और दूसरे चरण में 11 मई को 7 नगर निगमों सहित अन्य निकायों के लिए मतदान होना है। पार्टी ने अंतिम समय पर पूरी ताकत झोंकने की रणनीति तय की है। एक ओर जहां सीएम योगी और दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ताबड़तोड़ रैलियों और सम्मेलनों में जुटे हैं। वहीं प्रदेश के साथ ही यूपी के केंद्रीय मंत्रियों को भी प्रचार में उतार दिया गया है। की वोटर और नव मतदाताओं के अलावा व्यापारियों व प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन किए जा रहे हैं। नुक्कड़ सभाएं और मोहल्ला बैठकों के साथ ही घर-घर संपर्क में पार्टी पूरा जोर लगाएगी।

# सीएम ग्रिड योजना से संवरेंगी सड़कें

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** राज्य सरकार प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए और अच्छी सड़क की सुविधाएं देने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री ग्रिड नाम से नई योजना शुरू की जा रही है। नगर विकास विभाग को इसके लिए पहले चरण में 500 करोड़ रुपये मिल गया है। पहले चरण में बड़े निकायों की सड़कों को इसमें लिया जाएगा। निकाय चुनाव खत्म होने के बाद इसकी नीति जारी होगी।

राज्य सरकार शहरी आबादी 22 फीसदी से अधिक करना चाहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहरी सीमा नए सिरे से तय की जा रही है। इसके चलते निकायों पर विकास कार्य के लिए अधिक दबाव बन रहा है। पिछले पांच सालों में प्रदेश में 239 नई निकायों का गठन और विस्तार किया गया है।

## पीडब्ल्यूडी की ग्रामीण सड़कें अब 5.5 मीटर चौड़ी व समतल होंगी

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे ले जाने के लिहाज से अब यहां के सड़कों को अपग्रेड किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग चरणबद्ध तरीके से ग्रामीण सड़कों को न्यूनतम 5.5 मीटर चौड़ा करने काम करेगा। ये सड़कें शहरी सड़कों की तरह समतल हों इसके लिए निर्माण में हाटमिक्स प्लांट का उपयोग अनिवार्य करने का प्रस्ताव है।

केंद्र की योजना पीएमजीएसवाई-तीन के तहत पहले से बनी सड़कों को 5.5 मीटर पक्का चौड़ा करने का काम चल रहा है। पीडब्ल्यूडी की ग्रामीण सड़कें भी अब इसी मानक के आधार पर अपग्रेड की जाएंगी। जिला मुख्यालयों को फोर-लेन से जोड़ने के लिए कार्ययोजना बन रही है7

> यूपी की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए गांवों से लेकर शहरों तक विश्वस्तरीय सड़कें बनाने की कार्ययोजना तैयार कराई जा रही है।
>
> –**जितिन प्रसाद**, पीडब्ल्यूडी मंत्री

## बसपा मंडल प्रभारियों से जवाब तलब करेगी

**लखनऊ।** बसपा निकाय चुनाव में सभी वार्डों के लिए उम्मीदवार न मिलने की अब वजह तलाशने जा रही है। मुख्यालय स्तर से जल्द ही मंडल प्रभारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जरूरतभर उम्मीदवार न उतार पाने वालों को हटाकर उनके स्थान पर नए को मंडल प्रभारी बनाया जाएगा।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस बार निकाय चुनाव सभी सीटों और वार्डों पर लड़ने का फैसला किया। मंडल प्रभारियों को उम्मीदवारों के चयन की जिम्मेदारी महीनों पहले देते हुए उम्मीदवारों का पैनल मांगा गया। पार्षदी और सदस्यी के लिए जरूरतभर उम्मीदवार नहीं मिले हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि निकाय चुनाव के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती इसको लेकर एक बैठक करेंगी। इसमें उम्मीदवार न मिलने की वजह पूछी जाएगी।

# मेडिकल पार्क के लिए 59 कंपनियों को जमीन मिली

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** गौतमबुद्ध नगर में 350 एकड़ में बन रहे मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए 59 उद्यमियों को भूखंडों का आवंटन भी कर दिया गया है। यहां ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर से लेकर एक्स-रे मशीन, एनस्थीसिया, कार्डियक कैथेटर, ऑर्थोपेडिक इम्प्लैंट जैसे उपकरणों के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का निर्माण कार्य होगा। इससे यहां 5000 नये रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। वहीं अप्रत्यक्ष रूप से पूरे प्रदेश में 25 हजार के लगभग रोजगार सृजन की उम्मीद है।

**इन का होगा निर्माण:** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुताबिक कंपनियां 415 करोड़ से अधिक का निवेश करके यहां अपनी अपनी फैक्ट्रियां स्थापित करेंगी। कंपनियां यहां ऑर्थोपेडिक इम्प्लांट्स, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, स्पाइनल इम्पलांट, गैस्ट्रोलॉजी मेडिकल डिवाइस, बाइलरी स्टेंट, आईसीयू वेंटिलेटर, ईसीजी मशीन, ट्रॉमा मैनेजमेंट इम्प्लांट आदि का निर्माण करेंगी।

> इस मेडिकल डिवाइसेज पार्क में यीडा द्वारा दो फ़्लैटेड फैक्ट्री का निर्माण भी करवाया जाएगा, जिससे कम बजट वाले निवेशकों को भी किराये पर फैक्ट्री लगाने व अपना बिज़नेस शुरू करने में मदद मिलेगी।
>
> –**डॉ अरुणवीर सिंह**, सीईओ, यीडा

## सियासत 30s

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने शनिवार को अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में निर्माण कार्य देखा। वहां श्रमदान किया। ईंट को निर्माण कार्य स्थल तक पहुंचाया।

### डा. रेनू श्रीवास्तव बनीं स्वास्थ्य महानिदेशक

**लखनऊ।** डा. रेनू श्रीवास्तव वर्मा अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की नई महानिदेशक होंगी। वे डा. लिली सिंह का स्थान लेंगी, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रही हैं। डा. रेनू अभी महानिदेशक परिवार कल्याण के पद पर तैनात हैं। फिलहाल यह पदभार भी उनके पास बना रहेगा। वे इस साल 31 जुलाई तक इस पद पर रहेंगी।

### बिजली दरों पर पर मई के अंत तक फैसला संभव

**लखनऊ।** बिजली कंपनियों की बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने उपभोक्ताओं की सुनवाई पूरी कर ली है। अब आयोग इसे राज्य सलाहकार समिति की बैठक में रखेगा। सलाहकार समिति की बैठक के बाद आयोग बिजली आयोग बिजली दरों पर अपना फैसला सुनाएगा। माना जा रहा है कि मई के अंत तक आयोग का फैसला आ जाएगा।

### समलैंगिक विवाह ईश्वरीय विधान से द्रोह: इन्द्रेश

**लखनऊ।** समलैंगिक विवाह ईश्वरीय विधान से द्रोह है। यह अप्राकृतिक, असंवैधानिक और गैरकानूनी है। अगर कोई साथ-साथ रहना चाहता है तो इसके लिए कानून की आवश्यकता नहीं है। यह बातें संघ के प्रचारक और सामाजिक विचारक डा. इन्द्रेश कुमार ने कहीं। वह शनिवार को राजधानी के क्रिश्चियन इण्टर कालेज में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इन्द्रेश कुमार ने कहा कि समलैंगिक विवाह समाज की एकता अखण्डता के लिए खतरा है।

### पेपरलेस विधानसभा पर स्टडी करेगा नीति आयोग

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में डिजिटल अभियान के तहत पेपरलेस कार्यवाही अब नीति आयोग की निगाह में आ गई है। नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन के जरिए यूपी विधानसभा में की जा रही कई नई कवायद में नीति आयोग ने रूचि दिखाई है और अब इसका अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करेगा। नीति आयोग की टीम जल्द लखनऊ आकर यूपी विधानसभा में पेपरलेस कार्यवाही को देखेगी।

### मेयर की सात सीटों के लिए 83 उम्मीदवार

**लखनऊ।** दूसरे चरण में होने वाले निकाय चुनाव के लिए उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो गई है। मेयर की सात सीटों के लिए कुल 83 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें 40 महिला और 43 पुरुष हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने शनिवार को दूसरे चरण के उम्मीदवारों के बारे में जानकारी दी है। इस चरण के लिए मतदान 11 मई को होना है।

### जिले के पांच स्कूल जल जीवन मिशन में भागीदार

**लखनऊ।** अब प्रदेश के शैक्षिक संस्थान लोगों को जल से जुड़ा पाठ भी पढ़ाएंगे। जल जीवन मिशन के तहत हर जिले में पांच स्कूलों को एजुकेशन पार्टनर के रूप में चयनित किया जाएगा। ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने स्कूल के छात्रों, शिक्षकों और लोगों को जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों की छोटी से छोटी जानकारी मिल सके इसके लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट फाइव एजुकेशन पार्टनर' का खाका तैयार किया है। 'वन डिस्ट्रिक्ट फाइव एजुकेशन पार्टनर' कार्यक्रम में यूपी के 75 जिलों से पांच स्कूलों को चयनित कर जल जीवन मिशन से जुड़ी जानकारी साझा की जाएगी।

सरोजनीनगर में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने एक्सईएन को फटकारा, अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश

# 24 घंटे पहले बनी सड़क उखड़ने पर हंगामा

**सरोजनीनगर, संवाददाता।** सरोजनीनगर के नटकुर गांव में करीब डेढ़ किमी सड़क निर्माण में पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार ने बड़ा खेल कर दिखाया। आलम यह कि शुक्रवार को बनाई गई सड़क 24 घंटे के भीतर उखड़ गई। नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को सुबह जमकर हंगामा किया।

मामला गंभीर होने पर केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद कौशल किशोर मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को जमकर फटकार लगाई और कार्यदायी संस्था को ब्लैकलिस्ट करने और शेष धनराशि रोकने के निर्देश दिए। जेई के खिलाफ विभागीय कार्रवाई को भी कहा।

मुख्यमंत्री का आदेश है कि सड़कें गुणवत्तायुक्त बनें, लेकिन पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर और ठेकेदार इसका पालन नहीं कर रहे हैं।

सरोजनीनगर के स्कूटर इंडिया चौराहा-बिजनौर रोड से नटकुर गांव जाने वाली करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क 24 घंटे में उखड़ गई। लगभग 10 लाख की लागत से निर्मित सड़क का काम इतना घटिया है कि सड़क हाथों से ही उखड़ गई। नाराज ग्रामीणों के मुताबिक 07 वर्षों बाद सड़क निर्माण शुरू हुआ, लेकिन ठेकेदार ने घटिया निर्माण सामग्री व बिना सफाई के गिट्टी डाल दी, जिससे सड़क हाथ से उखड़ने लगी। नतीजतन सड़क पर चारों तरफ गिट्टियां फैल गईं। इससे दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

**ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री से शिकायत की:** गुस्साएं ग्रामीणों ने मोहनलालगंज सांसद और कौशल किशोर से शिकायत की। केंद्रीय मंत्री ने पीडब्ल्यूडी (निर्माणखंड-2) के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार को फटकार लगाई। उन्होंने तत्काल ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इससे पीडब्ल्यूडी में हड़कंप मच गया। आनन-फानन जूनियर इंजीनियर अरविंद मांझी कर्मचारियों संग मौके पर पहुंचे और सड़क पर उखड़ी गिट्टियां इकट्ठा कराने लगे। विभाग के मुताबिक दोबारा सड़क निर्माण किया जाएगा।

सरोजनीनगर के नटकुर गांव में शुक्रवार बनी सड़क अगले ही दिन उखड़ने लगी।

**1.5** किमी सड़क पीडब्ल्यूडी ने नटकुर गांव में बनाई थी

**10** लाख की लागत से सात वर्षों बाद सड़क का निर्माण हुआ था

## संस्था को ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की जा रही

“ सरोजनीनगर के नटुकर गांव में शुक्रवार को डेढ़ किलोमीटर सड़क बनाई गई थी। कार्य की गुणवत्ता ठीक न होने पर उखड़ने लगी है। कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई की जा रही है। जूनियर इंजीनियर के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए पत्र लिखा गया है।

– **अनूप कुमार मिश्रा,** अधिशासी अभियंता (निर्माणखंड–2), पीडब्ल्यूडी

## इंदिरा ब्रिज 15 मई के बाद खुलेगा

**लखनऊ।** निशातगंज से आईटी को जोड़ने वाले इंदिरा ब्रिज की मरम्मत का काम अब 15 मई तक पूरा होगा। रेलवे के ब्रिज वर्कशॉप के इंजीनियरों के मुताबिक आठ पिलर में वेल्डिंग का काम चल रहा है। जगह की कमी की वजह से काम में देरी के साथ मुश्किलें भी हो रहीं हैं। जिसके कारण ब्रिज की मरम्मत में अभी 15 दिन का और समय लगेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के ब्रिज वर्कशॉप के इंजीनियरों ने 30 अप्रैल तक काम पूरा करने की बात कही थी। पर, ब्रिज मरम्मत का काम तय समय में पूरा नहीं हो पाएगा। लिहाजा इंदिरा ब्रिज पर 15 मई के बाद ट्रैफिक खुलेगा।

## बिजनौर में आज बिजली गुल रहेगी

**लखनऊ।** बिजनौर में रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। एक्सईएन दुर्गेश यादव ने बताया कि गहरू उपकेंद्र में मरम्मत कार्य किया जाएगा। इससे चंद्रावल, नूरनगर, अनूपखेड़ा, माती, नटकुर सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे।

## राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक 15 मई को

**लखनऊ।** राज्य परिवहन प्राधिकरण की बैठक 15 मई को परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर बुलाई गई है। बैठक में वाहनों के स्वीकृत परमिट प्राप्त करने के समय बढ़ाये जाने के आवेदन पत्रों, परमिटों के नवीनीकरण और हस्तांतरण आवेदन पत्रों व अन्य प्रकरणों पर विचार होगा।

## रोडवेज बसों के लिए पूछताछ नंबर जारी

**लखनऊ।** लखनऊ में चारबाग बस अड्डा, कैसरबाग बस स्टेशन और आलमबाग बस टर्मिनल से चलने वाली बसों के लिए पूछताछ नंबर जारी कर दिए गए हैं। यात्री आलमबाग बस टर्मिनल–8726005891, चारबाग बस अड्डा–8726005892, कैसरबाग बस स्टेशन–8726005893 पर संपर्क करें।

# चटोरी गली बनेगा शहर का पहला मॉडल वेंडिंग जोन

**बदलता लखनऊ**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाए रखने के लिए माह भर पहले शुरू हुआ अभियान अब सतह पर दिखने लगा। शहर के हर जोन में एक मॉडल वेंडिंग जोन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में पहला मॉडल वेंडिंग जोन का तमगा 1090 स्थित चटोरी वाली गली को मिलने जा रहा है। यहां वेंडिंग जोन बनाने का 50 फीसदी कार्य पूरा हो गया है।

**सगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताए जा रहे:** नगर आयुक्त डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि चटोरी वाली गली को मॉडल बनाने के लिए आईईसी टीम को जिम्मेदारी दी गई है। हर जोन में एक आदर्श वेंडिंग जोन बनेगा। नगर आयुक्त ने बताया कि आईईसी टीम एक सप्ताह से रोजाना चटोरी गली जा रही है। वहां ठेले वालों को दो कूड़ेदान रखने के लिए कहा जा रहा है। दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताए जा रहे हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि शहर के नाले चोक होने का बड़ा कारण प्लास्टिक है। ऐसे में स्ट्रीट वेंडरों को सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार को प्रेरित किया जा रहा है। वेंडिंग जोन से निकलने वाले सूखे कूड़े को रोजाना इकट्ठा कर मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी के माध्यम से प्रोसेस किया जा रहा है। गीले कूड़े से खाद का निर्माण हो रहा है।

**ऐसी होगी व्यवस्था**

- हर फुटपाथ दुकान, ठेले के पास दो कूड़ेदान होंगे।
- गीला और सूखा कूड़ा इन कूड़ेदान में अलग रहेगा।
- सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कोई नहीं करेगा।
- दुकान और आसपास सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे।

## दिल्ली, बनारस की ट्रेनें आज से निरस्त

**लखनऊ।** बनारस स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने और मुरादाबाद मंडल पर ट्रेनों का दबाव कम करने के मकसद से कई ट्रेनों को 30 अप्रैल से विभिन्न तारीखों में संचालन रद्द कर दिया है। 30 अप्रैल से नौ मई तक निरस्त ट्रेनों में ट्रेन नंबर 12583/12584 लखनऊ जं.-आनन्द विहार , 15119/15120 बनारस-देहरादून, 15011/15012 लखनऊ जंक्शन-चंडीगढ़ के अलावा आठ मई से चार अगस्त तक ट्रेन नंबर 11109/11110 झांसी-लखनऊ जं., 22453/22454 लखनऊ जं.-मेरठ सिटी और 15107/15108 बनारस-लखनऊ को निरस्त किया गया।

### बदले रूट से चलेगी ट्रेन

पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 30 से आठ मई तक15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्स. शाहजहांपुर-बरेली-पीलीभीत की जगह शाहजहांपुर पीलीभीत के रास्ते चलेगी।

# वार्डों में शिकायत पोर्टल, महिला विंडो बने

नगर निगम कार्यालय में महिलाओं के लिए अलग विंडो बने। जहां महिलाएं हाउस टैक्स, पानी का बिल सहित अन्य कोई समस्या होने पर शिकायत कर सकें। साथ ही प्रत्येक वार्ड के लिए शिकायत पोर्टल होना चाहिए। हिन्दुस्तान टीम ने कैसरबाग स्थित सिविल कोर्ट में 'आओ राजनीति करें, बने न्यारा नगर हमारा' विषय पर अधिवक्ताओं के साथ संवाद किया।

लखनऊ। कैसरबाग सिविल कोर्ट के पास सुबह से शाम तक भीषण ट्रैफिक जाम रहता है, यदि किसी को बलरामपुर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज ले जाना हो तो बड़ी मुश्किल होती है। अगर रोडवेज कार्यशाला में भूमिगत पार्किंग बन जाये तो जाम से निजात मिलेगी। हिन्दुस्तान संवाद में अधिवक्ताओं ने बेबाकी से अपनी राय रखी।

अधिवक्ताओं ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं को दूर करने के लिए वार्ड वार नगर निगम में शिकायत पोर्टल बनाया जाए। महिलाओं के लिए नगर निगम दफ्तरों में महिला विंडो हो ताकि टैक्स आदि के लिए उन्हें आसानी रहे।

कैसरबाग सिविल कोर्ट में शनिवार को 'आओ राजनीति करें, बने न्यारा नगर हमारा' विषय पर संवाद के दौरान मौजूद अधिवक्ता।

## प्रमुख समस्याएं

1. कोर्ट परिसर के आसपास अतिक्रमण व जाम की समस्या
2. पिंक टॉयलेट में नियमित सफाई नहीं होती
3. आवारा पशुओं का आतंक
4. खराब स्ट्रीट लाइट

## भावी मेयर, पार्षद से उम्मीदें

1. कैसरबाग में भूमिगत पार्किंग बने
2. पिंक टॉयलेट व पिंक बूथ बनाएं
3. आवारा पशुओं को हटाने के लिए अभियान चलाया जाए
4. खराब स्ट्रीट लाइट दुरुस्त हों

शहर में मूलभूत सुविधाएं सड़क, बिजली पानी आदि दुरुस्त हों। सबसे बड़ी समस्या है कि शहर के तमाम क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट नहीं जलती है। — **राकेश मिश्रा**

नगर निगम के जितने भी दफ्तर हो, वहां पर महिलाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम होना चाहिए। गृहकर, पानी की सुनवाई वहां हो सके। — **रंजना श्रीवास्तव**

लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए वार्ड वार नगर निगम एक शिकायत पोर्टल बनाए। पोर्टल की शिकायतों पर उचित कार्रवाई की जाए। — **प्रवीन सिंह**

जिस तरह से चुनाव के दौरान महापौर प्रत्याशी हर वार्ड में प्रचार के लिए जाते हैं। ठीक उसी तरह जीतने के बाद वार्ड में जाकर लोगों की समस्याएं जानें। — **अमन राज**

अमृत योजना या स्मार्ट सिटी के नाम से हो रही खुदाई पर अंकुश लगे। गली, सड़क या कॉलोनी में बंदरों को पकड़ने का उचित प्रबंध हो। — **आदर्श तिवारी**

शहर में जाम की समस्या विकराल है। यदि कोई व्यक्ति बीमार हो जाए या कोई गर्भवती हो तो उसे निकलने में बहुत समस्या होती है। — **आमोद श्रीवास्तव**

गली से सड़क तक आवारा पशु घूमा करते हैं। आए दिन हादसे होते हैं। मर जाने पर शव उठाने की उचित व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। — **चंद्र देव तिवारी**

पार्षद या महापौर के अपने निजी कार्यालय पर बैठने का सुबह व शाम का समय निर्धारित होना चाहिए। लोगों की नियमित समस्याएं भी सुनें। — **विवेक श्रीवास्तव**

जमीनी हकीकत पर काम करना चाहिए। शिकायतें पर सिर्फ कागजों व पोर्टल पर उसका निस्तारण नहीं होना चाहिए। — **आरके यादव**

गलियों में नालियों में मलबा भरा रहता है। टूटी नाली का पानी सड़क पर बहता है। सफाई व्यवस्था पर प्रतिनिधि को ध्यान देना होगा। — **जय प्रकाश रस्तोगी**

शहर का ड्रेनेज सिस्टम बहुत ही खराब है। हल्की बारिश होने पर जगह-जगह जलभराव हो जाता है। बारिश से पहले निरंतर सफाई होनी चाहिए। — **अंकित तिवारी**

सड़क के काम पर बहुत ध्यान देना चाहिए। रोड कटिंग के कारण बहुत हादसे होते हैं। लोग जख्मी हो जाते हैं। उचित कार्रवाई करनी होगी। — **विनय यादव**

गली, सड़क किनारे उचित तरीके से नालियों या ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण करना चाहिए। जल भराव से सड़क में गड्ढे होकर हादसे होते हैं। — **संगीता उपाध्याय**

शहर में कुत्ते, बंदर समेत आवारा पशुओं की संख्या बढ़ रही हैं। इन्हें पकड़ने की जिम्मेदारी के साथ नियमित रूप से कार्रवाई होती रहनी चाहिए। — **इकबाल अहमद**

शहर में सड़क निर्माण के बाद उसे जल्द ही खोदने की व्यवस्था बंद हो। सभी विभागों के बीच उचित सामंजस्य हो। निर्माण के दौरान ही अन्य काम हों। — **मुकेश मिश्रा**

जन प्रतिनिधि को जीतने के बाद सामूहिक रूप से जनता के बीच दो से तीन माह में पहुंचकर सीधे संवाद करना चाहिए और समस्या जाननी चाहिए। — **एसएन पांडेय**

## ट्रेनिंग में नहीं आए तो वेतन रुकेगा

लखनऊ। केकेसी यानी जय नारायण पीजी कॉलेज में कर्मचारियों का प्रशिक्षण अब समापन की ओर है। रविवार को अंतिम प्रशिक्षण होना है। ऐसे में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम सूर्य पाल गंगवार ने गैर हाजिर कर्मचारियों को चेतावनी दी है। यदि अब भी नहीं आए तो एफआईआर दर्ज कराने के साथ विभागीय कार्रवाई भी करेंगे। वेतन भी रोक दिया जाएगा।

नगर निकाय चुनावों में 17 हजार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। केकेसी में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय, मतदान अधिकारी तृतीय, मतदान अधिकारी चतुर्थ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शनिवार को डीएम यहां पहुंचे और कर्मचारियों से बात की। पहला प्रशिक्षण 11:30 और दूसरा 3:00 बजे शुरू हुआ। मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दूसरे चक्र का प्रशिक्षण चल रहा है।

## 470 कर्मियों ने बैलेट से वोट दिया

लखनऊ। केकेसी में प्रशिक्षण स्थल पर मतदान की व्यवस्था है। जिनकी ड्यूटी चुनाव में लगी है उनका वोट पहले ही पोस्टल बैलेट से पड़ जाएगा। इसके लिए डीडीओ की निगरानी में 18 काउंटर बनाए गए हैं। शनिवार को कुल 470 कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट से वोट दिए। पहले दिन 227, दूसरे दिन 340, तीसरे दिन 407 कर्मचारियों ने वोट दिया।

वहीं रमाबाई रैली स्थल में ईवीएम की सेटिंग का कार्य चल रहा है। छह हजार के करीब ईवीएम इस चुनाव में लगाई जा रही हैं। यही ईवीएम मेयर और पार्षद की किस्मत तय करेंगी। ऐसे में रमाबाई रैली स्थल पर ईवीएम को तकनीकी तौर पर परखने का कार्य चल रहा है। चेकलिस्ट के जरिए आरओ और एआरओ को समझाया जा रहा है कि मतदान का क्या प्रक्रिया है।

## जानो अपना वार्ड

### आचार्य नरेन्द्र देव

वार्ड 99 जोन 6
25,867 मतदाता
08 मतदान केन्द्र | 22 मतदेय स्थल
नि. पार्षद: राज कुमार सिंह

**मोहल्लों के नाम:** मलिहाबाद रोड (आंशिक), घासमंडी सराय माली खां (आंशिक), फाटक जियालाल, दिलाराम बारादरी, निवाजगंज, तहसीनगंज (आंशिक) (दक्षिणी), चौपटिया रोड, चौपटिया, कटरा मोहम्मद अली खां, हाता सूरज सिंह, तम्बाकू मंडी, अब्दुल अजीज रोड, नैपियर रोड पार्ट-1, रानी कटरा।

### राजीव गांधी-द्वितीय

वार्ड 100 जोन 4
23,211 मतदाता
04 मतदान केन्द्र | 20 मतदेय स्थल
नि. पार्षद: अरुण कुमार तिवारी

**मोहल्लों के नाम:** विनयखंड-2,4,5 व विनयखंड-3, विरामखंड मोहल्ले राजीव गांधी-द्वितीय वार्ड के तहत आते हैं। इलाके में 23 हजार से अधिक मतदाता हैं जो इस बार निकाय चुनाव में मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। चार मतदान केन्द्र वार्ड में बनाए गए हैं जिसमें 20 मतदेय स्थल हैं।

### अंबरगंज

वार्ड 101 जोन 6
22,394 मतदाता
05 मतदान केन्द्र | 18 मतदेय स्थल
नि. पार्षद: नूर अफशा

**मोहल्लों के नाम:** बरगंज, वजीरबाग, पसंद बाग, मौज्जम नगर (आंशिक), (अंबरगंज मैरिज हाल से शीशमील कैम्पवेल रोड तक बायीं पट्टी), नेवाती टोला प्रथम, झरियन तालाब, महबूबगंज। इलाके में 22 हजार से अधिक मतदाता हैं जो इस बार निकाय चुनाव में मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

### मो. कल्बे आबिद

वार्ड 102 जोन 6
27,161 मतदाता
09 मतदान केन्द्र | 24 मतदेय स्थल
नि. पार्षद: तनवीर हुसैन

**मोहल्लों के नाम:** रुस्तम नगर, मैदान एलएच खां, हसनपुरिया, कटरा बिजनबेग, कश्मीरी मोहल्ला रोड, अंगूरी बाग (कश्मीरी मोहल्ला उत्तरी), टिकरी जुलाहन, झवाई टोला, अहीरी टोला, तकिया हाजी नुसरत, तकिया पीर गायब, तोप दरवाजा, बधुआ खाना, गुल्लू की तकिया, कच्चा पुल आदि।

### शीतलादेवी

वार्ड 103 जोन 1
23,909 मतदाता
06 मतदान केन्द्र | 20 मतदेय स्थल
नि. पार्षद: सायमा

**मोहल्लों के नाम:** वजीरगंज, गौसगंज, लक्ष्मण प्रसाद रोड, नबीउल्ला रोड, हामिद रोड, बाग घोसी, जवाहर नगर, बुलंदबाग, ताजीखाना, बाग शेरगंज, मुर्गखाना, अस्तबल चारबाग, खेमेदोजान, मशकगंज पुल कुम्हारन, फर्राश खाना, खद्रीटोला नई बस्ती, काशी डेरा, हाता दुर्गा प्रसाद।

### यहियागंज-नेता जी सुभाष चंद्र बोस

वार्ड 104 जोन 2
16913 मतदाता
07 मतदान केन्द्र | 20 मतदेय स्थल
नि. पार्षद: रजनीश कुमार गुप्ता

**मोहल्लों के नाम:** नादान महल रोड (आंशिक), कुंडरी रकाबगंज (आंशिक), निगमबाग, इंद्राणीनगर (आंशिक), भीमनगर, भवानी सिंह शिवाला रोड, यहियागंज, मुर्तजा हुसैन रोड (आंशिक), लकड़मंडी आदि।

### कश्मीरी मोहल्ला

वार्ड 105 जोन 6
26,687 मतदाता
09 मतदान केन्द्र | 24 मतदेय स्थल
नि. पार्षद: लईक आगा

**मोहल्लों के नाम:** दरगाह हजरत अब्बास रोड, फाजिल नगर, खरियाई, पुराना चबूतरा, नूरबाड़ी, छावनी हुसैनुद्दीन खां, मंसूर नगर, कश्मीरी मोहल्ला दक्षिणी, हाता नूरबेग, कच्चा बाग, सिरके वाली गली, टिकरी खुर्द, खिड़की मीर आगा, कटरा खुदा यार खान, छोटे साहब आलम रोड आदि।

## चुनाव प्रचार

### गृहकर आधा और वाटर टैक्स माफ: संजय सिंह

लखनऊ। आप प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह ने शनिवार को डालीगंज, कदम रसूल, बिजली पासी में जन संपर्क कर मेयर प्रत्याशी अंजू भट्ट व पार्षद प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगे। संजय सिंह ने कहा कि हाउस टैक्स आधा व वाटर टैक्स माफ और हर वार्ड में मोहल्ला क्लीनिक के लिए आप पार्टी को वोट करें। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक का मॉडल लखनऊ के सभी वार्डों में स्थापित किया जाएगा। शहर की समस्याओं का निस्तारण होगा।

कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी संगीता जायसवाल ने शहर के कई इलाकों में जनसंपर्क किया। उन्होंने यहियागंज के ऐतिहासिक तेग बहादुर गुरुद्वारे में मत्था टेकर क्षेत्रवासियों के अमन-चैन की कामना की। साथ ही ताजीखाना, सुभाष नगर, रकाबगंज, अहियागंज समेत कई इलाकों में जनसंपर्क किया। पांडे गंज, मौलाना कल्बे आबिद वार्ड प्रत्याशी डॉ. शहजाद आलम, अयोध्यादास प्रथम के प्रत्याशी आरबी हल्दिया, हुसैनाबाद वार्ड प्रत्याशी अरसी रजा आदि मौजूद रहे।

नगर निगम में बसपा की महापौर प्रत्याशी शाहीन बानो ने शनिवार को कैम्पादित्य महात्मा गांधी वार्ड, जलालपुर, हुसैनगंज, चारबाग के पार्षद प्रत्याशी अमित कुमार चौधरी के साथ जनसम्पर्क किया। इस दौरान नई बस्ती, हुसैनगंज, उदयगंज, चारबाग एवं अन्य कई क्षेत्रों में गली-गली, घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि लखनऊ में अब विकास की बात होगी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया।

# डेढ़ लाख आवारा जानवर बने जान के दुश्मन

## मुद्दा

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ में करीब डेढ़ लाख आवारा जानवर, कुत्ते लोगों की जान के दुश्मन हैं। नगर निगम इनसे निपटने के प्रयास कर रहा है, लेकिन अभी तक कामयाब नहीं हो पाया है।

चुनाव में प्रत्याशी लोगों के बीच छुट्टा जानवरों से निजात दिलाने का भी वादा कर रहे हैं। पिछले वर्षों में भी नेताओं ने वादे किए लेकिन पूरे नहीं किए। हिंदुस्तान ने शहर में छुट्टा जानवरों की पड़ताल की तो पता चला कि अभी तो इनकी संख्या बहुत अधिक है। नगर निगम के कुत्ता नियंत्रण अभियान का असर है कि नसबंदी तेजी से चल रही है। पिछले

### छुट्टा जानवरों से लोग हो रहे हादसे का शिकार

छुट्टा जानवरों की वजह से लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सांड, बछड़े आए दिन लोगों को दौड़ाते हैं। वाहन स्वामी चपेट में आकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। लोग इनसे परेशान होते हैं। पार्कों, सड़कों के किनारे झुंड के झुंड जानवर दिखते हैं। ज्यादा जानवर आशियाना, आलमबाग, तेलीबाग क्षेत्र, भोला खेड़ा, तालकटोरा क्षेत्र और पुराने लखनऊ में हैं मगर निगम इन्हें काबू करने में नाकाम हो रहा है।

### गौशालाएं बेहतर स्थिति में

नगर निगम की तीन गौशालाएं हैं। कान्हा उपवन में 9500 जानवर हैं। यहां अक्सर मंत्री, विधायक, बड़े अफसर निरीक्षण करते हैं। इस वजह से व्यवस्था ठीक है। जानकीपुरम में लक्ष्मण गौशाला है। इसकी स्थिति भी अच्छी है।

> कुत्तों की नसबंदी लगातार हो रही है। 57 हजार की हो चुकी है। बाकी भी दो वर्षों में हो जाएगी। इसके बाद कुत्तों की संख्या घटेगी।
>
> — डॉ अभिनव वर्मा, पशु कल्याण अधिकारी

**57,000** हजार आवारा कुत्तों की नसबंदी करवा चुका है नगर निगम

दो वर्षों में नगर निगम ने लगभग 57000 कुत्तों की नसबंदी कर दी गई है। लगभग 50000 कुत्ते अभी ऐसे हैं जिनकी नसबंदी होनी है। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ अभिनव वर्मा कहते हैं कि शहर में 95000 कुत्ते थे। इस दौरान संख्या लगभग 5000 बढ़ी और एक लाख के पार हो गई है। रोजाना कुत्ता काटने के सैकड़ों लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। हालांकि निगम में ऐसी शिकायतों की संख्या महीने में 10 भी नहीं है।

# कुत्तों के हमले से भड़के वोटरों को मनाया

## मान मनौव्वल

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। जानकीपुरम विस्तार स्थित सृष्टि अपार्टमेंट में खूंखार कुत्ते के हमले की घटना के बाद बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला शनिवार को यहां पहुंचे। उन्होंने यहां की रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बात की। साथ ही कहा कि चुनाव बहिष्कार का अपना निर्णय वापस लें। विधायक ने वादा किया कि आचार संहिता की अवधि खत्म होने के बाद वह व्यक्तिगत तौर पर समस्याएं दूर करने के लिए प्रयास करेंगे।

एक दिन पहले सृष्टि अपार्टमेंट निवासी

### आरडब्ल्यूए ने चुनाव बहिष्कार का लिया था फैसला

लखनऊ। कुत्ते के हमले की घटना के बाद रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी विवेक शर्मा व अन्य ने नाराज हो कर नगर निकाय चुनाव के बहिष्कार की घोषणा कर दी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने तो सुधि नहीं ली लेकिन क्षेत्रीय विधायक सुबह ही सृष्टि अपार्टमेंट पहुंच गए। उनकी अपील पर यहां के लोगों ने बहिष्कार का निर्णय वापस लिया और वोट देने की बात कही। वहीं, विवेक शर्मा ने बताया कि अपार्टमेंट में कुत्तों के हमले की कई घटनाएं हो चुकी हैं। लोग अपने बच्चों को बाहर भेजने से डरने लगे हैं। नगर निगम से कई बार शिकायत की लेकिन उनकी टीमें खानापूरी कर के चली जा रही हैं। समस्या ज्यों की त्यों है।

वरिष्ठ नागरिक विनोद कुमार दीक्षित नियमित सुबह के वॉक पर निकले थे। सर्विस लेन पर उनकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी जिसको खूंखार कुत्ते ने चारों ओर से घेर लिया था। उसे बचाने के लिए 78 वर्षीय विनोद दीक्षित आगे बढ़े और छड़ी से कुत्तों को पीछे हटाने का प्रयास किया। इस दौरान कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में वह जख्मी हो गए। यह घटना और इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

## बिना अनुमति प्रचार पर वाहन सीज किया

लखनऊ। हसनगंज में पार्षद प्रत्याशी के लिए प्रचार कर रहे वाहन को सीज किया गया है। साथ ही ड्राइवर के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज हुआ है।

एसआई दयाराम साहनी के मुताबिक कदम रसूल वार्ड-84 से सपा के टिकट पर नदीम खान पार्षद प्रत्याशी हैं। शुक्रवार को सूचना मिली की पार्षद प्रत्याशी के लिए ई-रिक्शे से प्रचार किया जा रहा है। मदेयगंज निवासी ड्राइवर मो. आबिद पूछताछ करने पर वह अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। ई-रिक्शे को सीज करते हुए आबिद के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पोस्टर चस्पा कर रहीं अंतिम ग्राम प्रधान

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज नगर पंचायत का दर्जा मिलने से पहले मोहनलालगंज (इन्द्रजीत मऊ) की ग्राम प्रधान संध्या पाण्डेय इन दिनों पहले मतदान फिर जलपान लिखे पोस्टर चस्पा कर रही हैं। राजनीति के चलते अपने पति को खो चुकी संध्या पांडेय का नाम मोहनलालगंज के आखिरी ग्राम प्रधान के रूप में दर्ज है। 2015 में इन्द्रजीत मऊ से ग्राम प्रधान बनी संध्या पांडेय इस ग्राम सभा की आखिरी ग्राम प्रधान रहीं। उनके कार्यकाल में ही 2019 को कैबनेट ने मोहनलालगंज को नगर पंचायत बनाने की मंजूरी दे दी।

## शहर की संसद कैसी हो पर छात्राओं ने की चर्चा

लखनऊ। खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में शनिवार को 'हमारे शहर की संसद कैसी हो' पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें पचास से अधिक छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परिचर्चा में छात्राओं द्वारा कहा गया कि लोगों को जाति और धर्म के मुद्दों से हटकर जरूरी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपना मतदान करना चाहिए। छात्राओं ने कहा कि उन्हें एक ऐसा नेता चाहिए जो उनके क्षेत्र का विकास करे। कार्यक्रम में डॉ. पूनम रानी भटनागर, डॉ. ज्योत्सना पांडे, डॉ. स्नेह लता शिखरे, डॉ. रुचि यादव सहित कई अन्य उपस्थित रहीं।

नेहरू युवा केन्द्र (एनवाईके) की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

## पड़ोसियों को भी मतदान के लिए साथ ले जाएं

लखनऊ। वोट डालने जाते समय पड़ोसी को भी साथ में जरूर ले जाएं। इसी अपील के साथ मानवाधिकार जनसेवा परिषद के सदस्य वोटरों को जागरूक करेंगे। शनिवार को मानवाधिकार जनसेवा परिषद की ओर से खरगापुर स्थित कार्यालय पर बैठक होगी। अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट डालने के लिए वोटरों में उत्साह रहता है। इस दौरान किरन प्रकाश विश्वकर्मा ने लोगों से अपील की कि वोट जरूर डालें।

## नायब तहसीलदारों की कोर्ट में सुनवाई ठप

लखनऊ। नगर पंचायत चुनाव के लिए मोहनलालगंज तहसील में नायब तहसीलदारों के कोर्ट कक्ष में बनाया गया था। जिससे उस समय कोर्ट में सुनवाई ठप हो गई थी। नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई, लेकिन सुनवाई शुरू नहीं हो सकी है। नगर पंचायत के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई तो तहसील प्रशासन ने नायब तहसीलदार मोहनलालगंज, गोसाईंगंज व निगोहां की कोर्ट के कक्षों में नामांकन शुरू करवा दिया। जिससे कोर्ट में सुनवाई ठप हो गई।



## बोलते आंकड़े | पार्षद के चुनाव में इस बार बड़ी संख्या में महिलाएं किस्मत आजमा रही हैं

# चुनाव मैदान में 42% महिला प्रत्याशी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। पार्षद के चुनाव में इस बार बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी किस्मत आजमा रही हैं। वैसे तो नगर निगम के 110 वार्डों में 36 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। बावजूद इसके कुल प्रत्याशियों में 339 महिलाएं अपनी किस्मत आजमा रही हैं।

नगर निगम में नाम वापसी के बाद 807 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें महिलाओं की हिस्सेदारी 42% के करीब है। कोई समाजसेवा से जुड़ी है तो कोई घरेलू महिला है। लक्ष्य एक पार्षद पद का चुनाव जीतना। इससे फर्क नहीं पड़ता कि सीट महिला के लिए आरक्षित है या नहीं। इन प्रत्याशियों को अपने संघर्ष पर पूरा यकीन है। घर-घर जा कर जनसमर्थन जुटाना हो या चुनाव प्रचार, कहीं पर महिला प्रत्याशी पुरुषों से पीछे नहीं हैं। सबसे अधिक जोन 6 में 87 महिलाएं चुनाव लड़ रहीं। जोन 8 में 69, जोन 7 में 62 महिला प्रत्याशी विभिन्न वार्डों से चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रही हैं। जोन 3 में 57, जोन 5 में 32 महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। अब मतगणना के बाद पता चलेगा कि नगर निगम कार्यकारिणी में आधी आबादी की हिस्सेदारी वास्तव में कितनी है।

### जोन में कहां कितनी महिला प्रत्याशी

| जोन | प्रत्याशी |
|---|---|
| 1 | 5 |
| 2 | 16 |
| 3 | 57 |
| 4 | 11 |
| 5 | 32 |
| 6 | 87 |
| 7 | 62 |
| 8 | 69 |

**807** प्रत्याशियों में 339 महिलाएं चुनाव मैदान में उतरीं

■ महिलाओं के लिए 36 सीटें आरक्षित हैं

### जोन छह के वार्डों में 87 महिलाएं

इस बार निकाय चुनाव में सबसे अधिक जोन 6 में 87 महिलाएं प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं। ऐसा पहला मौका है जब वार्ड से इतनी बड़ी संख्या में महिला प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है।

# एक वोट से राकेश जीते कर्मचारी परिषद अध्यक्ष चुनाव

**मतदान**

**लखनऊ, संवाददाता ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को हुये कर्मचारी परिषद चुनावों में एक-एक मिनट रोमांचक रहा। किस्मत का खेल देखने को मिला। तीन बार मतगणना हुई।

मगर अध्यक्ष पद पर एक बार फिर राकेश कुमार यादव ने मात्र एक वोट से जीत दर्ज की। वहीं संजय शुक्ला को महामंत्री चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर 538 मतों से चंद्र प्रकाश सिंह उर्फ मोनू और 387 वोटों से अभिषेक सिंह चुने गए। संगठन मंत्री के पद पर शिवानंद द्विवेदी ने 596 वोट पाकर जीत हासिल की। मतगणना देर रात तक चल रही थी। विवि के अटल ब्लॉक में सुबह 8 बजे से मतदान शुरू हो गया था। इस दौरान कर्मचारियों के अंदर जोश, जज्बा व जुनून देखने को मिला। लेकिन मतगणना खत्म होने के बाद थोडी तनातनी उस वक्त देखने को मिली, जब राकेश कुमार यादव को एक वोट से जीता घोषित किया गया। राकेश को 599 वोट मिले। वहीं रिंकू राय को 598 वोट मिले। इस पर रिंकू राय ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार बता दें कि चुनाव के पूरे आंकड़े रविवार को आएंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के चुनाव में ढोल बजाकर समर्थन की अपील करते कर्मचारी।

- कुल मतदाता : 1442
- मत पड़े वोट : 1295

## तीन बार मतगणना हुई पर नहीं बदला नतीजा

एक वोट से हार-जीत होने पर दोनों उम्मीदवारों ने हंगामा किया। इसके बाद तीन-तीन बार वोटों की काउंटिंग कराई गई। लेकिन नतीजा नहीं बदला। अध्यक्ष पद के अन्य उम्मीदवार दानिश फिरोज को 60 और रोली श्रीवास्तव को 18 मत मिले। कुल 1442 कर्मचारियों में 1295 वोट पडे। इसमें 17 अवैध मत मिले। परिसर में चुनाव को लेकर देर रात गहमागमी रही। रात में भी बीच-बीच में समर्थक नारेबाजी करते रहे। इस दौरान पुलिस बल भी काफी बुला लिया गया था।

● अध्यक्ष और महामंत्री पद के प्रत्याशियों को मिले 197 वोट ● उपाध्यक्ष पद पर ओपी शुक्ला, राम मिलन और जाफरी जीते

# लूटा: आरबी सिंह, अनित्य गौरव बने सरताज

**लखनऊ, संवाददाता ।** लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) चुनाव में प्रत्याशियों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। लेकिन अन्ततः भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. आरबी सिंह को अध्यक्ष और एआईएच के डॉ. अनित्य गौरव को महामंत्री पद पर जीत मिली। दोनों शिक्षकों को 197-197 वोट मिले। जबकि उपाध्यक्ष के तीन पदों पर डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. राम मिलन और डॉ. एस. अरशद अली जाफरी को जीत मिली। सभी जीते हुए प्रत्याशियों को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बधाई दी।

जाहिर है कि शनिवार की सुबह 10 बजे से स्टाफ क्लब में मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। एक-एक कर सभी शिक्षकों ने वोट डालना प्रारंभ किया। शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह भी दिखा। कुल 378 में से 375 शिक्षकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बीच पूर्व उप मुख्यमंत्री व वाणिज्य विभाग के प्रो. दिनेश शर्मा भी वोट देने पहुंचे। जिन्होंने सभी शिक्षकों से उनका हालचाल भी लिया। वोटिंग के दौरान नए शिक्षकों में अलग तरह का जुनून देखने को मिला। तीन बजे तक मतदान हुआ और शाम साढे चार बजे चुनाव अधिकारी प्रो. राजीव मनोहर ने अध्यक्ष पद के लिए डॉ. आरबी सिंह की जीत का ऐलान कर दिया। दूसरे नंबर पर 159 वोट पाकर प्रो. दिनेश कुमार और तीसरे पर 13 वोट से डॉ. मो. अहमद रहे। वहीं महामंत्री पद पर कड़ी लड़ाई के बावजूद डॉ. अनित्य गौरव को 197 वोट मिले। इन्हें 126 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहने वाले डॉ. अजय से टक्कर मिली। 82 वोट पाने वाले डॉ. पवन मिश्रा को तीसरे पायदान पर जगह मिली। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. राम मिलन को 228, डॉ. ओपी शुक्ला को 198, अरशद जाफरी को 183, डॉ. अरूण कुमार को 155 और डॉ. सतीश को 83 मत मिले।

लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (लूटा) की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को समर्थकों ने फूल मालाओं से सम्मानित किया।

### नए अध्यापकों ने तख्तापलट किया

80 से ज्यादा नए शिक्षकों की नियुक्ति हुई। माना जा रहा कि इन शिक्षकों ने प्रत्याशियों को जिताने में अहम भूमिका अदा की। हारे हुए प्रत्याशियों का कहना है कि नए शिक्षकों को साधने में मुख्य पदों पर बैठे व्यक्तियों ने जोर लगाया।

### कुलपति की हुई जीत.. की चर्चा रही एलयू में

हार के बाद एक महत्वपूर्ण पद के प्रत्याशी कहते सुने गए कि अध्यक्ष व महामंत्री पद पर कुलपति के प्रत्याशी उतरे थे। यह जीत कुलपति की है। बाकी प्रत्याशियों को ई-रिक्शा से गांव चले जाना चाहिए।

### ओपी शुक्ला ब्यूटीफुल के लगाए गए नारे

लूटा चुनाव परिणाम जारी होने के बाद पूरे स्टाफ क्लब में उपाध्यक्ष पद पर जीते प्रत्याशी डॉ. ओपी शुक्ला के पक्ष में नारे लगे। बता दें कि छात्रों ने ओपी शुक्ला ब्यूटीफुल के नारे लगाकर उनके साथ फोटो खिंचवाई।

### जीत के बाद बोले पदाधिकारी

बाबूराज से मुक्ति व महिला शिक्षकों के लिए टॉयलेट पहली प्राथमिकता है। वहीं विश्वविद्यालय, प्रदेश व कानूनी स्तर की समस्याओं को सुलझाया जाएगा। इसमें शिक्षकों के प्रमोशन, आवासों का आवंटन, चिकित्सा सुविधा, यूजीसी के नियमों के अनुसार पांच इंक्रीमेंट, रिटायरमेंट उम्र 65 वर्ष करने सहित कई मुद्दों पर कार्य किया जाएगा।
**- डॉ.आरबी सिंह मून** (अध्यक्ष, लूटा)

शिक्षकों की चिकित्सा सुविधाएं, छुट्टियां व प्रतिपूर्ति, पुरानी पेंशन योजना, केंद्रीय विवि की तर्ज पर रिटायरमेंट, हाउस एलॉटमेंट, नए शिक्षकों को स्वस्थ वातावरण व जरूरी सुविधाएं मुहैया कराना और प्रोजेक्ट के लिए सिंगल विंडो सिस्टम जैसे मुख्य मुद्दों पर काम करेंगे। जिससे कार्यप्रणाली आसान बनेगी।
**- डॉ. अनित्य गौरव** (महामंत्री, लूटा)

### लखनऊ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी

- डॉ. आरबी सिंह- अध्यक्ष
- डॉ. ओपी शुक्ला- उपाध्यक्ष
- प्रो. राम मिलन- उपाध्यक्ष
- डॉ. अरशद अली जाफरी- उपाध्यक्ष
- डॉ. अनित्य गौरव- महामंत्री
- डॉ. आकाश अस्थाना- संयुक्त मंत्री
- डॉ. प्रमोद गुप्ता- संयुक्त मंत्री
- डॉ. श्याम किशोर- संयुक्त मंत्री
- डॉ. एच.एन. प्रसाद- कोषाध्यक्ष
- डॉ. फाजिल एहसान हाशमी-कला प्रतिनिधि
- डॉ. जितेंद्र कुमार- कला प्रतिनिधि
- डॉ. प्रशांत शुक्ला- कला प्रतिनिधि
- डॉ. ज्ञान प्रकाश- वाणिज्य प्रतिनिधि
- डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह- शिक्षाशास्त्र प्रतिनिधि
- डॉ. आलोक कुमार- ललित कला प्रतिनिधि
- डॉ. मृणालिनी सिंह- विधि प्रतिनिधि
- डॉ. अमित कुमार सिंह- विज्ञान प्रतिनिधि
- डॉ. आशुतोष सिंह- विज्ञान प्रतिनिधि को कार्यकारिणी में चुना गया।

# अलीगंज नया हनुमान मंदिर का गर्भगृह और चौड़ा होगा

**तैयारी**

**200** से अधिक लोग साथ कर सकेंगे प्रवेश

- गर्भगृह में चार एसी और अस्थायी मुख्य द्वार
- सभी हनुमान मंदिरों में ज्येष्ठ माह की तैयारी

**लखनऊ, संवाददाता ।** ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले बड़े मंगल को लेकर शहर के मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। अलीगंज के नया हनुमान मंदिर में गर्भगृह का विस्तार कर रंगाई, पुताई का काम तेजी से चल रहा है। इस साल ज्येष्ठ माह छह मई से चार जून तक रहेगा। इस दौरान चार बड़े मंगलवार नौ, 16, 23 और 30 मई को पड़ रहे हैं।

अलीगंज नया हनुमान मंदिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि बड़े मंगल पर भक्तों को हनुमान जी के दर्शन करने के लिए काफी सुविधा दी जाएगी। मंदिर का गर्भ गृह काफी चौड़ा किया जा रहा है। अभी तक गर्भ गृह में मात्र 50 लोग दर्शन करते रहे हैं। अब चौड़ा होने के बाद 200 से अधिक भक्त एक साथ हनुमान जी के दर्शन पूजन कर सकेंगे। मंदिर में मूर्ति के सामने जो दीवारें थी, उन्हें हटा दिया गया है।

अब मंदिर के गर्भ गृह के सौंदर्यीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है। मंदिर में पत्थर लगाए जा रहे हैं। राकेश दीक्षित ने बताया कि सौंदर्यीकरण के बाद मंदिर में एसी भी लगाए जाएंगे। गर्भगृह चौड़ा होने के बाद अंदर चार एसी लगेंगे। यही नहीं गर्भगृह चौड़ा होने से अब लोग मुख्य मार्ग से भी भगवान के दर्शन कर सकेंगे।

मंदिर के बाहर मेला और भंडारे लगेंगे। दर्शन करने करने वाले भक्तों के लिए टेंट लगेगा और मैट बिछाई जाएगी। कूलर पंखे की व्यवस्था रहेगी। पहले बड़े मंगलवार नौ मई से पहले सोमवार दोपहर तीन बजे से मुख्य गेट खुल जाएगा। सोमवार की शाम बड़ी संख्या में भक्त दंडवत परिक्रमा करने मंदिर आते हैं। उसके बाद तीन मंगलवार को मंदिर तड़के बजे खुलेगा, सुबह छह बजे आरती होगी और रात 12 बजे कपाट बंद किए जाएंगे।

### 51 किलो लड्डू का भोग लगेगा भगवान को

बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पवन मिश्रा ने बताया कि चारों मंगलवार भगवान को 51 किलो बूंदी के लड्डू का भोग लगेगा। यही प्रसाद भक्तों में वितरित होगा। इसके अलावा सवा पांच किलो मेवे का भोग भी चारों मंगलवार को लगाया जाएगा। हनुमान सेतु मंदिर के आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि बड़े मंगल को लेकर तैयारियां शुरू हैं। भक्तों को दर्शन आसानी से हो सकेंगे। मंदिर कमेटी मंदिर के बाहर भंडारे का आयोजन करेगी। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज स्थित छाछी कुआं हनुमान मंदिर, अमीनाबाद हनुमान मंदिर, लेटे हुए हनुमान मंदिर, हजरतगंज स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी बड़े मंगल की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# जेईई मेंस : लखनऊ के होनहार हिमांशु उपाध्याय को दूसरे चरण में 96वीं रैंक

**कामयाबी**

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता ।** देश के प्रतिष्ठित आईआईटी और इंजीनियरिंग कालेजों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेन) के दूसरे चरण के परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। इसमें राजधानी से हिमांशु उपाध्याय ने 99.99 प्रतिशत के साथ देश में 96 वीं रैंक हासिल कर शहर का नाम रोशन कर दिया। हिमांशु को फिजिक्स और मैथ में 100 परसेंटाइल मिले हैं। पहले सेशन की परीक्षा में हिमांशु को 99.11 प्रतिशत मिले थे। जिसे दूसरे सेशन की परीक्षा में हिमांशु ने बढ़ा लिया।

इसके साथ ही जसकरन सिंह ने 99.95 प्रतिशत अंक के साथ 611 वीं ऑल ओवर रैंक प्राप्त की। वहीं प्रज्जवल यादव ने 99.94 प्रतिशत के साथ 752 वीं रैंक अर्जित की और आर्यशी त्रिपाठी ने 99.91 प्रतिशत के साथ 1072 वीं रैंक मिली है।

भाऊराव देवरस सेवा न्यास संचालित महामना शिक्षण संस्थान से निशुल्क कोचिंग प्राप्त करने वाले 13 छात्रों को जेईई मेंस में सफलता मिली है।

जेईई मेंस का रिजल्ट जारी होने पर रेजोनेंस के सफल छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले।

### फिजिक्स में 100% अंक हासिल किये

रेजोनेंस कोचिंग के विजय भटट ने बताया कि प्रज्जवल को 99.94, प्रियंका को 99.73, विनायक त्रिपाठी को 99.69, अमेय दीक्षित को 99.56, अमय विक्रम को 99.50, अभिनन्दन को 99.46, साहस को 99.25 परसेंटाइल मिली। ग्रेविटी कोचिंग के अशफाक ने बताया कि वंशदीप ने फिजिक्स में 100% अंक हासिल किये।

### ये भी चमके परीक्षा में

ईशान कुमार ने 99.88 प्रतिशत के साथ 1493 वीं रैंक विदेह झा को 99.84 प्रतिशत के साथ 1884 वीं रैंक मिली है। प्रियंका ने 99.97 प्रतिशत अंक पाये है। वहीं वैभव ने 99.67 प्रतिशत, विनायक 99.67 प्रतिशत और प्रत्यूष मिश्रा ने 99.69 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसके अलावा दीपेश पाण्डेय ने 99.65 प्रतिशत, शाश्वत मिश्रा ने 99.63 प्रतिशत, ईशान श्रीवास्तव ने 99.61 प्रतिशत, अतुल ने 99.60 प्रतिशत अंक अर्जित किये है। फिटजी के संजीव कुमार पांडेय ने बताया कि 47 से अधिक ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 112 से अधिक छात्रों ने 98% से अधिक अंक पाए।

### देश के लिए कुछ करेंगे

**हिमांशु उपाध्याय, रैंक 96**

इंजीनियरिंग से देश की सेवा करना चाहता हूं। इंजीनियरिंग में नए नए आविष्कार करना चाहता हूं। पिता स्वर्गीय शिव कुमार उपाध्याय के निधन हो गया था। उसके बाद मां वन्दना उपाध्याय और बडे भाई ने सब संभाला। पहले सेशन में 99.11 परसेंटाइल आए उसके बाद गल्तियों को दूर किया।

### नोट्स पर करें फोकस

**जसकरन सिंह, 611 रैंक**

जेईई में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत तो जरूरी है ही साथ ही पिछले साल के पेपर हल करना भी जरूरी है। मॉक टेस्ट में शामिल होने के साथ ही मैंने अपने नोट्स भी खुद तैयार किए हैं। अपने जूनियर्स को सलाह दूंगा कि वे भी लगातार मेहनत करें, मॉक टेस्ट में शामिल हों और नोट्स तैयार करें।

### प्रोग्रामर बनना है

**प्रज्जवल यादव, 765 रैंक**

मेरे पिता उर्वेश यादव सुपरवाइजर की नौकरी करते हैं। मां ममता यादव गृहिणी हैं। उनके साथ ही मेरा सपना इंजीनियर बनना है। अच्छे संस्थान से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग करना प्रोग्रामर बनना मेरा सपना है। इसलिए अब पूरा फोकस जेईई-एडवांस पर है। उसमें कितने नंबर मिलेंगे, मेरे लिए वो मायने रखेगा।

### माता-पिता दोनों डाक्टर

**आर्यशी त्रिपाठी, 1072 रैंक**

मेरे पापा डॉ. आनंद त्रिपाठी टीबी अस्पताल में हैं। मां प्रीति त्रिपाठी भी डॉक्टर हैं। मुझे हमेशा से इंजीनियरिंग पसंद थी, इसलिए मैंने जेईई की परीक्षा दी। मैं रोजाना छह घंटे पढ़ाई करती थी। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी करती रही। इंटरनेट का उपयोग अच्छी वजह से की जाए तो फायदा होता है।

**मांगलिक कार्य** | मई और जून माह में मिल रहे शुभ मुहूर्त पर अलग-अलग तारीखों में खूब शादियां होंगी

# दो मई से शुभ मुहूर्त में बजने लगेंगी शहनाई

**लखनऊ, संवाददाता ।** अगले माह में शुभ मूहुर्त से मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। बैंड बाजा बारात के साथ शहनाइयां बजने लगेंगी। मार्च माह के शुरुआत दिनों से शुभ मूहुर्त समाप्त हो चुका था। मई और जून माह में मिल रहे शुभ मूहुर्त पर अलग-अलग तारीख में खूब शादियां होंगी। उसके बाद सीधे नवंबर में लोगों को शुभ मूहुर्त में शादियों का मौका मिलेगा।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि इस साल 15 अप्रैल को खरमास समाप्ति होने के बाद भी विवाह कार्य पुनः प्रारंभ नहीं हो सके थे। क्योंकि विवाह आदि शुभ कार्यों के लिए गुरु और शुक्र तारों का उदय होना बहुत जरुरी माना जाता है। दो अप्रैल से एक मई तक गुरु ग्रह अस्त रहेंगे। गुरु दो मई को सुबह 4:46 बजे से उदय हो जाएंगे। विवाह मुहूर्त शुरू होंगे। ज्योतिषाचार्य पं. आनंद दुबे ने बताया कि मई और जून में विवाह मुहूर्त हैं। टेंट कैटरर्स एंड डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि दो मई को पहली सहालग है।

**29** दिन के शुभ मुहूर्त में 14000 से अधिक शादियां

### विवाह लग्न

| माह | तिथियां |
|---|---|
| मई | 2, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 15, 16, 20, 21, 22, 26, 27, 29, 30 |
| जून | 3, 6, 7, 11, 12, 13, 22, 23, 25, 26, 27, 28, 29 |
| नवंबर | 27, 28, 29 |
| दिसंबर | 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 13, 14, 15 आदि तिथियों पर मुहूर्त हैं |

# हरे रामा-हरे कृष्णा से गूंजा अध्यात्म का महासमागम

**आस्था**

**लखनऊ, संवाददाता ।** मार्वल्स यूनिवर्स सोसाइटी लॉर्ड कृष्णा कन्सिलिएशन (मुस्कान) की ओर से गोमती नगर के एसएनए में अध्यात्म का महासमागम हुआ। यहां विचार गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

मुख्य आकर्षण 200 से भी अधिक बच्चों द्वारा हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन रहा, जिसके बाद संतों ने भगवान श्रीकृष्ण की नजर से जीवन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। महासमागम की शुरुआत 11 शंख ध्वनि एवं स्वस्तिवाचन मंत्र से हुई। 200 से अधिक बच्चों ने हरे कृष्ण, हरे राम संकीर्तन नाचते गाते झूमकर किया। सभी भावविभोर होकर मस्ती से झूम उठे और पूरा सभागार श्रीकृष्णा के नाम गूंज उठा। वैभवी तिवारी ने श्रीगणेश स्तुति, निधि तिवारी ने श्रीकृष्णा के 101 नाम उच्चारण, मुकेश श्रीवास्तव, लोक गायिका कुसुम ने लोक भाषा में कृष्ण लोकगीत पेश की। सामूहिक नृत्य श्याम रंग में रंगी चुनरिया, बनारस की अनाया सिंह का सोलो डांस, फैंसी ड्रेस गोविंद बोलो हरी गोपाल बोलो, पीहू ने सोलो डांस, श्री कृष्ण गोविंद का सामूहिक नृत्य कलाकारों ने पेश किया।

**कैंपस 30s**

## आरटीई: पहले चरण में 70% दाखिले

**लखनऊ।** निजी स्कूलों में आरटीई के तहत नि:शुल्क दाखिले के लिए पहले चरण में 70 फीसदी बच्चों के दाखिले हो गए हैं। दूसरे चरण में चयनित 5613 बच्चों के आवेदनों के सत्यापन की प्रकिया पूरी कर स्कूल आवंटन के पत्र बीएसए कार्यालय से स्कूलों को भेजे जा रहे हैं। कुछ स्कूल प्रवेश में आनाकानी कर रहे हैं। अभिभावकों की शिकायत पर बीएसए कार्यालय ने स्कूलों को नोटिस दी है।

## नवयुग में मुक्त विश्वविद्यालय का अध्ययन केंद्र

**लखनऊ।** वर्तमान में यूजीसी ने मुक्त विश्वविद्यालय के सभी कोर्स को अपनी मान्यता दे दी है। साथ ही यह भी मान्यता दी है कि अब छात्र एक साथ दो डिग्री एवं डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। मुक्त विश्वविद्यालय में अब ज्योतिष एवं कर्मकांड के कोर्स का भी संचालन किया जा रहा है। यह बातें उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रो. सीमा सिंह ने कहीं।

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में अच्छे अंक लाने पर छात्रा को सम्मानित किया गया।

## यूपी बोर्ड की मेधावी सलोनी को नकदी-शील्ड

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में 94.33 प्रतिशत अंक लाने वाली राजकीय हाईस्कूल बेंती की छात्रा सलोनी को 51 सौ रुपये की नकद राशि और शील्ड के साथ स्टेशनरी व अन्य उपहार दिये गए। स्कूल में शनिवार को आयोजित समारोह में डीआईओएस राकेश कुमार पाण्डेय, स्कूल की प्रधानाचार्या तोमिशा सिंह और स्कूल की ओर से यह सम्मान सलोनी को दिया गया।

## समाचार पत्र वितरक मंच अध्यक्ष को पितृ शोक

**लखनऊ।** लखनऊ समाचार पत्र वितरक विकास मंच अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट के कुर्मांचल नगर निवासी पिता हरि सिंह बिष्ट (88) का केजीएमयू में निधन हो गया। उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ था। उन्होंने 1961 से 2013 तक समाचार पत्र वितरण किया। वह प्रिंट मीडिया के सम्मानित निष्ठावान एवं पूर्ण समर्पित समाचार पत्र वितरक सिपाही रहे। पत्नी आनंदी बिष्ट का करीब पांच साल पहले निधन हो चुका था।

## निकिता मिस फेयरवेल, वंशिका को मिस फ्रेशर

**लखनऊ।** नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को फेयरवेल और फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। यहां कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम व छात्राओं द्वारा प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस मौके पर प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने सभी छात्राओं को ग्रो मॉडल गोल, रियलिटी, ऑप्शन और विल पावर अपनाने को कहा।

## स्कूलों में कक्षा 9 से 12 की पढ़ाई दोपहर दो तक

**लखनऊ।** डीएम सूर्य पाल गंगवार ने शनिवार को जारी एक आदेश में कहा कि यूपी बोर्ड के कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों में सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक ही पढ़ाई होगी। सीबीएसई व आईसीएसई व अन्य बोर्ड के स्कूलों में एक से आठ की कक्षाएं सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक चलेंगी। जबकि कक्षा नौ से 12 के छात्रों की कक्षाएं स्कूल प्रबंधन सुबह 7:30 से दोपहर दो बजे तक संचालित कर सकते हैं।

## नवाचार के प्रोजेक्ट बनाने वाली टीमें पुरस्कृत

**लखनऊ।** इंजीनियरिंग छात्रों में नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद कार्यालय में प्रदर्शनी लगायी गई। जिसमें कई नवाचार आकर्षित करने वाले थे और पुरस्कार भी मिले। सीएसटीयूपी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट ग्रांट स्कीम के तहत हुई प्रदर्शनी में इकोनॉमिकल बायोनिक आर्म्स प्रोजेक्ट बनाने वाले उत्कर्ष राज दूबे और निधि त्रिपाठी को पहला पुरस्कार मिला।

लखनऊ बायोस्कोप की ओर से शनिवार को सनतकदा में अड्डा कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। इसमें कलाकारों ने मोहक प्रस्तुति दी।

## सूफी सितार गायन फ्यूजन में दिखे माटी के रंग

**लखनऊ।** लखनऊ बायोस्कोप की ओर से शनिवार को सनतकदा में अड्डा कॉन्सर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत के कई खूबसूरत रंग देखने को मिले। इंडी पॉप गीतों से गुलजार शाम में काफी रौनक देखने को मिली। प्रांजल ने खो गए हम कहां, कसूर, यू आर दा रीजन और सदा के लिए जैसे गीतों शाम में रंग भरा। इसके साथ ही सूफी सितार फ्यूजन भी आकर्षण का केन्द्र रहा। रंगारंग कार्यक्रमों का सभी ने आनंद लिया।

## क्षेत्रीय भाषाओं में लिखना पसंद नहीं करते लेखक

**लखनऊ।** स्वतंत्रता के बाद समाजशास्त्र पशिचमीकृत हो गया। अलग-अलग क्षेत्रों और उनके इतिहास की विविध सामाजिक सांस्कृतिक विशिष्टताओं की अनदेखी की गई। यह बातें प्रो. बी.बी. मोहंती ने एलयू में समाजशास्त्र विभाग व भारतीय समाजशास्त्र परिषद की ओर से क्षेत्रों का समाजशास्त्र एवं क्षेत्रों में समाजशास्त्र पर तीन दिवसीय मिड टर्म अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन कही। प्रो. अनंत ने कहा कि भारत में क्षेत्रीय लेखक अपनी क्षेत्रीय भाषा में लिखना पसंद नहीं करते।

## नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह को श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ।** प्रेस क्लब में शनिवार को 'वन वाइस' ने नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सभी धर्म व वर्ग के लोग मौजूद रहे। लोगों ने सूरे फातिहा पढ़कर और नवाब के चित्र पर फूल अर्पित करके श्रंद्वाजलि दी। इतिहासकार रौशन तक़ी ने साथ बीते हुए लम्हों का ज़िक्र किया। नवाब मसूद अब्दुल्लाह ने सरकार से नवाब जाफर मीर अब्दुलल्लाह को पदमश्री देने और सड़क या भवन का नाम उनके नाम पर रखने की मांग की।

चेन्नई में शनिवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी की पासिंग आउट परेड में शील्ड डिफेंस एकेडमी की छात्रा सुप्रिया तिवारी भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गईं।

## शील्ड डिफेंस एकेडमी की सुप्रिया लेफ्टिनेंट बनी

**लखनऊ।** चेन्नई में शनिवार को ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी की पासिंग आउट परेड में शील्ड डिफेंस एकेडमी की छात्रा सुप्रिया तिवारी भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गई। परेड की सलामी बांग्लादेश के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल सफ़ीउद्दीन ने ली। शील्ड डिफेंस एकेडमी के संस्थापक शिवम शुक्ला ने लेफ्टिनेंट सुप्रिया तिवारी के चयन होने पर ख़ुशी जतायी। सुप्रिया तिवारी ने शील्ड एकेडमी से तैयारी कर सीडीएस ओटीए परीक्षा में आल इंडिया 12वी रैंक हासिल की।

# खाने में ज्यादा नमक पर खुद को गोली से उड़ाया

## निलमथा में विवाद के बाद युवक ने उठाया आत्मघाती कदम

खुदकुशी 1

**लखनऊ, संवाददाता।** निलमथा में खाने में नमक ज्यादा होने से बौखलाए युवक ने शुक्रवार रात घरवालों से विवाद के बाद खुद को गोली से उड़ा लिया। परिजन उसे ट्रॉमा सेंटर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कैंट पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा पुलिस को मिल गया है।

पुलिस के मुताबिक निलमथा के आदर्शनगर निवासी उमाशंकर दुबे आर्मी से सेवानिवृत्त हैं। उमाशंकर के तीन बेटे हैं। उमाशंकर ने बताया कि छोटा लड़का पूरन (23) नशे का आदी था। शुक्रवार रात वह शराब पीकर घर पहुंचा था। देर रात 11 बजे खाने में नमक ज्यादा होने की बात कहकर वह परिजनों से झगड़ने लगा। माता-पिता से बहस होने पर दोनों कमरे से निकल आए। पूरन अकेले अंदर था। कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज पर परिजन वापस लौटे ता पूरन तख्त पर खून से लथपथ पड़ा था। उसने खुद को सीने में गोली मार ली थी। पास ही तमंचा पड़ा था। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे ट्रॉमा रेफर कर दिया। ट्रॉमा में उसे मृत करार दिया। पूरन अविवाहित था। एसीपी कैंट के मुताबिक जांच की जा रही है।

### तमंचा कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच को भेजा

इंस्पेक्टर कैंट राजकुमार के मुताबिक पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा कब्जे में ले लिया गया है। फोरेंसिक टीम की मदद से सैम्पल एकत्र कर अवैध तमंचा भी जांच के लिए भेज दिया गया है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि पूरन के पास अवैध तमंचा कहां से आया।

# नवोदय कर्मी ने पिता को मैसेज भेज जान दी

2

**लखनऊ, संवाददाता।** मैं आपकी उम्मीद पर खरा नहीं उतरा, मुझसे कोई काम अच्छे से नहीं हो पा रहा हूं, इसलिए अपना जीवन खत्म कर रहा हूं। हो सके तो मुझे माफ कर दीजिएगा। पिता को यह मैसेजे भेजकर नवोदय विद्यालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफीसर के पद पर कार्यरत दिव्यांशु पाल (27) ने फांसी लगाकर जान दे दी।

पुलिस के मुताबिक प्रयागरात के सोरांव गोविन्दपुर निवासी दिव्यांश उजरियांव स्थित किराए के मकान पर रह रहा था। पिता जगतपाल के मुताबिक उन्होंने शनिवार दोपहर 12 बजे बेटे का मैसेज देख उनके होश उड़ गए। मैसेज में फांसी लगाए जाने की बात लिखी थी। उन्होंने वृन्दावन कॉलोनी निवासी रिश्तेदार श्रीपाल को बेटे के कमरे पर जाने को कहा। श्रीपाल दिव्यांश के घर पहुंचे तो दरवाजा अन्दर से बंद था। दरवाजा तोड़कर वह भीतर गए तो वह लोहे के जाल से फंदे से लटका हुआ था। इंस्पेक्टर गोमतीनगर के मुताबिक अवसाद के चलते फांसी लगाए जाने की बात सामने आ रही है।

### इटौंजा में सेल्समैन का शव फंदे से लटकता मिला

3 इंटौजा में कपड़े की दुकान के सेल्समैन दिनेश लोधी (20) का शव शुक्रवार जंगल में पेड़ के सहारे लटका मिला। परिजनों ने मामले की जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक इटौंजा के विक्रमपुर निवासी दिनेश लोधी इटौंजा कस्बे में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। भाई कमलेश ने बताया शुक्रवार सुबह 7 बजे वह घर से दुकान जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद जंगल में आम के पेड़ से रस्सी के फंदे के लटका हुआ था।

## शहर 30s

### केजीएमयू में कार्य परिषद की बैठक मई में

**लखनऊ।** केजीएमयू की कार्यपरिषद की बैठक मई होगी। विवि की ओर से सभी विभागों को सर्कुलर जारी किया गया है। इसमें सभी विभागों से कार्यपरिषद में रखे जाने वाले प्रकरणों की सूची मांगी गई है। अगले माह कार्यपरिषद की बैठक बुलाई जा सकती है।

### नए सीजेएम अंकुर गर्ग ने संभाला कार्यभार

**लखनऊ।** हाईकोर्ट इलाहाबाद की ओर से न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद शनिवार को लखनऊ के नए सीजेएम अंकुर गर्ग ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। राजधानी में ही सिविल जज के रूप में काम कर रहे न्यायिक अधिकारी अंकुर गर्ग ने शनिवार सीजेएम पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया।

### रेलवे के सीनियर डीएमई बने एसपी श्रीवास्तव

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में सीनियर डीएमई कैरिज एंड वैगन पद पर तैनात एसपी श्रीवास्तव को लखनऊ मंडल में सीनियर डीएमई कैरिज एंड वैगन कोऑर्डिनेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस पद पर तैनात फणींद्र कुमार का स्थानांतरण दक्षिण रेलवे में किया गया है।

# गंदगी फैलाने पर टोका तो पालतू कुत्ते से कटवाया

दुस्साहस

- गुड़ंबा में किसान नेता पर पड़ोसी का हमला
- आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, संवाददाता।** गुड़ंबा अनौरा कला में किसान नेता धर्मेंद्र सिंह ने घर के सामने गंदगी कर रहे कुत्ते को हटाने का प्रयास किया। इससे नाराज पड़ोसी जीएन शर्मा, बेटे अभिषेक ने अपना कुत्ता उन पर छोड़ दिया, जिसने धर्मेंद्र को काटकर घायल कर दिया। इसके बाद पिता-पुत्र ने उनसे मारपीट भी की। मौजूद लोग मदद को दौड़े, जिस पर आरोपी भाग निकले। पीड़ित किसान नेता ने गुड़ंबा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

तिरुपति होम्स निवासी धर्मेंद्र सिंह भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति अध्यक्ष हैं। उनके अनुसार रात को टहलने निकले थे। तभी नजर जीएन शर्मा और अभिषेक पर पड़ी। जो कुत्ता टहला रहे थे। इस बीच कुत्ता धर्मेंद्र के घर के सामने पहुंच कर गंदगी करने लगा। वे उसे हटाने लगे तो जीएन शर्मा, बेटे अभिषेक के इशारे पर कुत्ते ने उनके हाथ व पैर में कई जगह कुत्ते ने काट कर घाव बना दिए।

### पहले हो चुका है विवाद

किसान का आरोप है कि पिता-पुत्र कुत्ता टहलाने निकलते हैं। कई बार विवाद हुआ है। कुत्ता घरों के सामने गंदगी कर देता है। गुड़ंबा इंस्पेक्टर विनय सरोज ने बताया कि केस दर्ज कर जांच जारी है।

# लखनऊ में कोरोना से महिला ने दम तोड़ा, 59 नए मरीज मिले

**लखनऊ।** राजधानी में शनिवार को 34 वर्षीय महिला की लोहिया संस्थान में मौत हो गई। अब तक लखनऊ में कोरोना से पांच मरीजों की मौत हो चुकी है। महिला हृदयरोगी थी। 2022 में महिला को उसे पेस मेकर लगा था। शनिवार को करोना के 59 मरीज मिले हैं। 102 ने संक्रमण को मात दी। शहर में 519 सक्रिय केस हैं। शनिवार को इन्दिरानगर, आलमबाग, अलीगंज में सात-सात मरीज मिले। गोसाईंगंज, रेडक्रास और सरोजनीनगर में छह-छह मरीज, चिनहट में पांच मरीज मिले हैं।

एसटीएफ की टीम महाठग से मुलाकात करने वाले कारोबारियों का ब्योरा जुटाने में व्यस्त

# लखनऊ के पांच सितारा होटल में लोगों से सौदा करता था शेरपुरिया

फॉलोअप

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** प्रधानमंत्री और कई बड़े मंत्रियों तक अपनी पहुंच बताकर करोड़ों हड़पने वाला जालसाज संजय शेरपुरिया लखनऊ के भी पांच सितारा होटल में रुका था। यहां उससे मिलने कई बड़े अफसर, कारोबारी भी पहुंचे थे। यह जानकारी एसटीएफ के अफसरों को संजय के चंगुल में फंसे लोगों ने ही दी। एसटीएफ अब इसकी असलियत पता कर रही है। संजय प्रकाश राय उर्फ संजय शेरपुरिया की गिरफ्तारी के बाद राजनैतिक गलियारों में हड़कम्प मचा है। विभूतिखंड कोतवाली में उसके खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर में कई राज खोले गए हैं। एसटीएफ के इंस्पेक्टर सचिन कुमार की ओर से दर्ज रिपोर्ट में शेरपुरिया द्वारा उद्योगपति गौरव डालमिया, बिल्डर आफाक समेत कई लोगों से करोड़ों रुपये अपने खाते में लेने का भी जिक्र है। इसके अलावा उसके दो सहयोगियों का भी ब्योरा है।

**100** करोड़ रुपये से अधिक ठगने का है आरोप

**350** करोड़ का नोटिस संजय की पत्नी को

संजय शेरपुरिया।

### बड़ा सवाल: कौन लोग रुकवाते थे होटल में

एक मुखबिर ने शेरपुरिया के कई राज खोले हैं। बताया कि संजय लखनऊ के कई होटलों में रुक चुका है। पता हो रहा कि कौन रुकवाता था। सामने आया है कि जिस व्यापारी, अधिकारी की मदद लेनी होती थी, वह इंतजाम करता था।

## जेल में पुलिस के सवालों को नकारता रहा शातिर संजय

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** एसटीएफ और विभूतिखंड पुलिस ने जेल में शनिवार को हाईप्रोफाइल जालसाज संजय शेरपुरिया के बयान लिये। उसने पुलिस के अधिकतर सवालों पर यही कहा कि वह कुछ नहीं जानता है। वह निर्दोष है, उसे फंसाया गया है। पुलिस ने उसे कुछ फोटो और खातों के ब्योरे के बारे में पूछा तो वह सिर्फ इतना बोला कि इसमें कुछ गलत नहीं है।

विभूतिखंड कोतवाली के इंस्पेक्टर व दो सब इंस्पेक्टर शनिवार को जिला कारागार पहुंचे। यहां संजय प्रकाश राय उर्फ संजय शेरपुरिया को पूछताछ के लिये बुलाया गया। पुलिस ने उसके बयान लेने के लिये सवाल पूछना शुरू किया तो उसने कई सवालों का जवाब ही नहीं दिया। दो-तीन सवाल पर तो एकदम चुप्पी साधे रहा। कई सवाल पर बोला कि सब निराधार है। इस पर एसटीएफ व पुलिस ने उससे दिल्ली से गाजीपुर और लखनऊ में रुकने के बारे में कई सवाल किये। उसने नेताओं से सम्पर्क बताया। यह भी कहा कि कई कार्यक्रम में नेताओं से वह मिला है। उसके मोबाइल नम्बर की कॉल डिटेल के कुछ नम्बरों के बारे में भी पूछा गया। पुलिस ने बताया कि उसे कई नम्बर जबानी याद थे।

### रिमाण्ड की अर्जी कल देगी विभूतिखंड पुलिस

विभूतिखंड पुलिस सोमवार को कोर्ट में संजय की पुलिस कस्टडी रिमांड के लिये अर्जी देगी। पुलिस का तर्क है कि कई दस्तावेजों और मोबाइल की चैट के बारे में उससे पूछताछ कर कई राज पता करने हैं।

## सरोजनीनगर थाने में आग से हड़कम्प, दो लोग झुलसे

सरोजनी नगर थाना परिसर में शनिवार को वेल्डिंग की चिंगारी से भीषण आग लग गई।

हादसा

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाने में माल खाना के पास वेल्डिंग करते समय निकली चिंगारी से शनिवार शाम आग लग गई। पास ही डीजल से भरे ड्रम तक लपटें पहुंचने से आग विकराल हो गई। भड़की ज्वाला ने पास खड़ी विक्रम और स्कूल वैन को अपनी चपेट में ले लिया।

इस दौरान माल खाना इंचार्ज वासुदेव पाठक और वेल्डिंग कारीगर सलमान भी मामूली रूप से झुलस गये। दोनों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। डीसीपी दक्षिणी विनीत जायसवाल ने बताया कि शनिवार को सरोजनीनगर थाने में मालखाने के पास टीन शेड लग लगवाई जा रही थी। शाम करीब 4:30 बजे वेल्डिंग के दौरान निकली चिंगारी से आग लग गई।

### शहीद पथ पर भूसी लदे डीसीएम में लगी आग

**लखनऊ।** शहीद पथ पर भूसी लादकर जा रही डीसीएम में शुक्रवार देर रात आग लग गई। चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जा बचाई। दो दमकल ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। एफएसओ गोमतीनगर शिवदरस प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार रात डीसीएम शहीद पथ पर समिट बिल्डिंग के पास पहुंची थी थे तभी केबिन से धुआं और आग की लपट निकलने लगी। आग देख फिरोजाबाद नगला हरलाल निवासी चालक ओमवीर गाड़ी सड़क किनारे कर कूद गया। मौके पर पहुंची दमकल ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। भूसी जलने से बच गई। वहीं इन्दिरानगर सेक्टर- 9 इलाके में स्थित जनरल स्टोर में शनिवार रात आग लग गई।

पड़ोस 30s

### मोहनलालगंज में महिला ट्रेन से कटी

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज में शनिवार शाम बहन के घर जाने की बात कहकर निकली दया देवी (50) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वह मानसिक परेशान थी। बंथरा के गुलाबखेड़ा निवासी दयादेवी पुरसैनी में रह रही बहन प्रेमा के घर जाने की बात कहकर निकली थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पटरी पर अचानक वह सिर रखकर लेट गई, जिससे ट्रेन से कटकर मौत हो गई।

### पंचायत कर्मी दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार

**लखनऊ।** विभूतिखंड पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार करने के आरोप में बाराबंकी नगर पंचायत के सफाई कर्मी को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ गुरुवार को पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया था। एडीसीपी पूर्वी से. अली अब्बास ने बताया कि शनिवार को तखवा चौराहे के पास से बाराबंकी सिद्धौर निवासी अमन कुमार को पकड़ा गया।

### भाई को शराब पिला कर बहन से किया दुराचार

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज में मजदूर सुभाष ने दोस्त की बहन के साथ दुराचार किया। वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी ने दोस्त को अधिक शराब पिलाई थी। यह आरोप लगाते हुए मोहनलालगंज कोतवाली में युवती के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बा निवासी मजदूर की दोस्ती बंथरा निवासी सुभाष से है। शुक्रवार को मजदूर ने दोस्त की बहन से रेप किया।

चारबाग में शनिवार दोपहर तेज हवाओं से विशालकाय पेड़ गिर गया।

### चारबाग में ऑटो-होटल पर पेड़ गिरा, तीन घायल

**लखनऊ।** चारबाग स्थित पुराने रोजगार कार्यालय के पास शनिवार दोपहर होटल और ऑटो पर पेड़ गिरने से तीन लोग घायल हो गए। नाका पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। पेड़ गिरने से एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इंस्पेक्टर नाका तेजपाल सिंह ने बताया कि मुसाफिरखाना के पास कृष्णा भोजनालय है। शनिवार दोपहर राजेश के साथ उसकी पत्नी रागिनी और पांच साल की बेटी होटल में मौजूद थे। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए।

### डिलीवरी का डिजिटलीकरण किया

**लखनऊ।** ब्लूडार्ट एक्सप्रेस लि. ने सामान की सही डिलीवरी के लिये अपने प्लेटफार्मों को ग्लोबल इनोवेटिव लोकेशन टेक्नालॉजी से इंटीग्रेट किया है। व्हाट्थ्री वर्ड्स पूरी दुनिया के लोकेशन की जानकारी के आदान प्रदान के तरीके में बदलाव ला रहा है। माई ब्लू डार्ट ऐप, वेबसाइट और ऑन द मूव प्लेटफार्म के एड्रेस सेक्शन में अपना पता जोड़कर डिलीवरी लोकेशन बताई जा रही है।

### पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

**लखनऊ।** दहेज की मांग पूरी न होने पर गर्भवती पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति सुनील कुमार गौतम को एडीजे रेखा शर्मा ने आजीवन कारावास व बीस हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट में सरकारी वकील ने बताया कि वादी लल्लू ने थाना माल में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 25 जून 2017 को उसने अपनी बहन गुलशन की शादी सुनील कुमार गौतम से की थी।

### हरदोई: नवजात की मौत पर परिजनों का हंगामा

**हरदोई।** मेडिकल कालेज के एनएसयू में भर्ती नवजात की मौत होने पर खफा परिजनों ने मेडिकल कालेज परिसर में ही हंगामा काटना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल कालेज के स्टाफ की लापरवाही की वजह से उनके बच्चे की जान गई है। बच्चे की भर्ती के लिए उनसे रुपये लिए गए हैं। सुरसा कस्बे के निवासी परशुराम ने शुक्रवार को अपनी पत्नी मीनू को प्रसव पीड़ा के दौरान सीएचसी पर भर्ती कराया था।

सपा कार्यालय में सपा प्रमुख ने एलयू छात्र संघ पदाधिकारियों को संबोधित किया।

### छात्र संघ की बहाली कराई जाएगी: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लखनऊ छात्रसंघ की बहाली कराई जाएगी। छात्र संघ से नया नेतृत्व निकलता है। भाजपा ने शिक्षण संस्थाओं और छात्र संघों को नष्ट करने का काम किया है। अखिलेश शनिवार को सपा कार्यालय में एलयू व महाविद्यालयों के पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। शिया कालेज छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अनुराग यादव अन्नू, रतन चन्द्र सोनकर, मो. अजमी, सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद, पूजा शुक्ला मौजूद रहे।

### चन्द्र प्रकाश अध्यक्ष, कशिश महामंत्री बनीं

**लखनऊ।** ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के पीएचएन ट्यूटर विंग की प्रदेश कमेटी का शनिवार को गठन किया गया। जिसमें चंद्र प्रकाश तिवारी को प्रदेश अध्यक्ष व कशिश रिजवी को प्रदेश महासचिव बनाया गया। फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव मनीष कुमार मिश्रा के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा एवं प्रदेश महासचिव प्रियंका चौधरी ने पीएचएन विंग का गठन किया है।

### अल्पसेवित समुदाय की शिक्षा, स्वास्थ्य पर बल दें

**लखनऊ।** इंटीग्रल विश्वविद्यालय में शिक्षा और विकास: वंचितों को सशक्त बनाना और उत्थान करना पर राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हुई। अलीगढ़ विवि के पूर्व कुलपति प्रो. जमीरउद्दीन ने कहा कि इस काल में अल्पसेवित समुदाय को विकास के शिक्षा और स्वास्थ्य पर बल देना होगा तभी मुख्यधारा से जुड़ पाएंगे। एसवाई कुरैशी ने कहा कि हर धर्म शिक्षा पर बल देता है। हमको इसका प्रसार करना चाहिए।

### उन्नाव में गैंगरेप पीड़िता के बेटे की हालत में सुधार

**उन्नाव।** मौरावां अग्निकांड में झुलसे गैंगरेप पीड़िता के बेटा व बहन का केजीएमयू में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि इलाज के बाद से बेटी की हालत में सुधार हो रहा। बहन की हालत नाजुक है। बताते चलें कि 17 अप्रैल की शाम घर में आग लगाए जाने से गैंगरेप पीड़िता का बेटा और बहन झुलस गए थे।

## डॉ. निकहत की पहचान रही शायरी और दिलेर जिंदगी

स्मृति शेष

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** दुनिया के तमाम मुल्कों में शायरी का परचम बुलंद करने वाली शायरा डा. नसीम निकहत के पति मुनव्वर जाफरी (पपलू लखनवी) हास्य शायरी के मशहूर नाम हैं। डा. नसीम निकहत के निधन की खबर आते ही साहित्य की दुनिया में शोक की लहर फैल गई। मशहूर शायरों ने उन्हें न सिर्फ एक ओरिजनल शायरा के रूप में बल्कि एक दिलेर औरत के रूप में याद किया।

10 जून 1958 को जन्मी डा. नसीम निकहत ने पाकिस्तान दुबई, बहरीन, कतर, कनाडा समेत अन्य देशों में शायरी का परचम फहराया। तरन्नुम के साथ ही महिलाओं का दर्द शायरी में समेटने वाली शायरा ने अपनी एक अलग पहचान बनायी। उनकी शायरी का आलम ये था कि सोशल साइट पर उनके वीडियो और शायरी बेहद मशहूर हुए। डॉ. नसीम ने दो बार हार्ट अटैक भी झेला। शायर परवेज मलिकजादा ने बताया कि नसीम निकहत का डेढ़ साल पहले ब्रेन हेमरेज हुआ था। जिसके बाद वह बिल्कुल ठीक हो गई थीं। शनिवार को अचानक से तबियत बिगड़ी और उनका इंतकाल हो गया।

### लोकप्रिय रचनाएं

1980 में पहलीकिताब धुआं-धुआं, 1984 में भीगी आंखें, 1990 के आसपास फूलों का बोझ, 1995 में ख्वाब देखने वाली, 2013 में वाकयात-ए- कर्बला लिखी। 1979 में डा. नसीम ने सिर्फ 17 की उम्र में पहली बार मुशायरे में कलाम पढ़े।

### वह मुझे बेटा कहती थीं...

डा. नसीम निकहत और मेरा 35 वर्ष पुराना साथ था। उनका दुनिया से जाना जैसा है, वो मुझे कभी सर्वेश नहीं बल्कि बेटा कहकर बुलाती थीं। जब तक नसीम आपा के बच्चों की शादी नहीं हुई थी तो क्या पढ़ाना है, करियर को लेकर बात होती रहती थी।

सर्वेश अस्थाना हास्य कवि

### विदेश में बनाई पहचान

आज औरतों के हक की बात करने वाली शायरा चली गई। हिन्दुस्तान की दुनिया भर में नुमाइंदगी करने वाली शायरा विदा हो गई। उन्होंने देश दुनिया के तमाम मुल्कों में एक अलग पहचान बनायी थी। उनका बोलने का अंदाज और खालिस शायरी की पहचान अलग थी।

चरन सिंह बशर शायर

### साबिरा आपा के लिए आयी

रमजान से दो दिन पहले कैफी आजमी अकादमी में मुशायरा था। डा. नसीम को आमंत्रित करने के लिए फोन किया तो उन्होंने बताया कि बीमार हूं लेकिन जब मैंने बताया कि निजामत मैं कर रही हूं तो उन्होंने कहा कि जरूर आऊंगी और कहा कि बीमारी में सिर्फ साबरा आपा की वजह से आयीं।

प्रो. साबरा हबीब

"हिन्दुस्तान के साथ ही दुनिया भर में अपनी शायरी वास्तविक शायरी के लिए मशहूर डा. नसीम निकहत सोशल साइट पर बेहद लोकप्रिय थीं। यूट्यूब पर उनकी एक एक शायरी पर लाखों व्यूज हैं। सोशल साइट में बड़े से बड़े नाम उनकी शायरी को कोट करते हैं। भारत में बहुत ही कम महिला शायर हैं जिन्हें इस तरह का नाम मिला। मेरे वालिद मलिकजादा मंजूर की पंसदीदा शायरों में भी डा. नसीम निकहत का नाम था। आज उनका जाना आंखे नम कर गया। इतनी तालीमयाफ्ता महिला शायर भी देश में कम हैं। **परवेज मलिकजादा**, शायर

## नहर में कूदी महिला को सिपाही ने बचाया

**लखनऊ।** गाजीपुर इलाके के रिंग रोड पर रहने वाली 42 वर्षीय एक महिला ने शनिवार दोपहर पुल से इंदिरा नहर में छलांग लगा दी। यह देख डायलडग प्वाइंट पर ड्यूटी कर रहे टीएसआई मुराली लाल यादव व अन्य पुलिस कर्मी शोर मचाने लगे। ड्यूटी पर तैनात सिपाही अर्जुन सिंह ने नहर में कूदकर महिला को डूबने से बचा लिया। बीबीडी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। जहां नहर में रस्सा डालकर महिला और सिपाही को खींचकर बाहर निकाला गया। पुलिस कर्मियों ने उसे समझाते हुए शांत कराया। महिला को चाय-पानी मंगाकर पिलाई। महिला से पूछताछ की तो उसने बताया कि परिवार में 20 और 15 साल की दो बेटी और 13 साल का एक बेटा है। पति कोरोना काल में नौकरी छूटने से बेरोजगार है।

## चौकी में पीटने वाले दरोगा सिपाही की तलाश में दबिश

**लखनऊ।** सरोजनीनगर कोतवाली की बदालीखेड़ा चौकी में प्रॉपर्टी डीलर के मुंशी सुधीर मौर्य की पिटाई के आरोपित चौकी प्रभारी दिनेश यादव और सिपाही रवि की तलाश में लखनऊ और दो जिलों में दबिश दी गई। इन्हें कई दिन से बयान के लिये बुलाया जा रहा था। दोनों ने मोबाइल ऑफ कर लिया।

एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह की जांच पूरी होने के बाद ही गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए गए थे। दोनों को पहले से निलम्बित हैं। अवध विहार कालोनी निवासी सुधीर मौर्य ने केस दर्ज कराया था। एडीसीपी शशांक सिंह की जांच में दोनों लोग रिश्वत लेने के दोषी मिले थे। इसके बाद ही डीसीपी विनीत जायसवाल ने दोनों को निलम्बित कर दिया था।

### नोटिस पर भी बयान नहीं

एडीसीपी ने दोनों को बयान के लिये नोटिस भेजा पर, वे नहीं आये। दोनों ने फोन भी बंद कर लिए तो पुलिस की दो टीमें तलाश में लगाई गई। जिसे ने शुक्रवार रात, शनिवार कई जगह पर दबिश दी पर कुछ पता नहीं चला।

## बीकेटी: युवक की सड़क हादसे में मौत

**लखनऊ।** बीकेटी में डायलिसिस कराने भाई के साथ बाइक से जा रहे शुभम मिश्रा (23) की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक इटौंजा के कुम्हरावा निवासी शुभम मिश्रा सात वर्ष से किडनी की बीमारी से परेशान थे। चाचा संजय मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार सुबह शुभम भाई संदीप बीकेटी के पास पहुंचे तभी आगे चल रही टेंपो चालक ने सवारी भरने के लिए ब्रेक लगा दी। इस बीच बगल में चल रही बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक पर पीछे बैठा शुभम गिरकर चोटिल हो गया। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान शुभम ने दम तोड़ दिया।

## ऑटो-टेम्पो से लग रहे जाम पर यूनियनों को अल्टीमेटम

जाम से जंग

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** शहर में ट्रैफिक जाम की वजह बने थ्री व्हीलर ऑटो रिक्शा और टेंपो ड्राइवरों की खैर नहीं। मंडलायुक्त के निर्देश पर शनिवार को ऑटो और टेंपो यूनियन के साथ आरटीओ ने बैठक की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने यूनियन के पदाधिकारियों को चेतावनी दी कि शहर के मुख्य मार्ग अवध चौराहा, आलमबाग बस अड्डा, चारबाग, हुसैनगंज, हजरतगंज, निशातगंज और पॉलीटेक्निक चौराहे पर ठहराव किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेकिंग के दौरान ऑटो-टेंपो चालकों की अराजकता सड़क पर दिखाई पड़ने पर चालान की कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में ऑटो-टेंपो चालक स्टैंड पर सवारी बैठाने और उतारने का काम करेंगे। बैठक में आरटीओ प्रशासन आरपी द्विवेदी, एआरटीओ अमित राजन राय, पंकज दीक्षित, राजेश राज आदि मौजूद थे।

## देश की अर्थव्यवस्था के लिए सीए महत्वपूर्ण

**लखनऊ।** चार्टर्ड एकाउंटेंट देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। यह बात सीए रोहित रोबतिया अग्रवाल, चेयरमैन करियर काउंसलिंग ने कही। वह शनिवार को आईसीएआई द्वारा गोमती नगर स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित मेंटरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आईसीएआई 05 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सामाजिक-आर्थिक सुधारों के लिए एक उत्प्रेरक बनने और विभिन्न सरकारी पहलों को सहायता प्रदान करने के लिए लगातार काम कर रहा है।

## बीमा में स्वतंत्र सर्वेक्षक का होना बेहद जरूरी

**लखनऊ।** साधारण बीमा व्यवसाय में स्वतंत्र सर्वेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्योंकि वह निष्पक्ष रूप से बीमा धारक की हानि का आकलन करता है। यह बात बीमा लोकपाल अतुल सहाय ने कही। वह शनिवार को कानपुर रोड स्थित रमाडा प्लाजा में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंश्योरेंस सर्वेयर एंड लॉस असेसर्स (इसला) द्वारा आयोजित बीमा सर्वेयर्स के लिए दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने स्वतंत्र सर्वेक्षकों से अपनी रिपोर्ट जल्द भेजने की सलाह दी। रिपोर्ट में देरी होने से भ्रष्टाचार होने की संभावना बढ़ जाती है।

## आईपीएल ड्यूटी पर आते हुए कार गिरी, तीन कर्मी जख्मी

**काकोरी, संवाददाता।** अलीगढ़ से आईपीएल मैच में ड्यूटी के लिए आ रहे अलीगढ़ ट्रैफिक कर्मियों की गाड़ी शनिवार शाम आगरा एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर 12 फीट ऊंचाई से खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार ट्रैफिक इंस्पेक्टर और दो सिपाही कार के अंदर फंस गए। काकोरी पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

**एक्सल टूटने से अनियंत्रित हुई गाड़ी:** इंस्पेक्टर विजय यादव ने बताया कि अलीगढ़ ट्रैफिक लाइन में इंस्पेक्टर विनय सागर शुक्ला तैनात हैं। एक मई को इकाना स्टेडियम में आईपीएल का मैच है। इसमें विनय के साथ सिपाही शुजाउद्दीन और अनिल कुमार की ड्यूटी लगी है। शनिवार शाम तीनों लोग सरकारी गाड़ी से लखनऊ आ रहे थे।

### 12 फीट की खाई में पलटी

डिवाइडर से टकराने के बाद पलटी खाते हुए कार को नीचे गिरते देख लोग सहम गए। 12 फीट ऊंचाई से गिरी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर विनय सागर शुक्ला, अनिल कुमार और शुजाउद्दीन कार के अंदर ही फंस गए। जिन्हें बाहर निकाल लिया।

## बेनामी लॉकर मालिकों पर शिकंजा

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** गोरखपुर सहजनवा स्थित गैलेंट इस्पात के 32 ठिकानों में से 30 जगह सर्च ऑपरेशन पूरा हो गया। आयकर की टीमों ने बयान दर्ज कर लिए हैं। अभी गोरखपुर स्थित फैक्ट्री और आवास पर सर्च ऑपरेशन जारी है। आयकर अधिकारियों ने उन लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है जिनके नाम से लॉकर मिले हैं। सूत्रों के अनुसार आयकर अधिकारियों के सवालों पर कर्मचारियों के पसीने छूट गए। अब तक 500 करोड़ का हिसाब नहीं मिला है।

सूत्रों ने बताया कि कंपनी के मालिकान और निदेशक पूछताछ के दौरान गोलमोल जवाब देते रहे। आयकर अधिकारियों ने लखनऊ और गोरखपुर में 13 बक्सों में फाइलों के बंडल अपने कब्जे में लिए हैं। 16 कम्प्यूटर हार्डड्राइव, लैपटाप, पेन ड्राइव भी पड़ताल के लिए लखनऊ के अशोक मार्ग स्थित आयकर मुख्यालय में भेज दी गई है। तीन दिन पहले आयकर ने यूपी, दिल्ली, गुजरात राज्य में गैलेंट इस्पात के दफ्तरों, फैक्ट्री और निदेशकों के आवासों पर छापेमारी शुरू की थी। लखनऊ में एनबीआरआई के सामने स्थित आवास से दोपहर से टीमें निकल गईं।

### इतना आलीशान घर के अफसरों की आंखें चौंधियाईं

गोरखपुर में कंपनी के मालिकान के आवास किसी सात सितारा होटल से कम नहीं थे। इंटीरियर डिजाइन, बेशकीमती साजसज्जा देखकर आयकर अधिकारियों की आंखें भी चौंधिया गई। इन खर्चों और कमाई से जुड़े सवालों के जवाब भी आयकर अधिकारी तलाश रहे हैं।

### गैलेंट मामले में हुई व्यापारियों से पूछताछ

**गोरखपुर।** गैलेंट समूह के एमडी चंद्र प्रकाश अग्रवाल और उनके करीबियों के कार्यालय व आवास पर आयकर की टीमों का सर्च ऑपरेशन चौथे दिन शनिवार को भी जारी रहा है। समूह से जुड़े स्क्रैप का कारोबार करने वाले पिपराइच के एक कारोबारी के ठिकाने पर भी टीम ने दस्तावेज खंगाले।

## सिटी स्पोर्ट्स

## हिन्दुस्तान मीडिया कॉरपोरेट लीग का केडी स्टेडियम में धमाकेदार आगाज आज

**लखनऊ।** हिन्दुस्तान-सीएएल क्रिकेट लीग का धमाकेदार आगाज रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होने जा रहा है। उद्घाटन मुकाबला बैंक ऑफ इंडिया और बीएसएनएल के बीच होगा।

इस कॉरपोरेट लीग का उद्घाटन सुबह 7.30 बजे अपर मुख्य सचिव खेल डा. नवनीत सहगल और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक शरद चंदक करेंगे। विजेता और उपविजेता टीमों को दी जाने वाली ट्रॉफियों का अनावरण भी होगा। प्रतियोगिता के आयोजन में फिनिक्स पलासियो, बीके सराफ, कैवल्य कम्युनिकेशन, लैबकेम पैथलैब सहयोग कर रहे हैं। इस ट्वेंटी-20 लीग में लखनऊ के कॉरपोरेट जगत की श्रेष्ठ आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन्हें दो पूलों में रखा गया है। लीग का मकसद कारपोरेट जगत क्रिकेट खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच प्रदान करना है। लीग में हर मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही विजेता-उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा।

सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, सर्वश्रेष्ठ फील्डर, मैन ऑफ सीरीज के विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे। मैच लाल गेंद से होंगे। खिलाड़ी सफेद किट में रहेंगे। टी-शर्ट आयोजकों की तरफ से होगी। प्रतियोगिता के मैच क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के अंपायर, स्कोरर की देखरेख में होंगे।

### ये टीमें ले रहीं हिस्सा

**पूल-ए:** टाटा मोटर्स, कैरियर डेंटल, पाथ वेब एवं यूपी पोस्टल

**पूल-बी:** यूपी पुलिस, फिनिक्स पलासियो, बैंक ऑफ इंडिया एवं बीएसएनएल

## इकाना स्टेडियम में गूंजा कोहली-कोहली

**लखनऊ।** किंग कोहली की एक झलक पाने के लिए खेलप्रेमी भरी दोपहर ही गोमतीनगर स्थित एक होटल के सामने खड़े थे। वहीं इकाना स्टेडियम के गेट पर भी भारी भीड़ जमा थी। आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलने के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम शुक्रवार को ही यहां पहुंच गई थी। शनिवार को इकाना स्टेडियम पहुंचना था। सभी की लालसा यही थी कि वे विराट कोहली की एक झलक देख लें।

होटल के बाहर दो बसें सुबह से खड़ी थीं। टीम शाम पांच बजे निकली। बसों पर आरसीबी की ब्रांडिंग थी। भीतर का कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। खिलाड़ी होटल से निकले और बसों पर बैठने लगे। जैसे ही कोहली निकले वैसे ही पूरा माहौल कोहली-कोहली से गूंज उठा। इसके बाद भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच टीम इकाना स्टेडियम पहुंची। इकाना स्टेडियम के बाहर सैकड़ों खेलप्रेमी खिलाड़ियों की झलक पाने के लिए खड़े थे। कोहली की झलक पाने की इच्छा पूरी ना हो सकी। बस पर ब्रांडिंग इतनी थी कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था।

इकाना में प्रैक्टिस के दौरान कोहली।

### जमकर अभ्यास

टीम करीब सवा पांच बजे इकाना स्टेडियम पहुंची। टीम के अभ्यास के लिए पहले से ही इंतजाम थे। विराट कोहली, कप्तान फाफ डुप्लेसिस, ब्रासवेल, दिनेश कार्तिक, ग्लेन मैक्सवेल, मो. सिराज, शाहबाज अहमद, लोमरोर जैसे खिलाड़ियों ने पहले मैदान पर वार्मअप किया।

### कोहली ने 2009 में लखनऊ में ठोका था शतक

विराट कोहली इकाना स्टेडियम में पहली दफा खेलेंगे। वैसे वह लखनऊ में इससे पहले उत्तर प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेल चुके हैं। साल 2009 में उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बीच डा. अखिलेश दास क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबला हुआ था। उत्तर प्रदेश की टीम मो. कैफ और दिल्ली की टीम आकाश चोपड़ा की अगुवाई में उतरी थी। कोहली ने दूसरी पारी में 22 चौके जमाए थे।

## मैच के चलते कल बदलेगा ट्रैफिक

इकाना स्टेडियम में एक मई को आईपीएल क्रिकेट मैच का आयोजन होगा। ऐसे में कमता, ट्रांसपोर्टनगर से आने वाले वाहनों के आवागमन की व्यवस्था रहेगी। डीसीपी ट्रैफिक रईस अख्तर ने बताया कि वाहनों का डायवर्जन दोपहर तीन बजे से होगा।

### कमता से आने वाले वाहन

- कमता चौराहे से शहीद पथ के रास्ते कानपुर रोड को जाने वाले वाहन सीधे जाएंगे। अहिमामऊ रैंप से नीचे नहीं उतरेंगे।
- अहिमामऊ चौराहे से यू-टर्न लेकर वाहन गोमतीनगर की ओर नहीं जा सकेंगे। यह वाहन मेदांता से यू-टर्न लेकर जाएंगे।

### सुल्तानपुर रोड से आने वाले

- सुल्तानपुर रोड से आने वाले वाहन अहिमामऊ चौराहे नहीं जा सकेंगे। यह वाहन अमूल तिराहे से लूलू माल के रास्ते शहीद पथ से जाएंगे।
- पुलिस मुख्यालय की ओर जाने वाले वाहन एचसीएल तिराहे से प्लासियो अंडरपास के रास्ते नहीं जाएंगे। अहिमामऊ चौराहे से दाहिने मुड़कर जाएंगे।

### शहीद पथ को आने वाले

- कानपुर रोड से शहीद पथ से आने वाले वाहनों के लिए किसी प्रकार का कोई डायवर्जन नहीं होगा। यह वाहन शहीद पथ के रास्ते सीधे कमता जा सकेंगे।
- क्रिकेट मैच देखने आने वाले दर्शकों के वाहन अहिमामऊ अंडरपास से सीधे पार्किंग स्थल तक पहुंच सकेंगे।

### क्यूआर कोड से पार्किंग

- टिकट में अंकित पार्किंग का क्यूआर कोड स्कैन कर पार्किंग रूट मोबाइल पर ले सकेंगे।

# कानपुर की नाक ऊंची करने वालों का सम्मान

## भव्य समारोह में उद्योग जगत की 23 हस्तियों को हिन्दुस्तान कानपुर श्री सम्मान से नवाजा

कानपुर को प्रदेश की आर्थिक राजधानी बनाने वाली उद्योग जगत की प्रमुख 23 हस्तियों को प्रतिभा-परिश्रम और कानपुर का मान बढ़ाने के लिए हिन्दुस्तान कानपुर श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर साथ में थे मुख्यमंत्री के सलाहकार और पूर्व अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी व उनकी पत्नी प्रख्यात गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी। सम्मान समारोह में उन्होंने शहर से जुड़ी यादें साझा कीं। कानपुर के लिए आंखों में बसे सपनों का जिक्र किया। सवालों के स्टीक जवाब दिए और बीच-बीच में गीतों के मुखड़े भी सुनाए। शुक्रवार को दि लैंडमार्क होटल में यह खूबसूरत महफिल आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने सजाई।

**अंदाज** शुक्रवार को कानपुर में आयोजित हिन्दुस्तान कानपुर श्री सम्मान समारोह में टॉक शो में सवालों के जवाब देते मुख्यमंत्री के सलाहकार व पूर्व अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी और उनकी पत्नी प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी। टॉक शो में उनसे बात कर रही थीं फीवर एफएम की यूपी कंटेंट हेड पूजा बेरी।

**सम्मान** कार्यक्रम के दौरान अशोक मसाले के मालिक अरुण गुप्ता और अंचल गुप्ता को अवनीश अवस्थी ने सम्मानित किया।

**पुरस्कृत** कार्यक्रम के दौरान आरएसपीएल ग्रुप की ओर से मौजूद अधिकारी शैलेंद्र कुमार शुक्ला को सम्मानित किया गया।

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सम्मान समारोह की शुरुआत बेहद दिलचस्प टॉक शो से हुई, जिसमें अवनीश अवस्थी और मालिनी अवस्थी ने सवालों के जवाब दिए। इस सिलसिले में दोनों ने कानपुर की तरक्की से लेकर जीवन की तमाम मीठी यादों तक का जिक्र किया। उन्होंने एक-दूसरे के बारे में पूछे गए तीन-तीन सवालों के जवाब सफलतापूर्वक दिए। इससे पूर्व 'हिन्दुस्तान' के प्रधान संपादक शशि शेखर ने कहा कि लोग उनका सम्मान नहीं करते, जो शहर का नाम बढ़ाते हैं। युवाओं को रोजगार देते हैं। शहर की नाक ऊंची करते हुए नई पहचान देते हैं। हिन्दुस्तान ने यह सिलसिला कानपुर से शुरू कर दिया है। टॉक शो के बाद मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने कपड़ा, ज्वेलरी, लेदर, एफएमसीजी, मेडिकल, शिक्षा और निर्माण तक हर क्षेत्र के अग्रणी लोगों को हिन्दुस्तान कानपुर श्री सम्मान से सम्मानित किया।

## लौटाना चाहती हूं बंद मिलों की धड़कन: मालिनी

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। 'तमाम मिलें जो कानपुर की धड़कन थीं, अरसे से बंद हैं। ये कभी शहर की पहचान होती थीं। मैं मेयर होती तो इन मिलों को दोबारा शुरू कराती। शहर के उद्योगों की धड़कन वापस लौटती तो तरक्की के नए रास्ते खुलते। मैंने यहां की मिलों की चादर ओढ़ी है। लाल इमली के कोट पहने हैं। यह बंद मिलें लोगों के दिलों में बसी हैं। इन्होंने शहर को पहचान और रोजगार दिए हैं।' प्रख्यात गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने टॉक शो में एक सवाल के जवाब में यह कहा। उनसे पूछा गया था कि अगर आप मेयर होतीं तो कानपुर के लिए क्या-क्या करतीं?

टॉक शो में मालिनी ने कहा कि

### एक देश जैसा है कानपुर यहां सभी में है संतोष

कानपुर एक देश जैसा है। यहां की संस्कृति अलग है। यहां सब खुश हैं और सभी में संतोष है। शहर में पहले ट्रैफिक समस्या अधिक थी, अब कुछ सुधार हुआ है।

**जरा हल्के गाड़ी हांको....:** बातचीत के क्रम में उन्होंने कई जवाब गीतों के मुखड़े के माध्यम से दिए। अवनीश अवस्थी के कहने पर उन्होंने कबीर की दो पंक्तियों के जरिए जीवन का सच बताया। 'जरा हल्के गाड़ी हांको..... मोरे राम गाड़ी वाले'। इसकी व्याख्या भी की, 'यह जीवन की गाड़ी है, जिसे राम खींच रहे हैं।'

## कानपुर को आईटी हब बनाने की ख्वाहिश: अवनीश

कानपुर, मुख्य संवाददाता। 'कानपुर को आईटी हब बनाने की ख्वाहिश है। लखनऊ बदल गया, प्रयागराज बदला, काशी बदली और आगरा तक बदल चुका है। यूपी के सबसे बड़े शहर कानपुर को बदलना बाकी है। मैं चाहता हूं कि इस शहर को आईटी हब बनाया जाए। यह इतना खूबसूरत और साफ हो कि देश में अलग ही दिखाई दे।'

मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने टॉक शो में कानपुर की तरक्की की अभिलाषा इन शब्दों में व्यक्त की। 'अगर आप इस शहर के मेयर बन जाएं तो क्या करना चाहेंगे', इस सवाल का जवाब देते हुए उनकी आंखों में कानपुर में बिताए पढ़ाई के दिन झलक उठे।

उन्होंने कहा कि जब मैं वाराणसी का डीएम था, तब शहर की स्थिति बहुत खराब दिखती थी। आज वाराणसी चमक रहा है। प्रयागराज

शुक्रवार को हिन्दुस्तान के सम्मान समारोह में शहर के गणमान्य लोगों ने भी शिरकत की।

जाता रहता हूं। कई साल पहले के इलाहाबाद और अब के प्रयागराज में काफी अंतर आ चुका है। शहर साफ-सुथरा हो चुका है। आगरा भी बेहतर हो गया है। लखनऊ की बात ही निराली है। शहर अलग ही नजर आता है। मैं कानपुर का रहने वाला हूं। अब इसे बदलना होगा।

**बस एक कसक रह गई बाकी:** अवनीश अवस्थी ने कहा, 'जिंदगी में बस एक कसक बाकी रह गई। मेरी तैनाती कभी कानपुर नहीं हुई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि दस्तावेजों में मेरा गृह जनपद कानपुर दर्ज है। नियम आड़े आ गए। मैंने सोचा था कि अपने शहर के लिए कुछ अलग करूं, जो नहीं हो सका'। उन्होंने कहा कि कानपुर का अंदाज ही अलग है। यह ठेठ शहर है

### इन्हें मिला सम्मान

**अरुण गुप्ता व अंचल गुप्ता :** अशोक मसाले के मालिक हैं। जिनका यह ब्रांड देश में मसाला ब्रांड बन चुका है। यह पूरे देश में कानपुर का मान बढ़ा रहा है।

**मुख्तारुल अमीन :** सुपर हाउस ग्रुप के चेयरमैन व एमडी मुख्तारुल अमीन ने पूरी दुनिया में चमड़ा निर्यात को लेकर कानपुर का मान बढ़ाया है। उन्होंने एलनहाउस पब्लिक स्कूल व डीपीएस जैसे उत्कृष्ट संस्थान भी दिए हैं।

**योगेश अग्रवाल :** रिमझिम इस्पात के मालिक हैं। स्टेनलेस स्टील वायर रॉड के उत्पादन में दुनिया में चौथे और भारत में पहले नंबर पर हैं। पूरी दुनिया में कानपुर को अलग पहचान दिलाई।

**सुनील गुप्ता व अंकित गुप्ता :** कानपुर एडिबल प्रा. लि. के मालिक सुनील गुप्ता व अंकित गुप्ता ने मयूर ब्रांड से पूरे देश में कानपुर को पहचान दिलाई है। खाद्य तेल में यह एक बड़ी कंपनी है।

**महेश चंद्र जैन :** पीबी सोसाइटी ज्वेलर्स प्रा. लि. के मालिक महेश चंद्र जैन ने कानपुर को क्वालिटी ज्वेलरी प्रदान की है। वह यूपी सराफा एसो के भी हेड हैं।

**डॉ. अतुल कपूर :** रीजेंसी मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के मालिक हैं। उन्होंने कानपुर और लखनऊ को मेडिकल सुविधाओं में आगे बढ़ाया है।

**नीरज गुप्ता :** कड़क फैमिली टी प्रा. लि. के मालिक विनोद गुप्ता की अनुपस्थिति में नीरज ने अवार्ड लिया। 40 सालों से देश में क्वालिटी चाय दे रहे हैं। इसके 9 ब्रांड मार्केट में हैं।

**पं. नरेंद्र शर्मा :** मां कामाख्या दरबार फ्रेगनेंस प्रा. लि. (तिरंगा अगरबत्ती) के मालिक नरेंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर कानपुर को पहचान दिलाई है। देश की खुशबू पंचलाइन के साथ यह जन-जन में पहचानी जाती है।

**डॉ. विवेक सिंह :** महाराणा प्रताप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की अगुवाई कर रहे डॉ. विवेक सिंह संग ही गौरव भदौरिया नई पीढ़ी के युवाओं को अत्याधुनिक व गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

**अमित नारायण-उदित नारायण:** नारायना ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के माध्यम से अमित नारायण इंजीनियरिंग, मेडिकल, फार्मेसी व मैनेजमेंट के क्षेत्र में छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

**राजेंद्र अग्रवाल :** सोना चांदीस ज्वैलर्स के मालिक हैं। राष्ट्रीय स्तर पर शहर का मान बढ़ाया है।

**डॉ. प्रणव सिंह :** रामा ग्रुप दो दशक से मेडिकल शिक्षा के सपनों का पूरा कर रहा है।

**नंदन गुप्ता:** मंटोरा ऑयल 1987 से रनिया में स्थापित है। बावर्ची व धमक जैसे ब्रांड हैं।

**डॉ. देव व डॉ. आकांक्षा लुंबा :** मधुराज हॉस्पिटल के माध्यम से चिकित्सा सुविधा मिल रही है। यह निसंतान दंपतियों के जीवन में मुस्कान ला रहा है।

**श्रेयांश कपूर :** काशी ज्वैलर्स मैन्युफैक्चरर और प्रतिष्ठित एक्सपोर्ट हाउस के रूप में पूरी दुनिया में पहचाना जा रहा है।

**विवेक गुप्ता:** लाला पुरुषोत्तम दास ज्वैलर्स लोगों का भरोसा बन चुका है।

**रवि कपूर :** केज ज्वैलर्स कई देशों में कानपुर का मान बढ़ा रहा है।

**दिनेश अग्रवाल :** मोहिनी चाय के मालिक हैं। वर्तमान में यह चाय के प्रमुख ब्रांड में गिना जाता है।

**राहुल रोहरा :** शिव ग्रामोद्योग डिटर्जेंट के मालिक हैं। यह मोर डिटर्जेंट ब्रांड से एक जाना-माना नाम है।

**अभिषेक व शिखा मिश्रा :** ब्लू वर्ल्ड के मालिक हैं। इन्होंने थीम पार्क बनाकर एक नया उद्यम दिया।

**शैलेंद्र शुक्ला :** आरएसपीएल, जो पूरी दुनिया में पहचाना जा रहा है। घड़ी, एक्सपर्ट, वीनस, नमस्ते इंडिया, रेड चीफ जैसे ब्रांड हैं।

**अंकित गुप्ता :** ओम प्लास्ट इंडिया लिमिटेड के मालिक है। इन्होंने प्लास्टिक मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से कानपुर का नया आयाम दिलाया है।

## कानपुर में नहाने गए चार छात्रों की डूबने से मौत

**दर्दनाक**

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। नर्वल तहसील के बगल में स्थित अमृत सरोवर में डूबने से शनिवार को चार छात्रों की मौत हो गई। चारों स्कूल की छुट्टी के बाद तालाब में नहा रहे थे। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने चारों को निकलवा कर पहले सीएचसी फिर कांशीराम अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। डीएम ने घटना की जांच के निर्देश दिए हैं।

तहसील से लगभग ढाई किलोमीटर दूर सेमरझाल गांव के सक्षम कुरील (15), अभय सविता (15), कृष्णा (13), दिव्यांश (14) और सक्षम का भाई सत्यम नर्वल में पढ़ाई कर रहे थे। सक्षम और अभय हाईस्कूल के छात्र थे, जबकि कृष्णा और दिव्यांश सातवीं के छात्र थे। सत्यम छठी कक्षा का छात्र है। स्कूल की छुट्टी के बाद पांचों अमृत सरोवर में नहाने पहुंच गए। थोड़ी देर बाद सत्यम बाहर आ गया। बाकी चार नहाते वक्त गहराई में पहुंच गए जिससे उनकी मौत हो गई।

### मुख्यमंत्री योगी ने किया आर्थिक मदद का ऐलान

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में तालाब में डूबने से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को 4- 4 लाख रुपए की राहत राशि तत्काल वितरित किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## हाजी याकूब की संपत्ति जल्द जब्त होगी

मेरठ। पूर्व मंत्री हाजी याकूब कुरैशी एंड फैमिली का गैंग डी-144 बनने के बाद पुलिस ने पूरे परिवार की निगरानी शुरू कर दी है। एक हिस्ट्रीशीटर की तर्ज पर पूरे परिवार की निगरानी की जाएगी। इसी के साथ पुलिस अब संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई को भी पूरा करने की योजना बना रही है। जो पिछले दिनों रोक दी गई थी।

मेरठ पुलिस ने हाजी याकूब कुरैशी के गिरोह को रजिस्टर्ड किया है, जिसे डी-144 नाम दिया गया है। गैंग में याकूब कुरैशी, दोनों बेटे इमरान व फिरोज, पत्नी संजीदा बेगम के अलावा फैजाब निवासी घोसीपुर, मुजीब निवासी नरहेड़ा, मोहित त्यागी निवासी शास्त्रीनगर शामिल हैं।







| S.No. | DESCRIPTION | DATE | TIME (HRS.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender Notice and e-Tender document on e-Tender Portal https://etender.up.nic.in | 29.04.2023 | 17:45 |
| 2 | Bid Submission Start Date | 29.04.2023 | 17:45 |
| 3 | Bid Submission Closing Date | 08.05.2023 | 18:00 |
| 4 | Opening of Technical e-bids | 09.05.2023 | 11:00 |



## खुदकुशी हराम, इसलिए मैं जिंदा हूं : आजम खां

रामपुर, संवाददाता। सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां पहली चुनावी सभा में काफी भावुक हो गए। कई दफा उनका गला रुंध आया और आंसू भी आ गए। रुंधते गले के बीच उन्होंने कहा कि खुदकुशी हराम है इसलिए मैं जिंदा हूं। कहा कि मैं और मेरे लोग सबसे कमजोर हैं, इसलिए जुल्म ढाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आप क्या चाहते हो कोई आए और कनपटी पर गोली मार कर चला जाए।

मुहल्ला चाह खजान खां में चुनाव को लेकर शुक्रवार की रात हुई जनसभा में उन्होंने अपना दर्द बयां किया।

### जलसे में भिड़े समर्थक

रामपुर। निकाय चुनाव पर आयोजित जनसभा में सपाई आपस में ही भिड़ गए। इस दौरान कार्यकर्ता ने सपा नेता को थप्पड़ जड़ दिया, जिससे हंगामा खड़ा हो गया। बाद में अब्दुल्ला आजम ने बीच बचाव कराया।

## राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की तिथि तय नहीं: चंपत

अयोध्या, संवाददाता। श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान रामलला के दिव्य मंदिर निर्माण के उपरांत प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तिथि अभी तय नहीं है।

श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय का कहना है कि पांच सौ साल की प्रतिक्षा के बाद निर्माणाधीन मंदिर के विशेष मुहूर्त के लिए देश के विद्वानों से विमर्श किया जा रहा है। वहीं समारोह में पीएम नरेन्द्र मोदी को भी शामिल होना है तो पीएमओ के उपयुक्त समय के साथ भी तालमेल करना होगा। ऐसी स्थिति में सीधे कोई तिथि घोषित करना संभव ही नहीं है। तीर्थ क्षेत्र महासचिव ने बताया कि कर्नाटक के मैसूर से श्याम वर्ण की पांच शिलाएं यहां आई हैं जिनमें से दो शिलाओं की कटिंग कर अंदर की गुणवत्ता परखी गयी।

MALL PARTNER

JEWELLERY PARTNER

HEALTH PARTNER

PR PARTNER

Event Managed by

■ मुख्तार को सजा सुनाने के दौरान अफजाल को कोर्ट से कर दिया गया था बाहर
■ वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी पूरी होने के बाद कोर्ट में दोबारा आए अफजाल अंसारी
■ दोपहर एक बजे फैसला सुनाए जाने के तुरंत बाद मुख्तार डिस्कनेक्ट हो गया

**05** बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके अफजाल अंसारी 38 साल से राजनीति में हैं सक्रिय

**02** हजार 19 में बसपा से चुनाव लड़ अफजाल ने भाजपा सांसद मनोज सिन्हा को दी थी शिकस्त

# सजा सुनते ही अंसारी बंधु की उड़ी रंगत

## कोर्ट रूम लाइव

**गाजीपुर, कार्यालय संवाददाता।** गैंगस्टर मामले में सुबह सवा दस बजे सांसद अफजाल अंसारी सफेद कुर्ता व पैजामे में कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान उनके चेहरे की रौनक उड़ी थी। उन्हें यह अहसास हो गया था कि आज सजा हो सकती है।

अफजाल वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में पहुंचे तो जज के आने तक केवल अपने वकील से ही बात करते रहे। दोपहर एक बजे जैसे ही जज दुर्गेश ने वीसी रूम में प्रवेश किया, उन्होंने वकील व वादी के अलावा अफजाल समेत सभी को बाहर कर दिया। इसके बाद मुख्तार बांदा जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ा। मुख्तार के चेहरे पर भी हवाई उड़ रही थी। हर बार पैर पर पैर चढ़ाकर बैठने वाला मुख्तार इस बार सामान्य तरीके से बैठा था। वह बार-बार चेहरा उठाकर पुलिसकर्मियों की तरफ देख रहा था। जैसे ही कोर्ट ने फैसला सुनाया वह भावुक हो गया। फैसला सुनाए जाने के तुरंत बाद वह डिस्कनेक्ट हो गया। उधर, कोर्ट रूम के बाहर अफजाल को जैसे ही मुख्तार से सजा होने की जानकारी हुई, वह भी भावुक हो गए। अहसास हो गया कि अब सजा तय है।

दोपहर दो बजे तक अफजाल कोर्ट रूम में बैठकर अपने वकील व उनके साथ मौजूद अधिवक्ताओं से चर्चा करते रहे। वह जानने की कोशिश कर रहे थे कि उनका क्या होगा। जब फिर से उनकी पेशी हुई तो चेहरा गिरा था। दोषी सुनाए जाने पर चेहरे की रंगत उड़ गई। इसके बाद पुलिसकर्मियों के साथ वैन में बैठकर जेल चले गए।

**जरूरी सामान लेकर आए थे कोर्ट:** अफजाल फैसले के मद्देनजर तैयार होकर आए थे। उन्होंने जेल में पहनने के लिए कपड़े और जरूरी सामान भी ले लिया था। पिछली पेशी पर भी वह कपड़े और सामान के साथ आए थे।

गाजीपुर में शनिवार को गैंगस्टर के मामले में शनिवार को कोर्ट से चार साल की सजा मिलने के बाद कैदी वाहन से जेल ले जाए जाते सांसद अफजाल अंसारी ।

## मिनट टु मिनट

**10:15** बजे सुबह
एमपी/एमएलए कोर्ट में पहुंचे सांसद अफजाल अंसारी

**10.20** बजे सुबह
वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में वकील के साथ पहुंचे अफजाल

**01.05** बजे दोपहर
जज दुर्गेश वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में पहुंचे

**01.07** बजे दोपहर
जज ने अफजाल को वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम से बाहर किया

**01.10** बजे दोपहर
जज ने मुख्तार के खिलाफ दस साल की सजा सुनाई

**01:15** बजे दोपहर
जज कोर्ट रूम से बाहर निकलकर लंच पर चले गए

**03:00** बजे दोपहर
फिर से अफजाल की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेशी हुई

**03:05** बजे दोपहर बाद
कोर्ट ने अफजाल को दोषी करार दिया और 4 साल की सजा सुनाई

**03:30** बजे दोपहर बाद
पुलिस अभिरक्षा में अफजाल को जिला जेल ले जाया गया

**03:40** बजे दोपहर बाद
जिला जेल में पहुंचे अफजाल अंसारी

## छावनी में तब्दील रहा कोर्ट परिसर

**गाजीपुर।** गैंगस्टर मामले में मुख्तार और अफजाल के खिलाफ फैसले की तारीखतय होने के कारण जिला पुलिस और खुफिया एजेंसियां अलर्ट रहीं।

सुबह सात बजे से ही शहर के प्रमुख चौराहे पर चेकिंग शुरू कर दी गई। बाहर से आने वाले वाहनों की तलाशी लेने के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा था। वहीं जिला न्यायालय के आसपास के इलाकों को सील कर दिया गया। पुलिस कार्यालय से आगे किसी भी वाहनों या व्यक्ति के जाने पर पाबंदी थी। वहीं कोर्ट परिसर में जाने वाले लोगों की सघन तलाशी ली जा रही थी। हालत यह थी कि एमएपी एमएलए कोर्ट की तरफ किसी आमजन को जाने से पुलिस ने रोक दिया था। जो कोई भी जा रहा था उसकी गहन तलाशी ली जा रही थी।

## चौथे मामले में मुख्तार को हुई सजा

■ गैंगस्टर में दर्ज एक और मामले में हो चुकी है दस साल की सजा
■ दो मामलों में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सुनाया है फैसला

**गाजीपुर, कार्यालय संवाददाता।** मुख्तार अंसारी को शनिवार को गैंगस्टर के एक और मामले में कोर्ट ने दस साल की सजा सुना दी है। इसके साथ ही अब तक मुख्तार के खिलाफ चार मामलों में फैसला आ चुका है। बीते वर्ष के दिसम्बर में गैंगस्टर के मामले में गाजीपुर में ही एमपी/एमएलए कोर्ट ने दस साल की सजा सुनाई थी। इसके अलावा लखनऊ हाईकोर्ट से दो मामलों में फैसला सुनाया जा चुका है।

वर्ष 1996 में मुख्तार अंसारी के खिलाफ गाजीपुर सदर कोतवाली में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हुआ था। पांच मुकदमों के आधार पर मुख्तार के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। इसमें कांग्रेस नेता अजय राय के बड़े भाई अवधेश राय की हत्या, कांस्टेबल राजेंद्र सिंह हत्याकांड, कांस्टेबल रघुवंश सिंह की हत्या, एडिशनल एसपी पर हमले और गाजीपुर में पुलिसकर्मियों पर हमले के मामलों को आधार बनाया गया था। इस मामले में 12 दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। अजय राय समेत 11 गवाहों ने मुख्तार के खिलाफ बयान दिया था। 15 दिसम्बर को कोर्ट ने 26 साल बाद गैंगस्टर मामले में 10 साल की सजा सुनाई थी।

### मुख्तार के खिलाफ दर्ज हैं 61 मामले

मुख्तार के खिलाफ प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 61 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें सबसे अधिक गाजीपुर में 25, मऊ में नौ, वाराणसी और लखनऊ में आठ-आठ मामले दर्ज हैं। वहीं कई अन्य जगहों पर भी केस दर्ज हैं। इसमें गाजीपुर में गैंगस्टर के दो मामलों में और लखनऊ में दो मामलों में सजा हो चुकी है। मौजूदा समय में मुख्तार के खिलाफ 20 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं।

**जेलर को धमकाने के मामले में हो चुकी है सजा:** 21 सितंबर 2022 को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच जेलर को धमकाने के एक मामले में मुख्तार को सात साल की सजा सुना चुकी है। वहीं 23 सितंबर को लखनऊ खंडपीठ ने ही 1999 में दर्ज गैंगस्टर मामले में पांच साल की सजा और 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई थी।

## सजा के बाद अफजाल की जाएगी लोस की सदस्यता

■ 1985 में शुरू हुआ था अफजाल अंसारी का राजनीतिक कॅरियर
■ 1996 तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के साथ बने रहे

**गाजीपुर, कार्यालय संवाददाता।** बसपा से गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी को पहली बार किसी मामले में सजा हुई है। गैंगस्टर के मामले में चार साल की सजा होने के बाद अब लोकसभा की सदस्यता जाना तय है। वहीं सजा पूरी होने के बाद छह सालों तक चुनाव लड़ने पर भी रोक रहेगी। ऐसे में वर्ष 1985 में शुरू हुआ अफजाल का राजनीतिक कॅरियर 38 साल बाद खत्म होने की कगार पर है। अफजाल अंसारी ने 1985 ने राजनीति में कदम रखा था। उस वक्त के जाने-माने कम्युनिस्ट नेता सरजू पांडेय ने उन्हें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से मुहम्मदाबाद से टिकट देकर चुनाव लड़वाया था। अफजाल ने अपने पहले ही चुनाव में कांग्रेस के अभय नारायण राय को तीन हजार वोटों से हराया था। ये चुनाव इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कराए गए थे।

1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 542 में से 425 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। इसके बाद अफजाल अंसारी 1996 तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के साथ बने रहे। कम्युनिष्ट पार्टी में लंबे सफर के बाद सपा फिर कौमी एकता दल और फिर सपा से होकर अफजाल बसपा में पहुंचे। इस दौरान पांच बार तक वह लोगों की पसंद बनकर विधानसभा में पहुंचते रहे। इसके अलावा वह गाजीपुर से दो बार सांसद भी निर्वाचित हुए। साल 2002 के विधानसभा चुनाव में अफजाल अंसारी हार गए।

**2004 में सपा के टिकट पर पहुंचे संसद :** विधानसभा में हार के बाद वर्ष 2004 के लोस चुनाव में अफजाल को गाजीपुर संसदीय सीट से सपा ने टिकट दिया। इस चुनाव में अफजाल अंसारी ने बीजेपी के खिलाफ मनोज सिन्हा को हराकर जीत दर्ज की थी। 2009 में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े लेकिन सपा के राधेमोहन सिंह ने हरा दिया।

2014 में फिर से लोस चुनाव में इन्हें हार मिली। इसके बाद वर्ष 2019 में सपा और बसपा के गठबंधन में बसपा के टिकट से चुनाव लड़े और भाजपा के सांसद मनोज सिन्हा को हराकर लोकसभा में पहुंचे।

## अभियोजन की दखल के बाद आया फैसला

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** माफिया मुख्तार अंसारी और उसके भाई अफजाल अंसारी इतने प्रभावशाली थे कि न्यायालय में 'चार्ज फ्रेम' होने की कार्यवाही भी पूरी नहीं हो पाती थी। अफजाल अंसारी के विरुद्ध यह कार्यवाही अभियोजन निदेशालय की दखल के बाद 12 वर्षों बाद हो पाई।

एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडेय द्वारा मुख्तार के विरुद्ध चार्ज फ्रेम (आरोप विरचन) का विशेष अभियान चलाकर दो वर्षों में नौ मुकदमों में चार्ज फ्रेम कराया गया। अफजाल के विरुद्ध आरोप पत्र दो सितंबर 2010 को भेजा गया था और लगभग 12 वर्षों बाद चार्ज फ्रेम हो पाया। इसका परिणाम यह रहा कि अफजाल को भी गैंगस्टर एक्ट में सजा मिली।

## बसपा को तगड़ा झटका

**लखनऊ।** अफजाल अंसारी को सजा होने के बाद बसपा को तगड़ा झटका लगा है। जौनपुर सांसद श्याम सिंह यादव सीएम से मिल चुके हैं। अंबेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर चुके हैं। ऐसे में अफजाल की सदस्यता जाना बसपा के लिए बड़ा झटका होगा।

## आजम व बेटे की भी जा चुकी सदस्यता

### अतीत

**लखनऊ, विशेष संवाददाता ।** यूपी में सांसदों व विधायकों की सदस्यता गवाने का सिलसिला जारी है। कारण भले ही अलग अलग हों, पर यूपी में कई माननीय अपनी सदस्यता गवां चुके हैं।

बसपा सांसद अफजाल अंसारी से पहले सपा नेता मो. आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की विधानसभा सदस्यता जा चुकी है। गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने बसपा सांसद अफजाल अंसारी कोसजा सुनाई है। इसके चलते उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म होने की नौबत आ गई है। लोकसभा सचिवालय से अधिसूचना जारी होते ही उनकी सदस्यता खत्म हो जाएगी। इसके पहले 24 मार्च 2023 को राहुल गांधी की सदस्यता जा चुकी है।

यूपी में इसके पहले सपा नेता आजम खान को दोषी ठहराए जाने के बाद विधानसभा की सदस्यता गंवानी पड़ी थी। वहीं आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम की भी विधानसभा सदस्यता रद्द हो चुकी है। चुनाव लड़ते समय उन्होंने अपनी उम्र अधिक बताते हुए गलत शपथपत्र दिया था।

खतौली से भाजपा के विधायक रहे विक्रम सैनी भी सदस्यता गवां चुके हैं। 17वीं विधानसभा में हमीरपुर के भाजपा विधायक अशोक चंदेल, उन्नाव के बांगरमऊ से विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और गोसाईगंज के विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू तिवारी की सदस्यता खत्म हो चुकी है। इसके पहले एमबीबीएस सीट घोटाले में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य काजी रशीद मसूद की सदस्य गई थी। कांग्रेस ने उन्हें यूपी से राज्यसभा भेजा था। 2013 में सजा के बाद उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी।

## मुख्तार के बेटे के खिलाफ वारंट जारी

**मऊ।** हेट स्पीट मामले में शनिवार को मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने मुख्तार अंसारी के पुत्र उमर अंसारी के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है। क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रा ने बताया कि कोर्ट द्वारा वारंट जारी करने के बाद गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी गई है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही फरार उमर को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया जाएगा। गाजीपुर कोर्ट की ओर से मुख्तार के पुत्र उमर अंसारी के खिलाफ मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ने विधान सभा चुनाव के दौरान हेट स्पीट मामले में गैर जमानती वारंटी जारी कर दिया है।

## परिवार पर 97 केस दर्ज

**लखनऊ।** माफिया मुख्तार व उसके भाई अफजाल अंसारी पर नहीं बल्कि उसके परिवार के सभी सदस्यों को मिलाकर कुल 97 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## योगी सरकार की प्रभावी पैरवी से माफिया पर कसता गया शिकंजा

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** माफिया को चिह्नित कर उन्हें कानूनी शिकंजे में लाने के योगी सरकार के अभियान में 29 अप्रैल का दिन एक बड़ी उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया। कभी दहशत का पर्याय रहा माफिया मुख्तार अंसारी के साथ उसके भाई को कानून के हाथ लंबे होने का एहसास हो गया। माफिया के खिलाफ सरकार की पैरवी के चलते 15 वर्ष पुराने गैंगस्टर के केस में दो भाइयों को सजा हो गई।

**15** साल पुराने गैंगस्टर मामले में हुई सजा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की कमान संभालते ही जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्ती का संदेश दे दिया था।

हाईकोर्ट के अधिवक्ता अभिषेक तिवारी कहते हैं कि ये वही माफिया हैं जो पहले की सरकारों में किसी राजा की तरह जीवन जीते थे और बेखौफ होकर अत्याचार करते थे। ये माफिया जब खुलेआम घूमते थे तो ऐसा लगता था जैसे 'कानून की सड़क' उसकी चौखट तक पहुंचने से पहले ही खत्म हो जाती है, लेकिन योगी सरकार ने माफिया को उसकी सही जगह बताई। पहली बार जनता ने देखा कि अभियोजन पक्ष व पुलिस के बेहतर समन्वय और कोर्ट में प्रभावी पैरवी की जाए तो बड़े से बड़े अपराधी को अपने गुनाहों का हिसाब देना पड़ता है।

## 'माफिया से सपा की साठगांठ जगजाहिर'

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा और अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एयर कंडीशन ऑफिस में बैठकर अनर्गल आरोप लगाना, चुनावों में हार के बाद ईवीएम और अधिकारियों को कोसना और अपनी सरकारों में माफिया, अपराधियों से साठगांठ पर मौन रहना, यही सपा का चरित्र है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि माफिया के साथ सपा की सांठगांठ किसी से छुपी नहीं है। अतीक को इन्होंने ही टिकट देकर संसद भेजा था। उसके भाई को विधायक भी इन्होंने ही बनाया था। आज ही जिन अंसारी ब्रदर्स (मुख्तार अंसारी और अफजाल अंसारी) को कोर्ट ने सजा सुनाई, उनसे भी इनके संबंध रहे हैं। चुनाव के दौरान अब्बास का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो कह रहा था कि सपा प्रमुख से बात हो चुकी है। चौधरी ने कहा कि ऐसे न जाने कितने माफिया सपा के राज में फलते फूलते थे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह

# साइबर अपराधियों की भी खुलेगी हिस्ट्रीशीट

- आम तौर पर जघन्य अपराध करने वालों की खुलती है हिस्ट्रीशीट
- सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश डीजीपी ने दिए

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** डीजीपी मुख्यालय ने शातिर साइबर अपराधियों, बैंक व एटीएम के लुटेरों, चेन स्नैचरों तथा वाहन चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों की भी हिस्ट्रीशीट खोलने का निर्देश दिया है। अभी आमतौर पर जघन्य अपराधों में लिप्त बदमाशों की ही हिस्ट्रीशीट खोली जाती रही है।

यूपी पुलिस रेगुलेशन के अनुसार ऐसी अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाती है, जिनकी सतत निगरानी की जरूरत हो। थाना प्रभारी की तरफ से तैयार हिस्ट्रीशीट का संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षण किया जाता है। इन दोनों अफसरों की संस्तुति पर पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन के बाद ही हिस्ट्रीशीट खोली जाती है। डीजीपी डॉ. आरके विश्वकर्मा ने पिछले दिनों अपराधों की समीक्षा के बाद चिह्नित श्रेणी के सभी सक्रिय अपराधियों की हिस्ट्रीशीट हर हाल में खोलने का निर्देश दिया था।

**लापरवाही पर होगा निलंबनः डीजीपीः** डीजीपी इसे लेकर खासे गंभीर हैं। उन्होंने चेतावनी भी दी है कि जो राजपत्रित अधिकारी इस कार्य को पूरा नहीं करेंगे, उन्हें प्रारंभिक जांच करके निलंबित करने पर विचार किया जाएगा। साथ ही उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में भी विशेष प्रविष्टि की जाएगी।

## क्रय केंद्रों पर पसरे सन्नाटे को दूर करने की कवायद

लखनऊ। गेहूं खरीद केन्द्रों पर पसरे सन्नाटे को दूर करने के लिए सरकार कई कदम उठाने जा रही है। सरकार सरकारी खरीद में कमीशन एजेंटों की भी सहायता लेने जा रही है। इसके तहत पंचायतों और आढ़तियों के माध्यम से भी गेहूं खरीदा जाएगा। एजेन्टों को भी 27 रुपये प्रति कुंतल की दर से कमीशन देय होगा।

## 'मन की बात' सुनने की अपील

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के 100वें एपिसोड को सुनने की अपील की। शनिवार को ट्वीट करके उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री के 'मन की बात' जन-गण के मन तक पहुंचती है। इसे सुनना अत्यंत प्रेरणादायी, उत्साहवर्धक एवं दिव्य अनुभूति से अभिसिंचित करने वाला होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं कर्नाटक में कल 'मन की बात' सुनेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्कृति को समृद्ध करते, सभी को प्रेरणा प्रदान करते इस कार्यक्रम में 'भारत के मन' की बात होती है।

## 55 हजार स्थानों पर किए इंतजाम

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 100वां एपिसोड रविवार को प्रसारित होगा। इसे ऐतिहासिक बनाने और व्यापक स्वरूप देने के लिए भाजपा ने एक विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत प्रदेश के बूथ स्तर पर लगभग 55 हजार सेंटरों में इसके प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। हर विधानसभा क्षेत्र में 100 से अधिक स्थानों पर इसे बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। रविवार को गांवों में चौपाल आयोजित की जाएगी।

## शिक्षकों के अन्तः जिला तबादले फंसे

**लखनऊ।** प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के अन्तः जिला स्थानान्तरण एवं समायोजन का मामला लटकता नजर आ रहा है। बेसिक शिक्षा परिषद ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों के नाम सर्कुलर जारी इस प्रक्रिया को 03 मई के बाद किसी भी दिन शुरू करने की जानकारी दी है। इस दौरान पोर्टल पर उपलब्ध शिक्षकों के बारे में जानकारी को 03 मई तक अपडेट किया जाएगा। पहले 28 अप्रैल से अन्तः जनपदीय स्थानांतरण शुरू होने थी।

## पहचान छिपाकर बिजली चोरी की सूचना दे सकेंगे

**लखनऊ।** बिजली चोरी की शिकायतें करने वाले लोगों की पहचान उजागर होने से शिकायतें मिलने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए उ.प्र. पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने पहचान को उजागर नहीं करने की व्यवस्था कर दी है। शिकायतकर्ता अब वेबसाट **www.upenergy.in** के होम पेज पर जाकर बिजली मित्र लिंक **bijlimitra.uppcl.org** पर बिजली चोरी की शिकायत कर सकेगा।

## हाईजिया ग्रुप के एक संचालक की तलाश

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) छात्रवृत्ति घोटाले में आरोपित लखनऊ के हाईजिया ग्रुप ऑफ कालेजेज के एक संचालक को तलाश रहा है। इस मामले में गिरफ्तार तीन अभियुक्तों से इस समय कस्टडी रिमांड के दौरान पूछताछ चल रही है।

इस घोटाले में शामिल में तीन आरोपितों इजहार हुसैन जाफरी, अली अब्बास जाफरी और रवि प्रकाश गुप्ता को कोर्ट ने ईडी को पांच दिन की रिमांड पर सौंपा था। तीनों से पूछताछ में तीसरे संचालक की भूमिका की जानकारी मिली है।

## ई-टिकटिंग में घोटाले की आशंका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) के ई-टिकटिंग प्रणाली पर हुए साइबर हमले के मामले में कर्मचारी संघ को घोटाले की आशंका लग रही है। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के महामंत्री सत्य नारायण यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले की विजिलेंस से जांच कराने की मांग की है।

पत्र में कहा गया है कि इस मामले में ई-टिकटिंग की सेवा प्रदाता कंपनी की सांठगांठ भी हो सकती है। परिवहन निगम का डाटा क्रैश कर दिए जाने से करोड़ों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। डाटा बैंक का 'बैकअप' दो भागों में संरक्षित होता है, जिससे जगह से डाटा यदि चला जाए तो दूसरा बाद संरक्षित रहे।

### ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES PATNA - 801507

(An Autonomous body under MoHFW, Govt. of India)

**Advt. No.: FTS-15070(IX)/Deputation/2023, Dated: 27.04.2023**

All India Institute of Medical Sciences, Patna invites offline applications to various non-faculty posts (Group- 'A', 'B' & 'C') on deputation basis. Application Form is available on official website of AIIMS Patna i.e. **https://www.aiimspatna.edu.in.** Please visit official website of AIIMS Patna for further information and update.

**Sd/-**
**Executive Director, AIIMS Patna**

### उ.प्र. वन निगम समिति नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है लखनऊ विक्रय प्रभाग के अन्तर्गत आने वाले डिपुओं में भण्डारित प्रकाष्ठ का समिति नीलाम निम्नानुसार किया जायेगा। डिपुओं के नीलाम के बाद सी-1 स्टाक, अन्य विभागो के खडे वृक्षों की लाटों का नीलाम किया जायेगा। इच्छुक क्रेता नीलाम में उपस्थित होकर प्रकाष्ठ क्रय कर सकते है। डिपो की लाटों की विक्रय सूची एवं नीलाम की शर्तें वन निगम की वेबसाईट **www.upforestcorporation.co.in** पर देखी जा सकती है।

| डिपो का नाम | नीलाम तिथि व समय | नीलाम स्थल |
|---|---|---|
| कुर्सी रोड डिपो लखनऊ, कानपुर, उन्नाव, सुलतानपुर, कछौना, हरदोई एवं रायबरेली | 08.05.2023 प्रातः 11 बजे से समाप्ति तक | उ0प्र0 वन निगम कुर्सी रोड डिपो लखनऊ |

दूरभाष सं.: 0522-2716437

(ए.के. वर्मा), प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक
उ.प्र. वन निगम, लखनऊ

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उ0प्र0

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उ0प्र0 शासन)
विज्ञान भवन, 9 नबीउल्लाह रोड, सूरजकुण्ड पार्क, लखनऊ-226 018

सं0 : सीएसटी/डी–205 दिनांक : 29 अप्रैल, 2023

**नीलामी सूचना**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ.प्र. लखनऊ के अन्तर्गत निष्प्रयोज्य वाहन एम्बेस्डर कार संख्या – यू.पी.–32/डी.जेड.–2707, मेक एएमबी क्लासिक 1800 आईएसजेड, मॉडल 2011 (पेट्रोल चालित), न्यूनतम मूल्य रु. 27,500/– (रुपये सत्ताईस हजार पांच सौ मात्र) तथा वाहन संख्या – यू.पी.–32/बी.डी.–2644, मेक एम्बेस्डर क्लासिक 2.0 डीएसजेड, मॉडल 2004 (पेट्रोल चालित), न्यूनतम मूल्य रु. 43,000/– (रुपये तैंतालीस हजार मात्र) (जहाँ है, जैसी स्थिति में) **दिनांक 15.05.2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे** परिषद प्रांगण में नीलामी की कार्यवाही खुली बोली के माध्यम से पूर्ण किया जाना है। उक्त वाहनों का भौतिक निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में 10 से 6 बजे के मध्य किया जा सकता है।

अतः परिषद कार्यालय के द्वितीय तल स्थित कमेटी हॉल में दिनांक 15.05.2023 को नियत खुली नीलामी प्रक्रिया में इच्छुक संवेदक व्यक्तिगत रूप में उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

सचिव

### कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अयोध्या

पत्रांकः–यू–डायस प्लस/342/2023–24 दिनांक– 29–04–2023

**प्रेस विज्ञप्ति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ पत्रांक–महा०नि०/एम०आई०एस० /821/2023–24 दिनांक– 19 अप्रैल 2023 के द्वारा जनपद में संचालित कक्षा 1 से 12 तक के समस्त विद्यालयों यथा परिषदीय विद्यालय, राजकीय विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तथा जनजाति एवं समाज कल्याण विभाग, सी०बी०एस०ई० आई०सी०एस० ई० से मान्यता प्राप्त विद्यालय व मदरसा आदि विद्यालयों का यू–डायस प्लस पोर्टल (http://sdms.udiseplus.gov.in) पर स्टूडेन्ट प्रोफाइल डाटा इन्ट्री दिनांक 30.04.2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अतः जनपद के कक्षा 1 से 12 तक की कक्षायें संचालित करने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/इंजार्ज प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया जाता है कि अपने विद्यालय के छात्र–छात्राओं की स्टूडेन्ट प्रोफाइल डाटा इन्ट्री यू–डायस प्लस पोर्टल (http://sdms.udiseplus.gov.in) पर शासन द्वारा निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। समयान्तर्गत कार्य पूर्ण न करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए उनके विद्यालय का यू–डायस कोड समाप्त कर दिया जायेगा जिसके लिए विद्यालय प्रशासन स्वयं उत्तरदायी होगा।

(सन्तोष कुमार राय)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
अयोध्या

### कार्यालय संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक, सहकारिता, अयोध्या मण्डल अयोध्या

पत्रांक : 89/निर्वाचन/अयोध्या/ दिनांक : अप्रैल 29, 2023

**सूचना**

उ0 प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग के आदेश सं0 सी0–2 /रा0स0नि0आ0 (76–उप0भण्डार) /दिनॉक लखनऊ अप्रैल, 11, 2023 के द्वारा निर्धारित तिथि एवं कार्यक्रम पर थोक/केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भण्डार लि0 फैजाबाद जनपद अयोध्या की प्रबन्ध कमेटी के सदस्यों के निर्वाचन हेतु उ0 प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली, 2014 के नियम सं0 24, 27 एवं 28 के अधीन अनन्तिम क्षेत्र का अवधारण करते हुए सात दिन के भीतर आपत्तियाँ आमंत्रित की जाती है। प्राप्त आपत्तियों पर प्रकाशन के बारहवें दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में सुनवाई की जाएगी।

| कम संख्या | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार | निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या | आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| सदस्य समितियों से | | | | |
| 1 | अमानीगंज | वि0ख0 अमानीगंज की समस्त सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि | 01 | अ0जा0/ज0जा0 |
| 2 | तारून | वि0ख0 तारून की समस्त सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि | 01 | अन्य पि0 वर्ग |
| 3 | पूराबाजार | वि0ख0 पूराबाजार की समस्त सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि | 01 | महिला |
| 4 | बीकापुर | वि0ख0 बीकापुर की समस्त सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि | 02 | 01 महिला |
| 5 | मयाबाजार | वि0ख0 मयाबाजार की समस्त सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि | 01 | सामान्य |
| 6 | मसोधा | वि0ख0 मसोधा की समस्त सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि | 02 | सामान्य |
| 7 | मिल्कीपुर | वि0ख0 मिल्कीपुर की समस्त सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि | 01 | सामान्य |
| 8 | सोहावल | वि0ख0 सोहावल की समस्त सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि | 02 | सामान्य |
| 9 | हेरिंगटनगंज | वि0ख0 हेरिंगटनगंज की समस्त सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधि | 02 | सामान्य |
| | | योग | 13 | |

(अशोक कुमार)
मण्डलीय सहकारी निर्वाचन अधिकारी/
संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक,
सहकारिता, अयोध्या मण्डल अयोध्या

### कार्यालय जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता बाराबंकी

पत्रांकः 92/सह0–6/सह0 निर्वाचन/उपभो०भण्डार कार्यक्रम/2023–24 दिनांक– 29.04.2023

**निर्वाचन कार्यक्रम सूचना**

निर्वाचन आयुक्त, उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ के आदेश पत्रांक सी–02/ रा०स०नि०आ० (76–उपभो० भण्डार)/लखनऊ दिनांक 11.4.2023 द्वारा सहकारिता विभाग के समस्त निर्वाचन योग्य थोक/केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार लि0 के निर्वाचन तिथि निर्धारित की गयी है। सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा–29 (3) एवं उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली 2014 के अध्याय–4 नियम 31 के अधीन जनपद के थोक/केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार लि0 बाराबंकी के निर्वाचन हेतु निर्वाचन कार्यक्रम प्रदर्शित एवं प्रकाशित किया जाता है।

(क) सामान्य निकाय के गठन हेतु प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतुः–

| क्र.सं. | निर्वाचन कार्यक्रम | निर्धारित तिथि | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | 16.05.2023 | 10:00 से 02:00 बजे तक |
| 2 | अनन्तिम मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करना | 17.05.2023 | 10:00 से 02:00 बजे तक |
| 3 | मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण | 18.05.2023 | 10:00 से 03:00 बजे तक |
| 4 | अन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | 18.05.2023 | 03:00 से 05:00 बजे तक |
| 5 | नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करना | 19.05.2023 | 10:00 से 04:00 बजे तक |
| 6 | नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण | 20.05.2023 | 10:00 से 03:00 बजे तक |
| 7 | वैध नाम–निर्देशन का प्रदर्शन | 20.05.2023 | 03:00 से 05:00 बजे तक |
| 8 | नाम निर्देशन प्रपत्र वापस लिया जाना | 21.05.2023 | 10:00 से 01:00 बजे तक |
| 9 | अन्तिम नाम निर्देशन का प्रदर्शन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन | 21.05.2023 | 01:00 से 05:00 बजे तक |
| 10 | मतदान (यदि आवश्यक हो) | 23.05.2023 | 10:00 से 04:00 बजे तक |
| 11 | मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 23.05.2023 | मतदान समाप्त होने के पश्चात् घोषणा होने तक |

ख. प्रबन्धक कमेटी के सदस्यों के निर्वाचन हेतुः–

| क्र.सं. | निर्वाचन कार्यक्रम | निर्धारित तिथि | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | 25.05.2023 | 10:00 से 02:00 बजे तक |
| 2 | अनन्तिम मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करना | 26.05.2023 | 10:00 से 02:00 बजे तक |
| 3 | मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण | 27.05.2023 | 10:00 से 03:00 बजे तक |
| 4 | अन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | 27.05.2023 | 03:00 से 05:00 बजे तक |
| 5 | नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करना | 28.05.2023 | 10:00 से 04:00 बजे तक |
| 6 | नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण | 29.05.2023 | 10:00 से 03:00 बजे तक |
| 7 | वैध नाम–निर्देशन का प्रदर्शन | 29.05.2023 | 03:00 से 05:00 बजे तक |
| 8 | नाम निर्देशन प्रपत्र वापस लिया जाना | 30.05.2023 | 10:00 से 01:00 बजे तक |
| 9 | अन्तिम नाम निर्देशन का प्रदर्शन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन | 30.05.2023 | 01:00 से 05:00 बजे तक |
| 10 | मतदान (यदि आवश्यक हो) | 01.06.2023 | 10:00 से 04:00 बजे तक |
| 11 | मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 01.06.2023 | मतदान समाप्त होने के पश्चात् घोषणा होने तक |

ग. सभापति, उप सभापति तथा अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतुः–

| क्र.सं. | निर्वाचन कार्यक्रम | निर्धारित तिथि | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|
| 1 | अनन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | 02.06.2023 | 08:30 से 09:00 बजे तक |
| 2 | अनन्तिम मतदाता सूची पर आपत्ति दाखिल करना | 02.06.2023 | 09:00 से 09:30 बजे तक |
| 3 | मतदाता सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण | 02.06.2023 | 09:30 से 10:30 बजे तक |
| 4 | अन्तिम मतदाता सूची का प्रदर्शन | 02.06.2023 | 10:30 से 11:00 बजे तक |
| 5 | नाम निर्देशन प्रपत्र दाखिल करना | 02.06.2023 | 11:00 से 12:00 बजे तक |
| 6 | नाम निर्देशन प्रपत्रों का परिनिरीक्षण | 02.06.2023 | 12:00 से 12:30 बजे तक |
| 7 | वैध नाम–निर्देशन का प्रदर्शन | 02.06.2023 | 12:30 से 01:30 बजे तक |
| 8 | नाम निर्देशन प्रपत्र वापस लिया जाना | 02.06.2023 | 01:30 से 02:00 बजे तक |
| 9 | अन्तिम नाम निर्देशन का प्रदर्शन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन | 02.06.2023 | 02:00 से 02:30 बजे तक |
| 10 | मतदान (यदि आवश्यक हो) | 02.06.2023 | 03:00 से 04:00 बजे तक |
| 11 | मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 02.06.2023 | मतदान समाप्त होने के पश्चात् घोषणा होने तक |

नोटः 1. समस्त निर्वाचन कार्यक्रम सम्बन्धित थोक/केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार लि० के कार्यालय/मुख्यालय पर सम्पन्न होंगे।

जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/
सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक,
सहकारिता बाराबंकी

### कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी/नोडल अधिकारी सिचाई एवं जल संसाधन विभाग जनपद - गोण्डा

पत्रांकः 19/ भू0सं0अ0/लेखा0–प्रारूप12 प्रकाशन/2023–24 दिनांकः 28.04.2023

**जिला प्रक्षेत्र विकास समिति जनपद गोण्डा में अनुमोदित परियोजनाओं का प्रकाशन**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला प्रक्षेत्र विकास समिति (सरयू नहर फेज –3) जनपद गोण्डा के जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक – 29.03.2023 में. अनुमोदित निम्नलिखित परियोजनाओ के प्रकाशन हेतु आदेशित किया जाता है ।

| क्र0 सं0 | इकाई का नाम | नहर का नाम | कुलाबा क्रमांक | संबंधित ग्राम | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | भूमि संरक्षण इकाई गोण्डा प्रथम | बेतवा माइनर | 03 से 11, 13 से 23 तक | भिखारीपुर, धानेपुर, मसकनवा, मिर्जापुर, चटकनवा उसका, गायघाट, दीननगर, बकरौली, महमूदनगर, पतिजियाखुर्द, गढहा, मवई, नगराबुजुर्ग, खजुरी, वेतवा, बहिराडीह, लेदवाबुजुर्ग, कुनगईया | |
| | | उपाध्यायपुर माइनर | 07 से 13, 15, 16, 18 | चौबेपुर, मछलीगांव नानकार, उपाध्यापुरग्रंट | |
| | | दुल्हापुर मा0 | 01 से 04, 8 | दुल्हापुरबनकट, डेबरीकला | |
| | | डेबरीकला | 02, 04, 06, 11 | दुल्हापुरबनकट,मेघवा,डेबरीकला | |
| | | नौसी मा0 | 01 से 03, 13 से 15 | खौदी, रुद्रगणनौसी, धुसवा, पूरेगुनई, बछईपुर, दुल्हापुरबनकट | |
| | | दुढाव मा0 | 01, 03, 06, 07 | बछईपुर, अचलपुर, बनगाई, छजवा, दुढाव | |
| | | मलारी मा0 | 13, 14, 15 | बरुवामाफी, बहेडवा, किनकी | |
| | | मेधवा राजबाहा | 1, 2, 3, 6, 9, 10, 16, 17 | अचलपुर, बछईपुर, बनगाई, दुल्हापुरबनकट मेघवा | |
| | | संदेशवा मा0 | 2, 4, 5, 6, 10, 11 | लुअवा, बेनीया | |
| | | धुसवा मा0 | 01, 02 | बनकसिया शिवरतन सिंह | |
| | | कर्मा मा0 | 03 | मिश्रौलिया कानूनगो, रमवापुर | |
| | | दिनारा मा0 | 08 | सिसईभीखपुर | |
| | | नरहरपुर मा0 | 02, 04 | राघवबस्ती, हिंछापुर, मोकलपुर, | |
| | | मनकापुर मा0 | 01 | मिर्जापुर रामनाथ | |
| 2 | भूमि संरक्षण इकाई गोण्डा द्वितीय | कुकनगर रजवहा | 3,5,14,15 | महुवापाकर, दुढवाकुतुबजोत, बम्हनीखुर्द, बस्तीराधव, पिपराइस्माईल | |
| | | पिपराअनंतपुर माइनर | 10 | गाजीपुर, बुक्कनपुर | |
| | | अनंतपुर रजबहा | 27,29 | परसपुर अहलवा, राजाजोत | |
| | | टिनिच रजबहा | 1,6,7 | नरायनपुरनानकार, घानेपुर, मनसुखपुर | |
| 3 | भूमि संरक्षण इकाई गोण्डा तृतीय | भटपुरवा–2 माइनर | 4,5,7,9 से 12, 16 | खनवापुर, बमनी सरांय, पचरुखी, मनोहरजोत, गौनरिया, भोलाजोत | |
| | | बैदौरा माइनर | 3,4,5 | लोनावा दरगाह | |
| | | परसिया गूदर | 1,2,3,4, 09 से 12,13 | परसिया गूदर तेलियानीकानूनगो | |
| | | बालपुर हजारी मा0 | 1 से 12 | कपूरपुर, परसागोडरी, बटौरा बख्तावर, पूरेसंगम रेरुवा, बामडेरा | |
| | | गनवरिया मा0 | 02 से 04,07 | पारासरांय, सिसईबहलोलपुर, शाहपुर, गनवरिया, लुसिया, दिकलौल | |
| | | कौडिया मा0 | 02,3,4,6,7,8,10,11,12,13 | वेवलाभान, तेलियाकोट, हरखापुर, कौडिया, रुकमंगतपुर, उसरैना, | |
| | | गौसिया मा0 | 02,04,5 | तेलियाकोट | |
| | | कुरासी मा0 | 02,03,05,06 | रुपईडीह, भूडकुंडा | |
| | | फरेन्दाशुक्ल मा0 | 1,3,4,7,9,10,12,13,14 | फरेन्दाशुक्ल, गौसिया | |
| | | बीरेपुर मा0 | 1,2 | महेवागोपाल | |
| | | मुगरौल मा0 | 3,4,7,10 | मुगलौल, भोरहा | |
| | | कस्टुआ मा0 | 1 से 8 | छाछपारामुतबली,कस्टूवा | |
| | | कटैलाताल मा0 | 3 | दुढही | |
| | | कमरावा रजबहा | 1,2,3,5, से 12,14,17 | पछरन, मिश्रौलिया, बिरमापुर, बिरहिमा, कमरांवा, भुलईडीहा | |
| | | चंगेरी मा0 | 2,3,5,11,13,14,18 | डेहरास, चंगेरी | |
| 4 | भूमि संरक्षण इकाई गोण्डा चतुर्थ | ज्ञानापुर माइनर | 2,3,7,12,13 | ज्ञानापुर, जहदरिया, बरडाड, मध्यनगर, पूरेचौहान | |
| | | भटपीप्रथम | 6,8 | भटपी, पिपराभूधर | |
| | | त्रिभुवन नगर माइनर | 2,3,6 | बरईपारा, बहेरकुंआ | |
| 5 | भूमि संरक्षण इकाई गोण्डा पंचम | डूमरियाडीह माइनर | 01 से 05, 18, 19, 20, 22, 27, 30, 31 | भीखमपुर, बधवा, बीरहमतपुर, खिखिया, अशोकपुर, रसूलपुर, करौदा, चढौवा | |
| | | चांदपुर रजबहा | 1, 7, 8, 10, 12, 13, 24, 27 | सिरावा, मछलीगांव, तालुकभीतुरा, लोकहा, लक्षमन पुर, पंडितपुर, मिर्जापुररामनाथ | |
| | | खमरौनी माइनर | 01, 02, 03, 04, 06, 08, 09 | त्योरासी, अन्दूपुर, गलांव, मधईपुरखंडेराय, परैना, पिवली | |
| | | महादेवा माइनर | 01, 02, 03, 06, 08 से 11 | परसदाढोडेपुर, महादेवा ढोढेपुर, महादेवा देवरदा | |
| | | पूरेलीला माइनर | 02 से 05 | कटहा | |
| | | नारायपुर रजबहा | 18, 22 | कोइलीजंगल | |
| | | तेलहा माहनर | 2, 3, 5, 6, 9 | डेहरास, बिशुनपुर कला | |
| | | मुहेड माइनर | 13, 14 | मुजेड | |
| | | बलमत्थर माइनर | 10, 11, 15, 17, 19 | गुरसडा, गुरसडी | |

उपरोक्त कुलाबो की योजना भूमि संरक्षण अधिकारी, सिचाई एवं जल संसाधन विभाग जनपद– गोण्डा अथवा संबंधित ग्राम प्रधान जो इस संबंध में गठित जल प्रबंध समिति के पदेन अध्यक्ष है के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है ।

किसी भी व्यक्ति को उक्त परियोजना से प्रभाव पडने की संभावना हो तो इस प्रकाशन के 30 दिवसो के अन्दर भूमि संरक्षण अधिकारी, सिचाई एवं जल संसाधन विभाग जनपद गोण्डा को आपत्ति लिख कर दी जा सकती है । ऐसी आपत्तियो में निम्नलिखित सूचना होना आवश्यक है ।

1. आपत्तिकर्ता का नाम, पिता कानाम व पूरा पता ।
2. नहर व कुलाबा संख्या तथा गांव का नाम जिसके संबंध में आपत्ति की जाये ।
3. आपत्ति का पूर्ण विवरण

सचिव
जिला प्रक्षेत्र विकास समिति /
भूमि संरक्षण अधिकारी सिचाई एवं
जल संसाधन विभाग जनपद – गोण्डा

# सियासत का कर्नाटक संगीत जो यह देश सुन रहा है

**मौजूदा राजनीति में सफलता या असफलता का कोई तय फॉर्मूला नहीं रह बचा है। जेडी-एस के विधायकों के अलावा शेट्टार और सावदी के कांग्रेस में जाने से तमाम लोग अभी से निष्कर्ष निकाल रहे हैं, पर भूलिए मत, भाजपा की चुनाव मशीन अंतिम समय तक जीतने के लिए लड़ती है।**

**शशि शेखर**

कभी कर्नाटक-संगीत को ध्यान से सुनने की कोशिश कीजिएगा। गायकों के जटिल आरोह-अवरोह चमत्कृत कर देते हैं, लेकिन मैं यहां संगीत की नहीं, राजनीति की बात करने जा रहा हूं। संगीत की भांति कर्नाटक की राजनीति भी जटिलताओं से भरी पड़ी है। राष्ट्रीय पार्टियों को अपनी नैया खेने के लिए यहां हर हाल में स्थानीय दिग्गजों पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे पार्टियों के नेतृत्व अक्सर असहज होते रहे हैं।

मौजूदा विधानसभा चुनाव इसका नवीनतम उदाहरण है।

पिछले चुनाव से शुरू करते हैं। 224 सीट की विधानसभा में पिछली बार कर्नाटक की जनता ने सभी को स्पष्ट जनादेश से वंचित रखा था। समूची ताकत झोंकने के बावजूद भाजपा बहुमत के आंकड़े से नौ सीट पीछे रह गई थी। उसे 36.43 प्रतिशत मत मिले थे। कांग्रेस ने उससे दो फीसदी से ज्यादा, यानी 38.6 प्रतिशत वोट हासिल किए, पर वह 78 विधायकों के आंकड़े पर सिमट गई थी।

ऐसे में, क्षेत्रीय पार्टियों की बन आना स्वाभाविक था। पूर्व प्रधानमंत्री हरदनहल्ली डोड्डेगौड़ा देवेगौड़ा का जनता दल (सेक्युलर) 'किंग मेकर' की भूमिका में आ गया था। उसे 20.6 फीसदी मतों के साथ 27 सीटें हासिल हुई थीं। देवेगौड़ा ने सोचा कि किसी और को राजा बनाने के बजाय क्यों न अपने बड़े बेटे एच डी कुमारस्वामी को ही बादशाहत बख्श दी जाए? जेडी-एस खुद को सेक्युलर बताते हुए भाजपा के विरोध में लड़ा था, लिहाजा खुले तौर पर भगवा दल से मैत्री संभव नहीं थी। कांग्रेस से कई दौर की बातचीत के बाद देवेगौड़ा 'अनुग्रह' यानी मुख्यमंत्री आवास की चौहद्दियों पर कब्जा करने में कामयाब रहे थे। पुरानी कहावत है- 'जिस घर में ज्यादा बर्तन होते हैं, वहां से बर्तनों के टकराने की आवाज ज्यादा आती है।'

यह गठबंधन लंबा नहीं खिंचना था, नहीं खिंचा।

मूल रूप से इसके दो कारण थे। पहला, कांग्रेस के स्थानीय नेता सत्ता में अधिक से अधिक भागीदारी चाहते थे। दूसरा, शक्तिशाली केंद्र और बी एस येदियुरप्पा की स्थानीय ताकत सरकार को गिराने में जुटी थी। कांग्रेस और जेडी-एस के विधायकों पर दबाव की जानी-पहचानी रणनीति काम कर गई और 17 विधायकों ने भगवा दल की संरक्षा हासिल करने में बेहतरी समझी। येदियुरप्पा एक बार फिर मुख्यमंत्री बन गए, पर इस बार वह राज-पाट कायम न रख सके। बढ़ते असंतोष को देख भाजपा आलाकमान ने बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बना दिया।

कमाल देखिए। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, सामाजिक एकता जैसे मुद्दों पर पिछला चुनाव लड़ा गया था, आज भी विपक्ष का सारा दारोमदार उन्हीं पर टिका है। कांग्रेस ने पिछले एक साल से अभियान छेड़ रखा है- चालीस फीसदी कमीशन की सरकार! क्या सत्ता के प्रति स्वाभाविक विमोह और भ्रष्टाचार के आरोप कांग्रेस को पूर्ण बहुमत दिला पाएंगे? यहां यह भी नहीं भूलना चाहिए कि राहुल गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो' यात्रा के दौरान सर्वाधिक 21 दिन इसी प्रदेश की सड़कें नापने में बिताए थे। उस दौरान कांग्रेस के दो प्रमुखतम धड़ों के नेता पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डी शिवकुमार गलबहियां डाले दिखे थे।

क्या कांग्रेस अपने आत्मघाती अंतरविरोधों से उबर गई है?

**आजकल**

सियासत का पुराना सिद्धांत है कि विपक्ष के विद्रोह से ज्यादा असर सत्ता पक्ष में हुई बगावत का होता है। भाजपा को टिकट वितरण के दौरान कुछ पुराने नेताओं से हाथ धोना पड़ा है। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री और लिंगायत समुदाय के बड़े नेता जगदीश शेट्टार और उप-मुख्यमंत्री रहे लक्ष्मण संगप्पा सावदी शामिल हैं। सावदी बड़े लिंगायत नेता माने जाते हैं। उनके समेत दस विधायकों और विधान परिषद सदस्यों ने भी पार्टी छोड़ दी है। प्रदेश में करीब 17 प्रतिशत की दमदार मौजूदगी के साथ लिंगायत समुदाय पारंपरिक रूप से भाजपा का समर्थक रहा है। येदियुरप्पा समुदाय के सबसे बड़े सियासी चेहरे हैं, लेकिन शेट्टार और सावदी के जाने से इस 'वोट बैंक' में दरकन की आशंका पैदा हो गई है। कोई आश्चर्य नहीं कि भारतीय जनता पार्टी की सूची में 68 प्रत्याशी इस समुदाय से शामिल किए गए हैं, ताकि बगावत नुकसान न पहुंचा सके। इसके अलावा, भाजपा ने करीब 20 वर्तमान विधायकों के टिकट काटे, इससे नाराजगी फैली।

क्या ये लोग सत्ता-दुर्ग में दरार डाल पाएंगे?

इस सवाल के जवाब के लिए अन्य प्रदेशों पर नजर डालते हैं। हिमाचल में भाजपा ने 11 विधायकों के टिकट काटे थे। नतीजतन, प्रदेश की 68 सदस्यीय विधानसभा में लगभग एक चौथाई सीटों पर पार्टी के बागी अंत तक डटे रहे थे। बागी विधायकों ने भगवा दल को सांघातिक नुकसान पहुंचाया। भाजपा लगभग आधा दर्जन सीटों पर चुनाव हार गई और सत्ता उसके हाथ से फिसल गई। पिछली विधानसभा में भाजपा को 44 सीटें मिली थीं, जबकि उसे इस बार 25 से संतोष करना पड़ा। इसके विपरीत 21 सीटों वाली कांग्रेस, 40 सीटें हासिल कर सत्ता पर काबिज होने में कामयाब रही। हालांकि, गुजरात में भाजपा को टिकट वंचित अथवा असंतुष्ट कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके थे।

मौजूदा राजनीति में सफलता या असफलता का कोई तय फॉर्मूला नहीं रह बचा है।

जेडी-एस के तीन विधायकों के अलावा शेट्टार और सावदी के कांग्रेस में जाने से तमाम लोग अभी से निष्कर्ष निकाल रहे हैं, पर भूलिए मत, भाजपा की चुनाव मशीन अंतिम समय तक जीतने के लिए लड़ती है। कोई आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच बार विधायक रहे के एस ईश्वरप्पा के बेटे को टिकट न देने के पार्टी के फैसले के बाद खुद उन्हें फोन कर पार्टी के प्रति ईश्वरप्पा की वफादारी और सेवाओं के लिए शुक्रिया अदा किया। यही नहीं, मोदी लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। साफ है, भाजपा अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं को जताना चाहती है कि खुद प्रधानमंत्री इस चुनाव को लेकर कितने गंभीर हैं। इसके अलावा, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा वहां दिन-रात एक किए हुए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी मतों के ध्रुवीकरण के लिए उपयोग किया जा रहा है।

यहां एक और प्रश्न उठता है। क्या इन चुनावों का 2024 के लोकसभा चुनावों पर कोई असर पड़ेगा? यहां की कुल 28 लोकसभा सीटों में भाजपा ने 27 पर जीत हासिल की थी। यह आंकड़ा अपने आप में इस प्रश्न का उत्तर है। जब ये चुनाव हुए थे, तब बेंगलुरु के सत्ता-सदन पर कांग्रेस और जेडी-एस का कब्जा था। राष्ट्रीय राजनीति में मोदी के आने के बाद हुए दो आम चुनावों में कर्नाटक के लोगों ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों को अलग नजरिये से देखा है।

हालांकि, कांग्रेस अगर सरकार बनाने में कामयाब रहती है, तो 2024 में विपक्षी एकता के पैरोकारों को जरूर बल मिलेगा। वहीं, कांग्रेस से मोलभाव की कोशिशें भी काफी कुछ काबू में आ जाएंगी। यही वजह है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा वहां पसीना बहा रहे हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का यह गृह प्रदेश है, इसलिए सूबाई नेतृत्व के साथ वह भी जुटे हुए हैं, मगर प्रधानमंत्री पर उनके विवादास्पद बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है।

देखते हैं, अपने-अपने आलाप भर रही इन पार्टियों में से किसके सुर-ताल मतदाता को मुग्ध करते हैं और किसके साज बेअसर साबित होते हैं।

@shekharkahin
@shashishekhar.journalist

# मन की बात से घटी दूरी और जागे लोग

**ऐसा इस देश ने पहले कभी नहीं देखा था कि देश का शीर्ष नेतृत्व उसके विचारों को इतना महत्व दे। छोटे से छोटे और बड़े से बड़े विषय पर उससे चर्चा करे, उसकी राय ले। *मन की बात* देश को दिशा देने के साथ-साथ जन-जन से संवाद का एक अतुलनीय कार्यक्रम है।**

**प्रसून जोशी**, गीतकार

पिछले वर्षों में देश ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखे हैं और इन परिवर्तनों के मूल में रही है मिट्टी में उतरकर अथक परिश्रम और कर्म की भावना; एक ऐसी भावना, जिससे इस देश का जनमानस पूरी तरह जुड़ा हुआ पाता है, जहां उसे लक्ष्य स्वप्न की तरह नहीं लगते हैं, यथार्थ लगते हैं, जहां वह तिनका-तिनका अपने नीड़ को रूप लेता हुआ देखता है, जहां योजनाएं फाइलों में दम तोड़ती नहीं, बल्कि परिश्रम की सड़कों पर दौड़ती दिखाई देती हैं। यह सब अभूतपूर्व है, जिसने देश की धमनियों में एक नए वेग से रक्त-संचार किया है।

ऐसा नहीं कि पहले हमारे देश ने कभी उज्ज्वल भविष्य और बेहतर वर्तमान की कामना नहीं की थी। भारत *चरैवेति-चरैवेति* के सिद्धांत को मानता है और कर्म करने को सदा उद्यत रहता है, पर कई बार बड़े-बड़े लक्ष्य इतने विराट व विशाल लगने लगते हैं कि देश का सामान्य नागरिक उन्हें अपनी पहुंच से दूर पाने लगता है, उसे लगने लगता है कि उसकी क्षमता इतनी नहीं है कि वह इन लक्ष्यों को मूर्त रूप दे सके, उसे एक असहायता का बोध होने लगता है और धीरे-धीरे एक तंद्रा सी छा जाती है, जहां मुझसे क्या हो पाएगा या हमारा कुछ नहीं हो सकता, जैसे नैराश्य का भाव जगने लगता है। अक्षमता का यह भाव व्यक्ति से निकलकर राष्ट्र की मानसिकता का एक अंग बनने लगता है। दुर्भाग्यवश हमारा देश भी इसी मानसिकता से ग्रस्त हो रहा था।

इस मानसिकता पर जड़ से प्रहार किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने। अपने अनुभव और सोच से उन्हें यह आभास था कि भारत को यदि एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ना है, तो सर्वप्रथम इस मानसिकता से छुटकारा पाना होगा। नेतृत्व कितना भी ऊर्जावान हो, यह आवश्यक है कि जन-जन उस ऊर्जा, उस त्वरा को आत्मसात करे, *कोउ नृप होउ हमहि का हानी* की मनःस्थिति से मुक्त होकर परवाह करे और देश के नवनिर्माण की यात्रा में संगच्छध्वं की भावना के साथ भागीदार बने। प्रधानमंत्री ने गंभीरता के साथ यह बीड़ा उठाया और देश निर्माण से जनता को जोड़ने के लिए और मन की बात कहने के लिए रेडियो को चुना।

रेडियो एक अद्वितीय संचार माध्यम है, जो अन्य माध्यमों से कई रूपों में अलग है, विशेषकर हमारे देश में जहां युगों-युगों से श्रुति की परंपरा रही है। जहां शब्द का महत्व अध्यात्म से जुड़ा है, जहां चेतन ही नहीं अवचेतन और अतिचेतन भी सुन सकता है, जहां ध्वनि में इतना शक्ति है कि जीव को असीम ब्रह्मांड से एकरूप कर सके। इस शक्ति को प्रधानमंत्री जी ने बखूबी पहचाना और उसे भी देश-निर्माण में लगा दिया, और तब करोड़ों भारतीयों ने अपने प्रधानमंत्री से सीधे एक जुड़ाव का अनुभव किया। एक दूरी, जो अक्सर नेतृत्व और जनता के बीच आ जाती है, *मन की बात* कार्यक्रम ने उसे पाटने का काम किया।

ऐसा इस देश ने पहले कभी नहीं देखा था कि देश का नेतृत्व उसके विचारों को इतना महत्व दे। छोटे से छोटे और बड़े से बड़े विषय पर उससे चर्चा करे, उसकी राय ले। *मन की बात* देश को दिशा देने के साथ-साथ जन-जन से संवाद का एक अतुलनीय कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश ने कई विषयों पर बात की; संस्कृति, कला, परीक्षा, जल संरक्षण, वन संरक्षण, प्राकृतिक खेती, स्वच्छता, खादी का पुनरोत्थान आदि। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अपनी मातृभाषा के प्रति गौरव का संदेश दिया, तो साथ ही भारतीय सांकेतिक भाषा का भी उल्लेख किया। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' की बात की व मिट्टी के दीये जलाकर रोजगार बढ़ाने की बात भी। यहां तक कि उन्होंने भारतीय खिलौनों पर भी चर्चा की।

एक कहानी की तरह सरल भाषा में जब देश से जुड़े अनेक विषय जन-जन के सामने आए, तो दूरियां कम हुईं और लोगों में कर्तव्य बोध जगा। बेटी पढ़ाओ एक घोष वाक्य मात्र नहीं रह गया, एक संकल्प में परिवर्तित होने लगा। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय भी जन सामान्य को अपने जीवन से जुड़े हुए लगने लगे। जी-20 जैसे कार्यक्रम से जनता का जुड़ना और गौरव की अनुभूति करना अभूतपूर्व है।

कोविड काल में भी *मन की बात* कार्यक्रम ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 130 करोड़ भारतीयों को यह लड़ाई मिलकर लड़ने की प्रेरणा दी। यह कार्यक्रम मात्र सूचना का माध्यम बनकर नहीं रहा, यहां प्रधानमंत्री ने लगातार उन भारतीयों के उदाहरण भी दिए, जो देश के निर्माण में अपना योगदान देते रहते हैं। वे देश को ऐसे देशवासियों से परिचित कराते रहे, ताकि देश उनसे प्रेरणा ले सके। कश्मीर से कन्याकुमारी तक इस कार्यक्रम ने देश को प्रत्यक्ष और परोक्ष में एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है, जो सदा संचार माध्यम के सदुपयोग का एक विलक्षण उदाहरण रहेगा।

*मन से होकर अंतर्मन तक/ गूंजे जब सच्चा संवाद*
*जुड़ जाता है देश ये सारा/ जब-जब होती मन की बात।*

**स्कैन करें**
आजकल स्तंभ के तहत प्रकाशित आलेखों के लिए

**जीना इसी का नाम है**

**सविता साहू**
ई-रिक्शा चालक

# नक्सलियों का नहीं, सविताओं का है दंतेवाड़ा

**जिस महिला के रिक्शे में बैठने से कभी आम लोग कतराते थे, अपने बीजापुर दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न सिर्फ उसके रिक्शे में बैठे, बल्कि अपने *मन की बात* कार्यक्रम की 40वीं कड़ी में उन्होंने छत्तीसगढ़ की इस बेटी की कर्मठता की भरपूर सराहना भी की! सविता ने सैकड़ों महिलाओं को गरिमा के साथ जीने की राह दिखाई है।**

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा एक बार फिर सुर्खियों में लौटा है, तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का *मन की बात* रेडियो कार्यक्रम आज अपने 100वें पड़ाव पर पहुंच रहा है। इन दोनों से वाबस्ता एक किरदार हैं सविता साहू, जो आज पूरे छत्तीसगढ़ में अनगिन महिलाओं की प्रेरणा हैं। सविता ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने, जीने की नई राह दिखाई है।

दंतेवाड़ा को संवारने में कुदरत ने कोई कमी नहीं रखी है, मगर इसकी मनोरम पहाड़ियां, बलखाती नदियों का किनारा और गहरी शांति समेटे जंगल पिछले कुछ दशकों में रह-रहकर नक्सली-पुलिस मुठभेड़ों व बारूदी सुरंगों के धमाकों से इतने लहूलुहान हुए कि पर्यटकों ने उधर रुख करना ही छोड़ दिया। जाहिर है, इससे सबसे बड़ा नुकसान वहां के आम बाशिंदों का हुआ, जो मुख्यधारा से तो दूर रहे ही, आर्थिक उन्नति के कई अवसरों से भी वंचित रहे। चूंकि ऐसी स्थितियों का सबसे अधिक शिकार बच्चियां व महिलाएं होती हैं, सविता को भी 12वीं के बाद आगे पढ़ने की इच्छा त्याग देनी पड़ी। कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों की प्राथमिकता सूची में बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई का नंबर आज भी कहां ऊपर होता है?

उन्नीसवें साल में कदम रखते ही सविता की शादी कर दी गई। वह जिस समाज से आती हैं, उसमें माता-पिता के लिए यह सबसे बड़ा दायित्व था। मगर दांपत्य जीवन की उलझनों को ठीक से समझने और उनको सुलझाने की सलाहियत हासिल करने से पहले ही सविता की गोद में एक बच्ची आ गई थी। मां बनने के अप्रतिम एहसास ने जिंदगी से शिकायतों का पन्ना फाड़ दिया था। उसकी परवरिश के आगे सविता के सारे निजी दुख गौण हो गए थे। मगर उनका इम्तिहान अभी बाकी था।

हर मां की तरह सविता की भी यही इच्छा थी कि उन्होंने अपनी जिंदगी में जो तकलीफें झेली हैं, बेटी पर उनका साया भी न पड़े। वह उसे खूब पढ़ाना-लिखाना चाहती थीं। पति भी यही चाहते थे, मगर आर्थिक तंगी दूर होने का नाम ही नहीं ले सकी। एक दिन किसी बात से नाराज पति ने घर ऐसा छोड़ा कि पलटकर बेटी-बीवी का मुंह नहीं देखा। सविता पर लांछनों और तोहमतों की बौछारें होनी ही थीं। मगर

इन सबसे बड़ा सवाल यह था कि घर कैसे चलेगा?

सविता तो घर से बाहर भी अकेले कभी नहीं निकली थीं। मगर अब रास्ता क्या था? उन्होंने दूसरों के घरों में काम किया, मजदूरी की। फिर एक स्व-सहायता समूह के बारे में पता चला कि वह महिलाओं के उत्थान के लिए काम करता है। सविता ने उससे संपर्क किया, तो वहां उन्हें काम मिल गया। इस समूह के लिए काम करते हुए ही उन्हें मालूम हुआ कि राज्य सरकार दंतेवाड़ा इलाके में ई-रिक्शा को प्रोत्साहित करने के लिए एक काफी उदार योजना लेकर आई है, जिसमें प्रार्थी को महज 20 प्रतिशत राशि देनी होगी और बाकी रकम सरकार अदा करेगी।

योजना आकर्षक तो थी, मगर सविता एक महिला थीं और फिर उस इलाके में रिक्शा चलाने की चुनौती थी, जहां लोग दिन में भी जाने से कतराते हैं। मगर बेटी के भविष्य के लिए एक मां को यह जोखिम भी कम ही लगा। एक महीने के प्रशिक्षण के बाद जब सविता ई-रिक्शा लेकर दंतेवाड़ा की सड़कों पर उतरीं, तो एक नई मुसीबत से सामना हुआ। दंतेवाड़ा की इस पहली महिला ई-रिक्शा चालक की गाड़ी में बैठने से लोग कतराते थे कि पता नहीं, कहां किसे टक्कर मार दे!

सविता के भीतर एक तूफान उमड़ आया कि कहीं मैंने कोई गलत फैसला तो नहीं कर लिया? अगर सवारियां इसी तरह मुंह फेरती रहीं, तो 20 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के तौर पर जो 32 हजार रुपये का कर्ज उठाया है, वह कैसे चुकेगा? मगर सविता के सच्चे संघर्ष को विधाता ने स्वीकार किया। गाड़ी चल निकली। देखते-देखते वह एक दिन में 500 रुपये तक कमाने लगीं। किराये के मकान से निकलकर खुद का आशियाना बनाने वाली सविता की बेटी आज एक बड़े स्कूल में पढ़ती है। वह न सिर्फ आस-पास के बच्चों को अपने ई-रिक्शा से उनके स्कूल छोड़ती हैं, बल्कि इलाके की गरीब गर्भवती स्त्रियों को भी अस्पताल तक मुफ्त सेवाएं मुहैया कराती हैं।

सविता के चेहरे पर आज आत्मनिर्भरता का दर्प है। उनकी कामयाबी ने दंतेवाड़ा की 50 से अधिक सविताओं को हौसला दिया है। वे सब ई-रिक्शा उस इलाके में चला रही हैं, जिसके बारे में देश-दुनिया की अपनी धारणाएं हैं। बहरहाल, जिन सविता साहू के रिक्शे में बैठने से कभी आम लोग डरा करते थे, अपने बीजापुर दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न सिर्फ उनके रिक्शे में बैठे, बल्कि अपने *मन की बात* कार्यक्रम के 40वीं कड़ी में उन्होंने छत्तीसगढ़ की इस बेटी की कर्मठता की भरपूर सराहना भी की!

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# हजारों ख्वाहिशें और हर रोज का फिसलना

**तिरछी नजर**

**सुधीश पचौरी** हिंदी साहित्यकार

नाराज लेखक नाराज होता है, नाराज लेखक हमेशा नाराज नजर आता है, नाराज लेखक नहीं जानता कि वह किस कारण से और किस पर नाराज है, फिर भी वह नाराज नजर आता है। बहुत से लेखक ऊपर से नाराज नजर आते हैं, पर अंदर से खुश दिखते हैं, कई अंदर-बाहर सर्वत्र नाराज नजर आते हैं। बहुत से ऐसे भी हैं, जो कभी-कभार नाराज नजर आते हैं और उनकी कविता भी टाइम-टु-टाइम नाराज दिखती है!

मैं ऐसे कई लेखकों को जानता हूं, जो टाइम-टु-टाइम नाराज नजर आया करते थे। उनके मन की हो गई तो खुश, वरना नाराज! वे एकदम बच्चे जैसे होते थे, पर इन दिनों अधिकांश लेखक स्थायी रूप से नाराज दिखते हैं। यूं इन सबमें एक बात 'कॉमन' नजर आती हैं और वह यह कि अगर आप इनसे पूछें कि आदरणीय! आप किससे और किस वजह से नाराज हैं, तो वे नहीं बता सकते कि क्यों नाराज हैं! कई कहते हैं, आजकल नाराज दिखना एक 'स्टाइल', एक 'पोजीशनिंग' है। इन दिनों नाराजगी एक 'यूनीफॉर्म' है, जिसे आज के अधिकांश लेखक घर से पहनकर निकलते हैं। ऐसे लेखकों को देखकर लगता है, जैसे उनका कुछ छिन गया है। उनके पास कुछ अनमोल चीज थी, या वह हाथ लगने वाली थी, जो अचानक छिन गई है, कोई छलिया उसे छीन ले गया है!

यूं तो साहित्य में पहले जितना माल था, आज उससे कुछ ज्यादा ही है- हजारों इनाम हैं, तरह-तरह के सम्मान हैं, बहुत सा माल है, माला-शाल-दुशाला हैं, मंच और मचान हैं, तीर व कमान हैं, भाषण-संभाषण हैं, जो कुछ लिखा-बोला, वह 'ऑन रिकॉर्ड' है, यू-ट्यूब पर अमर है। इन पर प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, प्रतिक्रियाएं आ चुकी हैं। लेखक उनको कई बार देख चुका है और कुछ को तो बार-बार देखता है। लेकिन शाम तक उसका मन फिर उदास से उदासतर होने लगता है, क्योंकि अब कहीं से कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा।

लेखक का मन फौरन इस बात की जुगत में लग जाता है कि वह ऐसा क्या नया गुल खिलाए कि सारी मित्र-मंडली पूरे दिन उसको शाबाशियां देती रहे। अगले दिन फिर वह प्रतिक्रियाओं को कई बार निहार चुका है और गिनकर हिसाब लगा चुका है कि किस-किस ने क्या-क्या प्रतिक्रिया दी। मन ही मन खुश है कि कल वाली कविता या पीस के मुकाबले आज ज्यादा प्रतिक्रियाएं आई हैं।

मगर अगला दिन फिर चुनौती देने लगता है, मानो कह रहा है कि हे लेखक, कुछ ऐसा लिख, और कुछ इतना फाड़ू लिख कि सोशल मीडिया में बस तू ही तू रह जाए, तू वायरल हो जाए, तेरी ट्रोलिंग हो जाए और तू वहां पहुंच जाए, जहां कोई और नहीं पहुंचा; तू ब्लू टिक हो जाए, तू ट्विटर का वीआईपी हो जाए और तुम पर पैसा बरसने लगे, तू हमेशा सुपर हिट बना रहे।

लाखों लाख लेखक। सबकी अपनी-अपनी 'फ्रेंडलिस्ट।' सारे फ्रेंड खुद लेखक-रचनाकार और हर लेखक की एक ही एषणा कि उसे कितनों ने देखा, कितनी प्रतिक्रियाएं आईं? फिर भी कालिदास, तुलसी, सूर बनने की ख्वाहिशें, बतर्ज 'गालिब': *हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पे दम निकले/ बहुत निकले मेरे अरमान लेकिन फिर भी कम निकले।*

आज लेखक लेखक नहीं है, उसका असली नाम है- ख्वाहिश। आकांक्षा। महत्वाकांक्षा। कामना। इसीलिए लाखों लेखक लिखे जा रहे हैं, कहे जा रहे हैं, बहे जा रहे हैं, हजारों-लाखों व्यूज और प्रतिक्रियाएं पा रहे हैं, इमोजी पा रहे हैं, फिर भी तोष नहीं। इसीलिए सिर्फ नाराज नजर आता है। उसे लगता है कि किसी ने उसका कुछ छीन लिया है, वह जो है, उससे अधिक का हकदार है, लेकिन यह हक उसे कोई नहीं दे रहा।

यादव लड़का B.Tech.-NIT Patna 29/5'8" Manager in SBI पिता Retd. Railway हेतु वर्किंग/ नॉन वर्किंग वधु संपर्क करे- 8539929573,8083647907

29/5'9" B.tech IIT+MBA IIM. IRS Officer वर हेतु वधू चाहिए दहेंज बंधन नही Working not Working मान्य 8789095743

### क्षत्रिय

क्षत्रिय वैश 25/5'-6" बी.कॉम. एम.बी.ए. फाईनेंस MNC दिल्ली में रिसर्च एनालिस्ट कार्यरत युवक हेतु एम.बी.ए. कार्यरत वधु चाहिये। सम्पर्क-9554515812

### भूमिहार

भूमिहार लड़का 29/5'10" B.Tch.,NIT(Trichi),IIMबंगलोर 65 LPA भाई Dr. (BHU) Ortho हेतु UP SC/Dr./Er./Prof./MBA/PO/CA/PSU /BDS वधु चाहिए 9709176666

29/5'9" B.tech IIT+MBA IIM. IRS Officer वर हेतु वधू चाहिए दहेंज बंधन नही Working not Working मान्य 8789095743

भूमिहार लड़का - B.Tech (IIT) 28 / 5'10", working MNC, 50 LPA+ पिता- Engineer हेतु, B.Tech/ MBA/ MCA/ Doctor/ PSU ER /Bank वधू संपर्क 9560572816

### भूमिहार

**BHUMIHAR- 32/** 5'8" Boy MBA Business, Hosiery Items (Ranchi) Father- Doctor. Seeks Educated bride. Mobile No.- 9934301415, 9470642144.

भूमिहार लड़का 29/5'10" MBBS + MD (Medicine ) AIIMS दिल्ली भाई IRS (इनकम टैक्स) हेतु UPSC/DR/ER /MBA/PO/CA/Prof/PSU/ BSD वधू चाहिए 9709176666

29/5'9" B.tech iit+mba iim. irs officer. वर हेतु वधू चाहिए दहेज़ बंधन नहीं. Working, not working मान्य. 8789095743

**SM4 BHUMIHAR** Brahmin Boy, Savarna Gotra, 35/5'11", B.Tech, posted in a CPSE at Delhi. Contact: 9069087165, yps1665@gmail.com

**BHUMIHAR BOY** 37/5'8" BE S/W Engr. Wkg as Manager MNC, Bangalore 32 LPA, Seeks MBA, MCA, BE, B'Ful, Girl. Preft.Wkg Software Professional - 09611126580, 09910900504

### कुर्मी

29/5'9" B.tech IIT+MBA IIM. IRS Officer वर हेतु वधू चाहिए दहेंज बंधन नही Working not Working मान्य 8789095743

घमैला कुर्मी लड़का MBBS-RIMS Ranchi, MS (Ortho)AIIMS Delhi 29/5'8" पिता Retd. Jhar. Govt. हेतु वधु संपर्क करें। सभी कुर्मी मान्य 9798416415,8404934559

कुर्मी लड़का B.Tech. (IIT-Delhi) + UPSC Qual. 28/5'8" Divisional Engr in Railway (IES) पिता ऑफि- सर PWD हेतु वधु संपर्क करें- 9798416415,8083647907

कुर्मी लड़का 29/5'10" IIT (K) MBA (XLRI) 46LPA बंगलौर भाई IRS (इनकम टैक्स) हेतु UPSC/DR/ ER/MBA/PO/CA / PROF/PSU / BDS वधू चाहिए 9709176666

कुर्मी लड़के 32/5'8" B.Tech MNC बंगलौर मे कार्यरत 20LPA , 30/5'9" Swiss बैंक 45LPA हेतु B.Tech/ बैंक PO मे कार्यरत वधु चाहिए। संपर्क 9386672223

अवधिया कुर्मी लड़का - MBBS + MD-AIIMS, New Delhi, 29/5'10", पिता- Class-1 officer हेतु, MD/ MS/ MBBS वधू संपर्क, सभी कुर्मी मान्य 9560572816, 8102106222

**KURMI 40/5'7"** Software Engineer US Citizen, B.Tech. (IIT) MS (Stanford, US) Well-settled boy needs a beautiful and educated bride. Caste no bar. #7294816013, 9835245690

### वैश्य

29/5'9" B.tech IIT+MBA IIM. IRS Officer वर हेतु वधू चाहिए दहेंज बंधन नही Working not Working मान्य 8789095743

जायसवाल लड़का, 42 / 5'7" प्रोफेसर निफ्ट सरकारी कॉलेज कांगड़ा(हिमाचल) वेतन 150000 के लिए स्वजातीय,शिक्षित सुयोग्य कन्या चाहिए। # 9334033040

29/5'9" B.tech iit+mba iim. irs officer. वर हेतु वधू चाहिए दहेज़ बंधन नहीं. Working, not working मान्य. 8789095743

**38/5'4" AGRAWAL** Mangal Gotra only son MA Eng. Lect. Rly. School Jamalpur seeks b'ful gori girl. Father Rtd. Prof. BGP. University. Early marriage. All Vaish acceptable. # 0641-2611544, 9934908144

### हिन्दू

**ALLIANCE INVITED** from Sonar/ Soni/Swarnkar Only For 91 born fair/Intelligent/MD Doctor/5'6/ Well Settled, 8901000102

**M4.SLIM HANDSOME** BOY.35Y.5'.8.5"PACKAGE 8.5LAC IN RAPIDO AS SR GRAPHIC DESIGER. DIVORCEE BOY. LIBRAL TYAGI FAMILY OF DEHRADUN.NEED MARRIED/ UNMARRIED GIRL.8384814670.

**SM4 DEL** bsd Hindu Nai(Gole) 96/5'8"/ MBA Own B'ness, U.Class Fmly. Seeks Edctd, H'mly, B'Ful Girl. Cont. 8376998391, 9811980149 hanah_sports@yahoo.com

**DUBAI BASED** NRI, 30 years 5"6" Hindu Khatri seeks professional qualified girl. Mail to amythkap@gmail.com. WhatsApp 0097154 3000781

**WANTED BRIDE** for handsome boy 38, 5'9", working in MNC Bank in Patna. Looking for alliance from decent and educated family. Contact 9771418830.

### जैन

**USA BASED** 5'10"/92 born h'some Jain boy Master in IS Working in New Jersey Us $1.5lakh Lkg for us based Jain girl or qualified to job in US. W'ap/Ph: 8800446665, 9873372973

### मुस्लिम

**SHIA BOY,** 29/ 5'7" S/W Engg in MNC, 21LPA, seeks b'ful, religious and eductd girl, 7379585858

### सिख

**DR. F'MLY** seeks Pro'ly q'fied b'ful girl for H'some 5'-9", 30 Enng. MBA boy wkg MNC Canada, managing commercial rental business. Open in settling India, abroad. Sikh Ramgarhia. Upper caste no bar. Contact 9815906958.

**AFFLUENT GURSIKH** Family, Based in Khar (w), Bombay, Family-owned business (Textile Manufacturing), Boys Ht - 5.11, Fair, MBA from SPJIMR, Age 30. Tel : 9820511362

**SLIM, CHARMING,** Educated girl of Delhi/NCR req for Handsome, Tall, MBA 29/5'7", businessman Sikh boy of educated H.Status family. Ph: 9310086091

### पंजाबी

**SM FOR** H'some Punjabi Brahmin Boy 5'6" Oct-82 B.Tech MBA Manager MNC Gurgaon 38 LPA. Seeks Slim beautiful girl ( upto 35yrs)wrkg Delhi / NCR # 9971691935, 9312831787

## हिंडनबर्ग मामला: सेबी ने मांगा वक्त

नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी अडानी समूह द्वारा शेयरों की कीमत में हेराफेरी मामले में चूक के आरोपों की जांच के लिए और छह महीने का समय चाहता है। इसके लिए सेबी ने उच्चतम न्यायालय से जांच की समयसीमा छह महीने बढ़ाने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने बीती दो मार्च को सेबी से कहा था कि वह दो महीने के भीतर मामले की जांच पूरी करे।

## सत्र शुरू नहीं पहुंची किताबें

लखनऊ। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा के बच्चों का सत्र शुरू हुए महीना बीत गया लेकिन अब तक उन्हें कार्य पुस्तिका तक हासिल नहीं हुई है। तमाम स्कूलों में पुस्तकें भी बच्चों को नहीं दी गई है। जबकि मई में इनके टेस्ट होने हैं। पिछले साल किताबें तब मिल सकी थीं जब अर्ध वार्षिक परीक्षाएं सर पर आ गई थी।

## मुआवजा ब्याज के साथ दें

लखनऊ। राज्य उपभोक्ता आयोग ने नरेंद्र गुप्ता के मामले में ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथॉरिटी को दो लाख रुपये आठ फीसदी ब्याज के साथ वापस करने का आदेश दिया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार के समक्ष यह मामला आया था। आयोग ने फैसले में कहा है कि वादी का यह वाद विपक्षी के खिलाफ आंशिक रूप से मंजूर किया जाता है।

## थाने पर पथराव में 35 पर केस

कानपुर। मंगलपुर थाने के पास स्थित बस्ती में बीते शुक्रवार देर रात लड़कियों से छेड़छाड़ में हिरासत में लिए गए पांच आरोपितों को छुड़ाने के लिए दबंगों द्वारा थाने पर पथराव मामले में शनिवार को सिपाही समेत नौ गिरफ्तार कर लिए गए जबकि 35 पर मुकदमे दर्ज किए गए। अन्य को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

## तौल लिपिकों का तबादला लॉटरी से होगा

लखनऊ।आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर भूसरेड्डी ने निर्देश दिया है कि तौल लिपिकों को पाक्षिक तबादला ऑनलाइन एसजी के पोर्टल से लॉटरी द्वारा ही किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। उन्होंने शनिवार को कहा कि ऑनलाइन पाक्षिक स्थानांतरण में बरती जा रही शिथिलता ठीक नहीं है।

# हिन्दुस्तान सर्च इंजन



# राजदरबार

## कुछ भूले, कुछ याद रहा

कांग्रेस से निकलकर अलग पार्टी बनाने वाले एक बड़े नेता की किताब और उनके बयानों पर उनके साथी नेता ही कई बार असहज हो जाते हैं। एक कार्यक्रम में यह बड़े नेता जब अपने सामने बैठे कुछ पुराने साथी नेताओं को गवाह बनाकर कोई पुराना वाकया सुना रहे थे तो वे सभी भौंचक रह गए। एक नेता ने कहा कि अब कैसे कहें कि वे झूठ बोल रहे थे या उन्हें शायद अब उतना याद नहीं रहा। फिलहाल नेता जी ने कहा, सही मौके पर वे भी बहुत कुछ तथ्य बताएंगे, जिससे स्थिति साफ हो। फिलहाल कांग्रेस में खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद ये सभी नेता माहौल भांपने में लगे हैं।

## पसोपेश में अध्यक्ष

यूपी के निकाय चुनाव में टिकट बंटवारे से उपजी नाराजगी दूर करने को बुलाई गई एक बैठक में आखिरकार वही हुआ, जिसका डर था। एक दल के प्रदेश अध्यक्ष इस कोशिश में थे कि वह जिले के पदाधिकारियों को समझा-बुझाकर मना लेंगे, लेकिन तभी पार्टी के एक महानगर अध्यक्ष ने सवाल उठाकर सारा गुड़ गोबर कर दिया। हुआ यह है कि पार्टी ने महापौर का एक टिकट दूसरे दल से आए नेता को थमा दिया, जिससे पूरे संगठन में खासी नाराजगी है। बैठक में इसी मुद्दे पर कार्यकर्ताओं को समझाना-बुझाना था। महानगर अध्यक्ष ने प्रदेश अध्यक्ष से इसी मुद्दे पर मार्गदर्शन मांग लिया कि जिन्हें टिकट दिया गया है, उनका कार्यकर्ताओं से परिचय किस तरह कराना है? पार्टी ने जिन्हें टिकट दिया है, उन्हें न तो कार्यकर्ता जानते हैं और न ही वह स्वयं किसी कार्यकर्ता को जानते हैं? यह सवाल सुनकर प्रदेश अध्यक्ष हतप्रभ रह गए, उन्होंने महानगर अध्यक्ष को बैठक के बाद अलग से मिलने की बात कहकर किसी तरह चुप कराया। अब पार्टी इस उधेड़बुन में है कि जब महानगर अध्यक्ष का तेवर ऐसा है तो अन्य कार्यकर्ताओं का तेवर कैसा होगा?

## ताकि शक्ल पहचान लें

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जिला और क्षेत्रीय स्तर पर पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। पार्टी की तरफ से नियुक्त पर्यवेक्षक चुनाव में अपनी जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं, पर चुनाव में दूसरे प्रदेशों से आए नेता और कार्यकर्ताओं की तादाद अन्य चुनाव के मुकाबले अधिक है। दिल्ली से चुनाव प्रचार के लिए गए एक वरिष्ठ नेता ने पंजाब से संबंध रखने वाले नेता को देखकर पूछा कि उन्हें किस सीट की जिम्मेदारी दी गई है, तो उसने कहा कि वह अपने खर्च पर आया है। वह पार्टी अध्यक्ष के प्रभाव वाले क्षेत्र में काम कर रहा है। ताकि किसी तरह वह पार्टी अध्यक्ष तक पहुंच जाए और वह उसे पहचानना शुरू कर दें।

इलेस्ट्रेशन : यशवंत नामदेव

### माफिया का गनर चुनौती

**प्रयागराज।** वर्षों से लापता अतीक अहमद का गनर पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। वह अतीक के लिए ही अवैध रूप से काम कर रहा था।

## पुलिस रिकॉर्ड में माफिया अतीक के आईएस 227 गैंग में 137 सदस्य थे चिह्नित

# गैंग ने ही कर दिया मटियामेट

- अतीक को मिट्टी में मिलाने में गैंग के सदस्यों ने निभाई भूमिका
- माफिया के ही गुर्गे उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा रहे

**प्रयागराज, वरिष्ठ संवाददाता।** अतीक अहमद ने जिस गैंग की बदौलत जरायम की दुनिया में राज किया। उसी गैंग के सदस्यों ने उसे मटियामेट करने में अहम भूमिका निभाई। अतीक के खिलाफ मोर्चा लेने वाले गैंग के सदस्यों ने न केवल उसकी काली कमाई के राज खोले बल्कि उसकी कमर तोड़ने में पुलिस की मदद भी की। अतीक की हत्या के बाद भी उसके ही गुर्गे उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा रहे हैं। आईएएस 227 गैंग के चिह्नित 137 सदस्यों में कई की मौत हो चुकी है। पूरे गैंग पर कार्रवाई जारी है।

**जैद ने की थी शुरुआत:** अतीक अहमद का सबसे करीबी आबिद प्रधान राजूपाल हत्याकांड समेत कई मुकदमों में नामजद रहा। अतीक ने आबिद के दामाद जैद को प्रयागराज से अगवा कर देवरिया जेल में पीटा था। इससे उनके बीच दूरी बनी। पुलिस ने जैद की मदद की तो उसने अतीक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी। अतीक ने धमकाया तो एक और एफआईआर दर्ज हुई।

अतीक अहमद (फाइल फोटो)

### साढ़ू ने बेटे अली पर दर्ज कराया मुकदमा

अतीक का साढ़ू इमरान उसके लिए काम करता था। उस पर भी कई केस दर्ज हैं लेकिन अतीक के चक्कर में जब इमरान का घर जमींदोज हो गया तो उसने दूरी बना ली। माफिया के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इमरान के भाई जीशान ने अतीक के बेटे अली पर करेली में केस दर्ज कराया।

### पंचनामा भरने वालों का दर्ज किया बयान

**प्रयागराज।** अतीक और अशरफ को गोली मारने वाले तीनों आरोपियों को जेल भेज चुकी एसआईटी अब तक किसी चौथे आरोपी के नाम का खुलासा नहीं कर सकी है। यह भी पता नहीं चला है कि तीनों ने किसके कहने पर हत्या की साजिश रची है। एसआईटी यही मान रही है कि सनी ने ही साजिश रची और अपने दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। इस जांच की अगली कड़ी में प्रत्यक्षदर्शियों, सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों, पंचनामा करने वाले पांच लोग, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, कॉल्विन अस्पताल के डॉक्टर व कर्मचारी और मौके पर मौजूद मजिस्ट्रेट आदि का बयान दर्ज किया जा रहा है। अब तक 15 का बयान दर्ज किया जा चुका है।

# जेल में अधिवक्ता सौलत से पुलिस ने की पूछताछ

**प्रयागराज, वरिष्ठ संवाददाता।** उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी बने अतीक अहमद के अधिवक्ता खान सौलत हनीफ से धूमनगंज पुलिस ने शनिवार को नैनी जेल में पूछताछ की। पुलिस ने हत्याकांड से जुड़े सवाल पूछे और उसका बयान दर्ज किया। अधिवक्ता पर आरोप है कि उसने हत्याकांड की साजिश में अहम भूमिका निभाई और उमेश पाल के कचहरी से निकलते ही शूटरों को लोकेशन दी थी।

उमेश पाल हत्याकांड की जांच करने वाली धूमनगंज पुलिस ने अधिवक्ता खान सौलत हनीफ को आरोपित किया है। बीते गुरुवार को कोर्ट से उसका रिमांड बनवाया था। खान सौलत को उमेश पाल अपहरण केस में अतीक के साथ ही उम्रकैद की सजा हो चुकी है। जेल में वह सजा काट रहा है।

### हत्यारोपितों की न्यायिक अभिरक्षा फिर बढ़ी

अतीक-अशरफ के हत्यारोपितों की न्यायिक अभिरक्षा फिर बढ़ी
प्रयागराज विधि संवाददाता
अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के आरोपितों की शनिवार को एक बार फिर 14 दिनों के लिए न्यायिक अभिरक्षा बढ़ा दी गई। अभिरक्षा की सुनवाई के दौरान अभियुक्त लवलेश तिवारी, सनी सिंह और अरुण मौर्य को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रभारी सीजेएम डॉ. लकी की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। अब 12 मई को आरोपितों को फिर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# विद्युत उत्पादन कार्यों में ढील पर हुई सीजीएम पर कार्रवाई

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** उ.प्र. राज्य विद्युत उत्पादन निगम के चेयरमैन एम. देवराज ने शनिवार की देर शाम जवाहरपुर तापीय परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक को निलंबित करने की कार्रवाई की। निलंबित किए गए मुख्य महाप्रबंधक को ओबरा तापीय परियोजना से संबद्ध किया गया है। जवाहरपुर तापीय परियोजना से विद्युत उत्पादन शुरू कराए जाने के लिए ऐश हैंडलिंग, कोल हैंडलिंग, मैन पावर तथा अन्य कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं कराने पर इन्हें निलंबित किया गया है।

**गोविद मिश्रा बने जीएम:** इसी क्रम में चेयरमैन ने अनपरा ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता प्रशासन राधे मोहन को महाप्रबंधक (परियोजना प्रबंधक) ओबरा तापीय परियोजना, मुख्य अभियंता (प्रशासन) ओबरा तापीय परियोजना गोविंद कुमार मिश्रा को महाप्रबंधक पनकी तापीय परियोजना कानपुर, मुख्य अभियंता तापीय परियोजना इकाई लखनऊ दूधनाथ को मुख्य अभियंता अनपरा अ ताप विद्युत गृह, मुख्य महाप्रबंधक अनपरा तापीय परियोजना राकेश चंद्र श्रीवास्तव को मुख्य अभियंता (प्रशासन) अनपरा तापीय परियोजना का अतिरिक्त कार्यभार, मुख्य महाप्रबंधक ओबरा तापीय परियोजना दीपक कुमार को मुख्य अभियंता तापीय परिचालन इकाई लखनऊ तथा मुख्य महाप्रबंधक पनकी तापीय परियोजना रवि प्रकाश सक्सेना को मुख्य अभियंता आरएंडएम इकाई लखनऊ के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

### लेखाधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी निलंबित

बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण पावर कारपोरेशन के एक लेखाधिकारी व एक सहायक समीक्षा अधिकारी को शनिवार को निलंबित कर दिया गया। कॉरपोरेशन के चेयरमैन एम. देवराज ने निलंबन आदेश जारी किया है। लेखाधिकारी सुशील कुमार पांडेय शक्ति भवन में तैनात थे जो एक वर्ष छह महीने से अनुपस्थित चल रहे थे।

# बायजू सीईओ रवींद्रन के दफ्तर पर ईडी ने छापे मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनी बायजू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवींद्रन बायजू के बेंगलुरु स्थित कार्यालय और आवासीय परिसर पर छापे मारे। वहां से आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ईडी ने एक बयान में बताया कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत हाल में बायजूस के सीईओ के दो कारोबारी और एक रिहायशी परिसर समेत कुल तीन परिसरों पर छापे मारे गए। इनमें पंजीकृत कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड का परिसर भी शामिल है। जांच एजेंसी ने बताया कि उसने विभिन्न प्रकार के आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किए हैं। कंपनी की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों का बैंकों से मिलान किया जा रहा है। वहीं, बायजूस के कानूनी मामले देखने वाले दल के एक प्रवक्ता ने कहा कि ईडी की कार्रवाई नियमित जांच है। कंपनी ने एजेंसी के साथ पूरी पारदर्शिता बरती है।

■ सनराइजर्स रोमांचक मुकाबले में नौ रन से जीता ■ अभिषेक- क्लासेन के अर्धशतक ■ पिछली हार का हिसाब बराबर किया

# हैदराबाद ने तोड़ा दिल्ली का दिल

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अर्धशतक जमाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकारते। ● एजेंसी

**मुकाबला 1**

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** मिचेल मार्श (27/4, 63 रन, 39 गेंद, 6 छक्के, 1 चौका) का ऑलराउंड खेल भी दिल्ली कैपिटल्स के काम नहीं आया। सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली को नौ रन से हराकर न सिर्फ उसका दिल तोड़ा बल्कि अपने घर में पिछले मैच में मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया।

**अक्षर की कोशिश भी नाकाम :** हैदराबाद ने लगातार तीन हार के बाद जीत दर्ज की। दिल्ली की टीम 198 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 188 रन ही बना पाई। अंतिम ओवर में 26 रन चाहिए थे और 16 बने। अक्षर पटेल (29 नाबाद) और रिपल पटेल (11 नाबाद)की कोशिश भी नाकाम रही। इस हार के साथ दिल्ली की प्लेऑफ की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं।

**दिल्ली की पहली शतकीय साझेदारी :** दिल्ली ने पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर कप्तान वॉर्नर (0) का विकेट गंवा दिया। भुवनेश्वर ने उनकी गिल्लियां बिखेरी। मार्श और फिल साल्ट (59) ने दूसरे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की। मौजूदा सत्र में दिल्ली ने पहली बार किसी विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। इस साझेदारी को मयंक मारकंडे ने अपनी ही गेंद पर साल्ट को कैच कर तोड़ा। इसके बाद टीम ने नियमित अंतराल में विकेट गंवाए।

**अभिषेक-क्लासेन के अर्धशतक :** अभिषेक शर्मा और एनरिच क्लासेन की अर्धशकीय पारियों से हैदराबाद ने छह विकेट पर 197 रन बनाकर मौजूदा सत्र में फिरोजशाह मैदान में सबसे बड़ा स्कोर बनाया। अभिषेक ने 36 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के से 67 और क्लासेन ने 27 गेंद में चार छक्कों और दो चौकों से नाबाद 53 रन बटोरे। अब्दुल समद ने 21 गेंद में दो छक्कों और एक चौके से 28 रन बनाए। अकील हुसैन नाबाद 16 रन बनाए।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**सनराइजर्स हैदराबाद :** 20 ओवर में 197/6 (अभिषेक शर्मा 67, हेनरिच क्लासेन नाबाद 53, अब्दुल समद 28, अकील हुसैन नाबाद 16, मार्श 27/4, अक्षर 29/1, इशांत 31/1)।

**दिल्ली कैपिटल्स :** 20 ओवर में 188/6 (मिचेल मार्श 63, फिल साल्ट 59, अक्षर पटेल नाबाद 29, प्रियम गर्ग 12, मयंक मारकंडे 20/2, अभिषेक 26/1, भुवनेश्वर 45/1)।

**62** रन अंतिम पांच ओवर में हैदराबाद ने बनाए और एक विकेट गंवाया

**53** रन की साझेदारी समद और क्लासेन ने छठे विकेट के लिए निभाई

**इशांत ने दिया पहला झटका :** अभिषेक ने इशांत के पहले ओवर में लगातार दो चौके जड़े लेकिन इस गेंदबाज ने तीसरे ओवर में मयंक अग्रवाल (5) को आउट कर हैदराबाद को पहला झटका दिया। राहुल त्रिपाठी (10) को मार्श ने पवेलियन भेजा। अभिषेक ने छठे ओवर में इशांत पर लगातार चार चौके जड़े जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 62 रन हो गया।

## गुजरात ने लगाई जीत की हैट्रिक, शीर्ष पर काबिज

**मुकाबला 2**

**कोलकाता, एजेंसी।** विजय शंकर (55*) व डेविड मिलर (32*) की नाबाद तूफानी पारियों से गुजरात टाइटंस ने शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 13 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया। लगातार तीसरी और कुल छठी जीत के साथ हार्दिक की टीम फिर शीर्ष पर पहुंच गई।

दोनों ने चौथे विकेट के लिए अटूट 87 रन की साझेदारी की जिससे गुजरात ने 180 रन का लक्ष्य 17.5 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। इससे पहले कोलकाता ने ओपनर गुरबाज (81) के पचासे और आंद्रे रसेल के आखिरी ओवरों में 19 गेंदों पर 34 की मदद से सात विकेट पर 179 रन बनाए। आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच 45 मिनट की देरी से शुरू हुआ था।

**राशिद का 100वां मैच :** गुजरात के लेग स्पिनर राशिद खान का यह आईपीएल में 100वां मैच था। इसमें उन्होंने चार ओवर में 54 रन लुटाए पर कोई विकेट नहीं मिला।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**कोलकाता :** 20 ओवर में 179/7 (रहमनुल्लाह गुरबाज 81, आंद्रे रसेल 34, जगदीशन 19, रिंकू 19, वेंकटेश 11, शमी 33/3, नूर अहमद 21/2, लिटिल 25/2)।

**गुजरात :** 17.5 ओवर में 180/3 (विजय शंकर नाबाद 51, शुभमान गिल 49, डेविड मिलर नाबाद 32, हार्दिक 26, रसेल 29/1, सुनील नारायन 24/1, हर्षित 25/1))।

कोलकाता के ईडन गार्डंस में शनिवार को मुकाबला जिताने के बाद वापस लौटते गुजरात टाइटंस के विजय शंकर और डेविड मिलर। ● एजेंसी



**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 00 | +0.638 | 12 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 00 | +0.939 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 00 | +0.841 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 5 | 3 | 00 | +0.376 | 10 |
| बेंगलुरु | 8 | 4 | 4 | 00 | -0.139 | 8 |
| पंजाब | 8 | 4 | 4 | 00 | -0.510 | 8 |
| कोलकाता | 9 | 3 | 6 | 00 | -0.147 | 6 |
| हैदराबाद | 8 | 3 | 5 | 00 | -0.577 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 00 | -0.620 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 2 | 6 | 00 | -0.898 | 4 |

**ऑरेंज कैप**

| | |
|---|---|
| डु प्लेसिस (बेंगलुरु) | 422 |
| कोहली (बेंगलुरु) | 333 |
| शुभमान (गुजरात) | 333 |

**पर्पल कैप**

| | |
|---|---|
| सिराज (बेंगलुरु) | 14 |
| राशिद (गुजरात) | 14 |
| अर्शदीप (पंजाब) | 14 |

## खेल 30s

### कप्तानी में धौनी जैसे हैं हार्दिक पांड्या : गावस्कर

**कोलकाता।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या अपने व्यक्तित्व को टीम पर नहीं थोपते। यह बात उन्हें महेंद्र सिंह धौनी जैसा बनाती है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, कई बार कप्तान अपना व्यक्तित्व और टीम का व्यक्तित्व एक जैसा करने की कोशिश करते हैं। टीम का और कप्तान का रवैया एक सा हो यह जरूरी नहीं है। हार्दिक अपनी सोच गुजरात टाइटंस पर थोपने की कोशिश नहीं कर रहे।

### अल्काराज उलटफेर का शिकार होने से बचे

**मैड्रिड।** गत चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्काराज मैड्रिड ओपन के पहले दौर में फिनलैंड के 41वीं वरीय एमिल रूसुवुओरी के हाथों उलटफेर का शिकार होने से बाल-बाल बचे। अगले महीने 20 वर्ष के होने जा रहे अल्काराज ने यह मुकाबला 2-6, 6-4, 6-2 से जीता। अब उनका सामना ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने ग्रेगोइर बारेरे को 6-0, 5-7, 6-3 से मात दी। पांचवीं वरीय आंद्रे रूबलेव ने स्टेन वावरिंका को 7-5, 6-4 से हराया।

### नेपाल ने भारत को दस विकेट से हरा सीरीज जीती

**काठमांडू।** मनकेशी चौधरी (116) और बिनिता पुन (89) के बीच 209 रन की अटूट साझेदारी से नेपाल ने शनिवार को भारत को 10 विकेट से हराकर पांच मैचों की दृष्टिबाधित महिला टी-20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। नेपाल की कप्तान भगवती भटारी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन बना लिए। गंगा ने 27 गेंद में 57 रन बनाए। जवाब में नेपाल ने बिना विकेट खोए 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### स्ट्रॉस ईसीबी के सलाहकार पद से इस्तीफा देंगे

**लंदन।** एंड्रयू स्ट्रॉस इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के रणनीति सलाहकार और क्रिकेट परफॉर्मेंस समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देंगे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इससे पहले 2015 से 2018 के बीच इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम के निदेशक रह चुके हैं। वह 2020 में ईसीबी के रणनीति सलाहकार और समिति के अध्यक्ष बने थे। स्ट्रॉस ने कहा, ईसीबी के साथ अपने कार्यकाल का मैंने पूरा मजा लिया। बाहर व्यस्तताओं के कारण मैंने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है।

### अंकिता और कैसिनो की जोड़ी खिताब से चूकीं

**नई दिल्ली।** अंकिता रैना और फ्रांस की उनकी जोड़ी एस्टेले कैसिनो शनिवार को आईटीएफ फ्रांस ओपन टूर्नामेंट में युगल खिताब से चूक गई। अंकिता और स्थानीय खिलाड़ी कैसिनो को फाइनल में ब्रिटेन की नैकथा बैंस और मैया लम्सडेन के हाथों संघर्षपूर्ण मुकाबले में 4-6, 6-3, 7-10 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। अंकिता-कैसिनो ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे में वापसी कर मुकाबला तीसरे सेट में पहुंचाया। निर्णायक मुकाबले में यह जोड़ी टाईब्रेकर में हार गई।

### क्रिस्टल पैलेस ने वेस्ट हैम को पराजित किया

**लंदन।** क्रिस्टल पैलेस ने इंग्लिश प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में शनिवार को वेस्ट हैम युनाइटेड को 4-3 से पराजित किया। क्रिस्टल ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी कर यह जीत दर्ज की। उसके लिए जॉर्डन एयू (15वें मिनट), विल्फ्रेड जाहा (20वें मिनट), जेफरी (30वें मिनट) और एबेरेची एजे (66वें मिनट) ने गोल किए। वेस्ट हैम के लिए थॉमस सॉसेक (9वें मिनट), माइकल एंटोनियो (35 वें मिनट) और एन एगुयर्ड (72 वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।

## सात्विक चिराग ऐतिहासिक खिताब से एक पायदान दूर

**एशिया बैडमिंटन**

**नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शनिवार को दुबई में चल रही एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। चैंपियनशिप के 61 साल के इतिहास में पहली बार कोई भारतीय जोड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंची।

ओलंपिक चैंपियन चीनी ताइपे के ली यांग और वांग चि लिन की जोड़ी सेमीफाइनल मुकाबले के बीच में हट गई। तब सात्विक-चिराग ने पहला गेम 21-18 से जीता था और दूसरे में 14-13 से पीछे थे। अब इस भारतीय जोड़ी का रविवार को खिताब के लिए मलेशिया के ओएनजी यू सिन और टियो ई यी से सामना होगा।

**खन्ना के बाद सात्विक-चिराग :** पिछले 58 साल में फाइनल में पहुंचने यह पहले भारतीय हैं। इससे पहले 1965 में दिनेश खन्ना एकल के खिताबी मुकाबले में पहुंचे थे और चैंपियन बने थे।

युगल में इससे पहले 1971 में दीपू घोष और रमन घोष की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची थी। हालांकि उसे हारकर कांसे से संतोष करना पड़ा था।

1978 में सैयद मोदी और प्रकाश पादुकोण ने भी सेमीफाइनल पहुंचकर कांस्य पदक जीता था। हालांकि यह आमंत्रण चैंपियनशिप थी।

चिराग शेट्टी ओर सात्विकसाईराज।

**18** पदक एक स्वर्ण सहित भारत ने अब तक चैंपियनशिप में जीते हैं

## तेज गेंदबाज उमेश यादव भी चोटिल हुए

**नई दिल्ली।** आईपीएल में शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में उमेश यादव को प्लेइंग 11 में नहीं रखा गया। टॉस पर आए नितीश राणा ने अपडेट दिया कि पिछले मैच के बाद उन्हें हैमस्ट्रिंग की समस्या हुई।

यह भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बुरी खबर है, क्योंकि मई की शुरुआत में भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेलना है। इसके लिए बीसीसीआई ने जिस टीम इंडिया का ऐलान किया है, उसमे उमेश यादव का नाम भी शामिल है।

## सुमित गार्डन ओपन के फाइनल में पहुंचे

**रोम, एजेंसी।** सुमित नागल सत्र के अपने पहले खिताब से कदम दूर हैं। शीर्ष भारतीय खिलाड़ी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को गार्डन ओपन चैलेंज टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल का टिकट कटा लिया।

क्वालीफायर सुमित ने आठवीं वरीय बेल्जियम के जोरिस डी लूरे को तीन सेट में 2-6, 7-5, 6-4 से पराजित किया। मुख्य ड्रॉ में नागल ने पहली बार कोई सेट गंवाया। पिछले तीनों मुकाबलों में उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की थी।

## 'किंग्स' के बीच होगी टक्कर

**मैच प्रीव्यू 1**

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल में रविवार को होने वाले मुकाबले में स्पिनरों का दबदबा रहेगा। इसमें मेजबान टीम का पलड़ा भारी दिख रहा है। दोनों टीमों को पिछले मैच में पराजय का सामना करना पड़ा है।

चेन्नई को राजस्थान रॉयल्स ने 32 रन से हराया तो पंजाब को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 56 रन से शिकस्त दी। शायद अपना आखिरी आईपीएल खेल रहे एमएस धौनी पर सभी की नजरें होंगी। चेन्नई हालांकि अब अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी। जहां स्पिनरों की तूती बोलती है। धौनी जैसा चतुर कप्तान पंजाब को फिरकी के जाल में फंसाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

वहीं, पंजाब की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। कप्तान शिखर धवन की वापसी का भी कोई फायदा नहीं हुआ। धवन, प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे को रन बनाने होंगे। धवन की गैर मौजूदगी में मुंबई के खिलाफ कप्तानी करने वाले सैम कुरेन ने बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया था। पिछले मैच में लखनऊ के हाथों बुरी तरह पिटे अर्शदीप सिंह और कैगिसो रबाडा लय में लौटने की कोशिश करेंगे।

**28** मैच दोनों ने खेले हैं जिसमें से 16 चेन्नई, 12 पंजाब ने जीते हैं

**02** मैच पिछले साल दोनों ने खेले थे जिनमें पंजाब ने चेन्नई को हराया था

**मैच प्रीव्यू 2**

### क्या मुंबई दे पाएगा राजस्थान को मात

**मुंबई, एजेंसी।** खराब दौर से जूझ रही मुंबई इंडियंस को अगर फिर से जीत की राह पर लौटना है तो रविवार को मजबूत राजस्थान रॉयल्स से पार पाना होगा। राजस्थान के बल्लेबाज शानदार फॉर्म में हैं।

राजस्थान ने पिछले मैच में चेन्नई पर एकतरफा जीत दर्ज की। वहीं, मुंबई की अंतिम ओवरों की गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है। इसकी वजह से उसे पिछले दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा। मुंबई के रोहित शर्मा, ईशान और सूर्यकुमार को प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। वहीं, राजस्थान की बल्लेबाजी में काफी गहराई है। उनके पास जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल जैसे ओपनर हैं। मध्यक्रम में संजू सैमसन, देवदत्त, शिमरोन और ध्रुव जुरेल उतरते हैं। ये सभी फॉर्म में हैं।

■ मैच-1 प्रसारण : दोपहर 3:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स पर
■ मैच-2 प्रसारण : शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स पर

### सोशल मीडिया से

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा का रविवार को जन्मदिन है। उन्होंने शुक्रवार रात एडवांस में बर्थडे पार्टी रखी। इसमें तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी भी पहुंचे, लेकिन उनकी एंट्री ने उन्हें विवाद में डाल दिया। ट्विटर समेत सोशल मीडिया पर धवल की एंट्री का एक वीडियो सामने आया है। इसमें जब वह पार्टी के लिए पहुंचते हैं तो बाहर अचानक एक लड़की सड़क पर गिर जाती है। आसपास के लोग उसकी मदद के लिए आगे आते हैं, लेकिन कुलकर्णी फोटो सेशन में व्यस्त हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर लोगों ने इस पर नाराजगी जाहिर की।

## आईपीएल : रनवर्षा के बावजूद अंतिम ओवरों में गेंदबाज प्रभावी

रिंकू सिंह ने अंतिम ओवर में यश दयाल पर 31 रन जड़कर जीत दिलाई थी। महेंद्र सिंह धौनी ने संदीप शर्मा के खिलाफ आखिरी ओवर में 21 रन ठोक लगभग जीत दिला दी थी। गुरुवार को राजस्थान ने चेन्नई के खिलाफ अंतिम चार ओवरों में 56 रन बना दिए। इन सब उदाहरणों के बावजूद यदि अंतिम चार ओवरों की तुलना आईपीएल के पिछले 15 सत्रों से करें तो इस बार गेंदबाज ज्यादा प्रभावी रहे हैं।

(आकलन :26 अप्रैल तक) Hindustan Times

### प्रति ओवर 10 रन से कम

मैच की दोनों पारियों में गेंदबाजों ने डेथ ओवरों में 9.94 रन प्रति ओवर के औसत से रन दिए हैं। यह आईपीएल इतिहास का सिर्फ चौथा सर्वाधिक रनों का औसत है। 2020 और 2022 में रनों की औसत दर 10 से भी ऊपर रही थी और 2015 में यह आंकड़ा 9.97 का था। 2022 ओर 2015 का आईपीएल भारत में जबकि 2020 का यूएई में आयोजित हुआ था। सिर्फ दो सत्र ऐसे रहे हैं जब डेथ ओवरों में प्रति ओवर 9 से कम रन बने हैं। एक 2009 में जब यह टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका में हुआ और दूसरा 2011 (भारत) में।

### सबसे किफायती (आईपीएल 2023)

| | |
|---|---|
| युज्वेंद्रा चाहल | 5.4 रन प्रति ओवर |
| मोहित शर्मा | 5.6 रन प्रति ओवर |

(डेथ ओवरों में कम से कम पांच ओवर करने वाले गेंदबाजों में)

### पेस बनाम स्पिन

अंतिम ओवरों में गेंदबाजी का ज्यादा भार तेज गेंदबाजों ने उठाया है। दोनों पारियों में कुल 19 गेंदबाजों ने 16 से 20 ओवरों के बीच गेंदबाजी की है। इन्होंने 480 गेंदें (80 ओवर) फेंकी हैं। इनमें सिर्फ एक स्पिनर सुनील नारायन हैं जो 2012 से एक टीम कोलकाता के साथ हैं और डेथ ओवरों में उनकी इकोनॉमी 7.6 रन प्रति ओवर रही है। सिर्फ दो स्पिनर राशिद खान (7) और आर. अश्विन (7.8) ऐसे हैं जिनकी इकोनॉमी सुनील से बेहतर या करीब है। मगर इन्होंने डेथ ओवरों में सुनील के मुकाबले आधी गेंदें भी नहीं फेंकी हैं।

### मैदान का गणित

बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग है। डेथ ओवरों में यहां गेंदबाज 10.5 रन प्रति ओवर के औसत से पिटे हैं। यह बाकी सभी स्टेडियमों में सबसे ज्यादा है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में यह आंकड़ा 8.5 का है जो सबसे कम है। 22 अप्रैल को यहां गुजरात ऐसी फंसी कि लखनऊ ने अंतिम चार ओवरों में 24 रन बचा लिए।

### दूसरी पारी में ज्यादा मारक

रोचक बात यह है कि डेथ ओवरों में सर्वश्रेष्ठ इकोनॉमी वाले 10 शीर्ष गेंदबाज दूसरी पारी में ज्यादा मारक रहे हैं। उदाहरण के तौर पर सुनील नारायन की पहली पारी की इकोनॉमी 8.3 रन प्रति ओवर है जबकि दूसरी की 7.1 रन प्रति ओवर। यहां तक की हर्षल पटेल की इकोनॉमी भी 10.4 से सुधरकर 8.9 की हो जाती है। इसका मतलब है कि अच्छे डेथ गेंदबाज तब ज्यादा बेहतर गेंदबाजी करते हैं जब उन्हें पता हो कि उन्हें कितने रन बचाने हैं।

### स्टेडियम: डेथ ओवरों में औसत रन

| स्टेडियम | औसत रन |
|---|---|
| एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु | 10.5 |
| नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद | 10.1 |
| वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई | 10.1 |
| ईडन गार्डंस, कोलकाता | 9.7 |
| पीसीए स्टेडियम, मोहाली | 9.6 |
| अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली | 9.5 |
| सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर | 9.4 |
| राजीव गांधी स्टेडियम, हैदराबाद | 9.2 |
| एम चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई | 9.2 |
| इकाना स्टेडियम, लखनऊ | 8.5 |

**जरा हटकर**

## रोल्स रॉयस कार में फर्राटे भर रही हालैंड की प्रेमिका

फुटबॉल में मैदान पर दे दनादन गोल दाग रहे नार्वे के 22 वर्षीय फुटबॉलर इर्लिंग हालैंड अपनी बचपन की दोस्त इसाबेल हॉगसेंग जोहानसन के साथ प्यार की पींगे बढ़ा रहे हैं। कुछ हफ्ते पहले तक नार्वे के एक स्कूल की कैंटीन में मछली और सैंडविच खाने वाली 18 साल की खूबसूरत और पढ़ाकू लड़की इसाबेल आजकल मैनचेस्टर की सड़कों पर सफेद रोल्स रॉयस मोटरकार में फर्राटे भरती नजर आ रही हैं। स्कूली जीवन से दूर इसाबेल दुनिया के सबसे खूबसूरत फुटबॉलर के साथ वक्त गुजार रही हैं। इसाबेल को दक्षिण-पश्चिम नॉर्वे के ब्रायन अपर सेकेंडरी स्कूल ने दूर दराज के क्षेत्रों में अध्ययन के लिए छुट्टी दी हुई। इसी स्कूल में हालैंड ने भी पढ़ाई की है। इन दोनों की प्रेम कहानी यहीं से शुरू हुई थी। खास बात यह है कि इसाबेल भी फुटबॉलर हैं। वह पार्ट टाइम एक फैशन स्टोर में काम करती हैं। इसाबेल के दोस्त उसे ब्रायन शहर की सबसे लक्की गर्ल कहते हैं। इसाबेल उनके मैच देखने के लिए अक्सर जर्मनी और इंग्लैंड जाती हैं। यह जोड़ा आजकल मैनचेस्टर में अक्सर एक-साथ नजर आ रहा है। इंग्लिश प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर सिटी के लिए खेलने वाले हालैंड के लिए एक सत्र काफी शानदार रहा है। वह ईपीएल में अब तक रिकॉर्ड 33 गोल दागकर यूरोपियन गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। बचपन के कोच को विश्वास है कि हालैंड अपने खेल से भटकेंगे नहीं।

महिला लड़ाकू विमान पायलटों की नियुक्ति के बाद पांच महिला अफसरों की तोपखाना रेजीमेंट में तैनाती बड़ा कदम

# महिला अफसर एलएसी के मोर्चे पर तैनात

**उत्साहजनक**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सेना की युद्धक शाखाओं में महिला अफसरों को नियुक्ति देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शनिवार को पांच महिला अफसरों को युद्धक शाखा तोपखाना (आर्टिलरी) रेजीमेंट में कमीशन दिया गया। पांचों लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्त हुई हैं। सूत्रों ने बताया कि तीन महिला अधिकारियों को चीन से सटी सीमाओं पर तैनात टुकड़ियों में नियुक्त किया गया है। वहीं, दो अन्य महिला अधिकारियों को पाकिस्तान के साथ अग्रिम सीमा के समीप चुनौतीपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है।

कुछ साल पूर्व वायुसेना में महिला उम्मीदवारों को लड़ाकू विमान पायलट के रूप में तैनाती दी गई थी। अब सेना में महिला अफसरों की युद्धक भूमिका में तैनाती दूसरा महत्वपूर्ण कदम है। सैन्य सूत्रों ने कहा कि भारतीय सेना ने पहली बार अपनी तोपखाना रेजीमेंट में पांच महिला अधिकारियों को शामिल किया है। इनमें लेफ्टिनेंट महक सैनी, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे, लेफ्टिनेंट अदिति यादव और लेफ्टिनेंट पायस मुदगिल शामिल हैं। इन सभी ने शनिवार को चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) में अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर सेना में कमीशन प्राप्त किया।

भारतीय सेना ने पहली बार अपनी तोपखाना (आर्टिलरी) रेजीमेंट में पांच महिला अधिकारियों को शामिल किया है।

एक अधिकारी ने बताया कि लेफ्टिनेंट सैनी को एसएटीए रेजिमेंट में, लेफ्टिनेंट दुबे और लेफ्टिनेंट यादव को फील्ड रेजिमेंट में, लेफ्टिनेंट मुदगिल को एक मध्यम रेजिमेंट में और लेफ्टिनेंट आकांक्षा को एक रॉकेट रेजिमेंट में शामिल किया गया है।

इन अफसरों को तोपखाना रेजीमेंट से जुड़ी सभी शाखाओं में बारी-बारी से तैनात किया जाएगा। पासिंग आउट परेड में 186 कैडेट शामिल थे। इनमें 29 भूटान के नागरिक हैं।

## शहीद की पत्नी सेना में बनीं अधिकारी

**नई दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी संघर्ष में शहीद होने वाले बिहार रेजीमेंट के नायक दीपक सिंह की पत्नी रेखा सिंह ने सेना में बतौर अफसर कमीशन प्राप्त किया है। 29 वर्षीय रेखा को सैन्य आयुध कोर में लद्दाख में तैनाती मिली है। जिस क्षेत्र में पति की शहादत हुई, वहीं अब पत्नी अफसर बनकर मोर्चा संभालेंगी। अगले कुछ दिनों में वह लद्दाख में पहुंच जाएंगी।

**शादी के आठ माह बाद ही हो गए थे शहीद :** सैन्य सूत्रों ने बताया कि नवंबर 2019 में रेखा सिंह का विवाह दीपक सिंह के साथ हुआ था। विवाह के करीब आठ महीने के भीतर ही 15 जून 2020 को हुए गलवान घाटी संघर्ष में दीपक शहीद हो गए। दीपक सेना मेडिकल कोर से थे, जो 16वीं बिहार रेजीमेंट से अटैच किए गए थे। गलवान संघर्ष के दौरान वे अंतिम सांस तक अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे। शहीद होने से पूर्व उन्होंने 30 घायल जवानों का इलाज कर उनकी जान बचाई थी।

# याचिका: आनंद मोहन की रिहाई को चुनौती

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** पूर्व सांसद आनंद मोहन की जेल से समय पूर्व रिहाई के खिलाफ आईएएस अधिकारी जी. कृष्णनैया की पत्नी ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। आनंद मोहन गोपालगंज के तत्कालीन डीएम कृष्णनैया की हत्या मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे।

जी कृष्णनैया की पत्नी उमा कृष्णनैया ने तर्क दिया, आनंद मोहन को आजीवन कारावास की सजा का मतलब उसे जीवनभर कारावास में रखना है।

उन्होंने याचिका में कहा, आजीवन कारावास जब मृत्युदंड के विकल्प के रूप में दिया जाता है, तो अदालत के निर्देश सख्ती से लागू होने चाहिए। इसमें छूट नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सजा माफी के नियमों के बदलाव की अधिसूचना को भी रद्द करने की मांग की है। बता दें कि मोहन का नाम उन कैदियों में शामिल था, जो उम्रकैद काट रहे थे और 14 साल से सलाखों के पीछे थे। बिहार के जेल नियमों में संशोधन के बाद गुरुवार सुबह मोहन को सहरसा जेल से रिहा कर दिया गया था।

## 'जितना बड़ा अपराध नहीं, उससे बड़ी राहुल को सजा'

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात हाईकोर्ट में शनिवार को वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जिस कथित अपराध के लिए दोषी ठहरा कर दो वर्ष कैद की सजा सुनाई गई है, वह न तो गंभीर है, न ही इसमें नैतिक क्षुद्रता है।

सिंघवी ने 2019 के मानहानि मामले में राहुल की सजा पर रोक लगाने का अनुरोध किया। सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने राहुल की अर्जी पर दो मई को सुनवाई करने पर राजी हो गया है। सिंघवी ने कोर्ट में कहा, एक जमानती, असंज्ञेय अपराध में दो साल की अधिकतम सजा का मतलब है कि वह अपनी लोकसभा सीट स्थायी रूप से खो सकते हैं। जो कि व्यक्ति और उस निर्वाचन क्षेत्र के लिए बहुत गंभीर मामला है, जिनका वह प्रतिनिधित्व करते हैं। हाईकोर्ट राहुल की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें मोदी उपनाम संबंधी टिप्पणी से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगाने के सूरत सत्र अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। उधर, गुजरात में भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी।



# स्वतंत्रता का अमृतकाल विविध धाराओं का संगम

**तेलुगु संगमम**

**वाराणसी, हिन्दुस्तान टीम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता का अमृतकाल देश की विविध धाराओं का संगम है। इससे निकला राष्ट्रीयता का अमृत भारत को अनंतकाल तक ऊर्जा देता रहेगा।

प्रधानमंत्री शनिवार शाम काशी में चल रहे 'गंगा-पुष्करालु' के तहत काशी-तेलुगु संगमम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। गंगा किनारे मानसरोसवर घाट पर जुटे आंध्र और तेलंगाना के हजारों तीर्थयात्रियों से ऑनलाइन जुड़े पीएम ने कहा कि गंगा पुष्करालु का आयोजन गंगा और गोदावरी का संगम है। यह भारत की सभ्यताओं, संस्कृति, परंपरा के संगम का उत्सव है। ऐसे आयोजन से राष्ट्रसेवा का संकल्प आगे बढ़ते रहने का विश्वास मजबूत होता है। लगभग 15 मिनट के संबोधन में पीएम ने काशी और तेलुगु समाज के प्राचीन संबंधों की गहराई को कई उदाहरणों से सजीव किया। प्रधानमंत्री बोले, काशी जितना ही प्राचीन तेलुगु समाज का काशी से रिश्ता है। उनकी आस्था भी काशी जितनी ही पवित्र है। काशी में यदि बाबा विश्वनाथ हैं तो आंध्र में मल्लिकार्जुन व तेलंगाना में राजराजेश्वर की प्रतिष्ठा है। काशी में विशालाक्षी का शक्तिपीठ है तो आंध्र में ब्रह्मरामांबा और तेलंगाना में राजराजेश्वरी हैं। पीएम ने कहा, हमारे पूर्वजों ने भारत की चेतना को अलग-अलग केन्द्रों में बसाकर रखा है।

## मन की बात का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सीधा प्रसारण

**न्यूयॉर्क।** 'मन की बात' के 100वें एपिसोड का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सीधा प्रसारण होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने ट्वीट किया, 30 मिनट का यह कार्यक्रम रविवार को भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे व न्यूयार्क में शनिवार देर रात डेढ़ बजे प्रसारित होगा।

# भाजपा किसी का सम्मान नहीं करती : प्रियंका गांधी

**धारवाड़ (कर्नाटक), एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि उन्होंने नरेंद्र मोदी के तौर पर एकमात्र ऐसा प्रधानमंत्री देखा है, जो लोगों की व्यथा सुनने के बजाय उनके सामने अपनी व्यथा सुनाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी का सम्मान नहीं करती।

वाड्रा ने कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले धारवाड़ जिले के नवलगुंड शहर में एक जनसभा में कहा, मैंने इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह से लेकर कई प्रधानमंत्रियों को देखा है, लेकिन ऐसा (मोदी) प्रधानमंत्री नहीं देखा। जो जनता की समस्या नहीं सुनते हैं।

# समृद्धि और शांति के लिए भाजपा जरूरी: अमित शाह

**उडुपी/मंगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उडुपी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से राज्य में विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील की। कहा कि समृद्धि, विकास और शांति सुनिश्चित करने के लिए भाजपा को सत्ता में आना होगा।

शाह ने कहा कि कर्नाटक के लोगों को 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की रिवर्स गियर सरकार के बजाय भाजपा को वोट देकर राज्य में डबल इंजन की सरकार चुननी चाहिए। वहीं, शाह ने मंगलुरु में रोड शो भी किया। उडुपी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कर्नाटक में चार वर्षों के दौरान 2,26,418 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाएं लाईं। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कांग्रेस की रिवर्स गियर सरकार केवल कर्नाटक को उनके एटीएम राज्य के रूप में बदल देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा को समृद्धि, विकास और शांति सुनिश्चित करने के लिए सत्ता में आना होगा।

## मोदी की प्रसिद्धि कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं: राजनाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्नाटक चुनाव की गहमागहमी के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आपत्तिजनक बयान पर कहा कि कांग्रेस, पीएम मोदी की लोकप्रियता को बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। इसलिए वो सदमे में है। उन्होंने कहा, राजनीतिज्ञों को किसी के लिए अपशब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

राजनाथ सिंह ने कहा कि दक्षिण का द्वार भाजपा के लिए खुला हुआ है। कर्नाटक की जनता इस बात को अच्छी तरह समझती है कि भाजपा को 2018 में पूर्ण बहुमत नहीं मिला था। इस कारण उसे काम करने का पूरा समय नहीं मिला। रक्षा मंत्री ने कहा कांग्रेस ने कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण देकर वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश की थी। लेकिन, भाजपा धर्म की राजनीति नहीं करती। सिर्फ इंसाफ और इंसानियत की राजनीति करती है।

# वायुसेना ने जर्जर हवाई पट्टी पर विमान उतारकर 121 जानें बचाईं

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** भारतीय वायुसेना की गिनती यूं ही दुनिया के बेहतरीन वायुसेना के तौर पर नहीं होती है। सूडान में एक ऐसे ही मिशन को अंजाम देकर वायुसेना ने अपना अदम्य शौर्य का परिचय दिया और 121 लोगों की जान बचाई।

वायुसेना ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि जिस हवाई पट्टी पर उतरना था उसकी सतह खराब (जर्जर हवाई पट्टी) थी। बिना नेविगेशन के और सबसे बड़ी बात कि वहां पर लैंडिंग लाइट्स (ये किसी विमान के उतरने के लिए सबसे जरूरी होता) भी नहीं थीं। रात के समय विमान को खार्तूम से करीब 40 किलोमीटर दूर वादी सईदना में उतरना था, लेकिन न तो वहां रोशनी थी और न ही नेविगेशन का इंतजाम। साथ ही छोटी हवाई पट्टी परेशानियों को और बढ़ा रही थीं। हवाई पट्टी पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था।

## अमेरिका एच1बी वीजा नियम बदलेगा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने माना है कि एच1बी वीजा के लिए इस्तेमाल होने वाले लॉटरी सिस्टम से धोखाधड़ी हो रही है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवाओं ने इसे स्वीकारा और नियम में बदलाव की बात कही है।

एच1बी वीजा के लॉटरी सिस्टम में लंबे समय से धोखाधड़ी की जा रही है। एजेंसी ने साफ किया कि इसमें सुधार के लिए जल्द ही नया कानून लाया जाएगा। वित्त वर्ष 2023 और वित्त वर्ष 2024 में मिले सबूतों के आधार पर उसने धोखाधड़ी की व्यापक जांच की। जांच में पाया गया कि वीजा आवेदकों का सफलतापूर्वक चयन करने के लिए बनी कम्प्यूटरीकृत प्रणाली का दुरुपयोग किया गया है। एजेंसी ने कहा कि मामलों में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए हम आपराधिक मुकदमा चलाने की कार्यवाही शुरू करने की तैयारी में हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड प्रेस, पाकेट-II, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ - 226010 (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, पाकेट-II, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ - 226010 (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर स्थानीय सम्पादक : सुनील द्विवेदी * दूरभाष : लखनऊ : पी.बी.एक्स. (0522) 2306201-06, 6663296, फैक्स- 2306220, सम्पादकीय- 2306209, प्रसार- 6663266, विज्ञापन- 2306218, आर.एन.आई. नं. UPHIN/2010/33774
*सम्पादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी।

समुद्र में बनाए गए गुंबदनुमा ग्रीनहाउस

# बदलाव: समुद्र में खेती कर उगा रहे हैं खजाना

**शोध**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर में मौसम के बदलते मिजाज और फसलों को हो रहे नुकसान के बीच समुद्र की सतह पर खेती किसानी की नई दुनिया तैयार होने लगी है। इटली के नोली तटीय क्षेत्र पर समुद्र की सतह में गुंबदनुमा ग्रीनहाउस बनाए गए हैं जिसे निमो गार्डेन नाम दिया गया है।

**23 लाख डॉलर से अधिक की रकम खर्च की :** वैज्ञानिकों का मानना है कि समुद्र के नीचे खेती में कामयाबी मिलती है तो दुनिया को खेती किसानी के लिए नया स्थान मिल सकता है। जो इटली के निमो गार्डेन में खेती की शुरुआत के लिए वैज्ञानिकों ने 23 लाख डॉलर से अधिक की रकम खर्च की है।

**निमो गार्डेन में स्ट्राबेरी तक की खेती :** इटली के निमो गार्डेन प्रोजेक्ट के तहत 600 तरह के पौधे उगाए गए हैं। इसमें स्ट्राबेरी समेत अन्य फल उगाने में कामयाबी मिली है। समुद्र की सतह पर नौ ग्रीनहाउस बनाए गए हैं। जो करीब 6 से 10 मीटर नीचे है। एक ग्रीनहाउस में हवा का दबाव दो हजार लीटर के करीब है। निगरानी के लिए पूरी टीम लगी हुई है। समुद्र के नीचे पैदा होने वाली फसलों की गुणवत्ता जांचने की प्रक्रिया जारी है। अगर यह गुणवत्ता जमीन पर उगने वाले पौधों के बराबर निकलती है तो इसे खेती-किसनी की दुनिया रकी बड़ी कामयाबी माना जा सकता है।

## दस साल बाद मिली प्रयासों में कामयाबी

इटली की कंपनी ओसन रीफ के संस्थापक सेरगियो गैंबरेनी का कहना है कि समुद्र की सतह पर खेती दुनिया के लिए अकल्पनीय मौका है। वर्ष 2012 में निमो प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी और अब इसके नतीजे देखने को मिले हैं। गैंबरेनी का कहना है कि दुनिया को इससे खाना मुहैया कराना चुनौती होगा लेकिन समुद्र की सतह खेती के लिए एक नया स्थान जरूर हो सकता है।

## दुनियाभर में परीक्षण

इटली के निमो गार्डेन प्रोजेक्ट से जुड़े वैज्ञानिकों का कहना है कि वे दुनियाभर के तटीय क्षेत्रों पर ये परीक्षण करने की तैयारी कर रहे हैं। इस साल ओहियो के समुद्री तट पर इस तकनीक के जरिए खेती के लिए काम शुरू होगा। दुनियाभर में समुद्र के भीतर खेती की इस तरकीब को आजमाने की तैयारी है जिससे पता चले कि कहां पर किस तरह की खेती संभव है। ऐसे में यह नई उम्मीद बन सकती है।

# मंगल ग्रह पर पानी के सबूत मिले

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के जुरोंग रोवर को मंगल ग्रह पर पहली बार पानी होने के सबूत मिले हैं। इसके आधार पर यह कहा जा रहा है कि लाल ग्रह में कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां जीवन के अस्तित्व के लिए परिस्थितियां उपयुक्त हैं। चीनी वैज्ञानिकों के अनुसार, 2021 में मंगल पर उतरने वाले रोवर को कम अक्षांशों पर, यानी भूमध्य रेखा की ओर और उसके ध्रुवों से दूर रेत के टीलों पर पानी होने के साक्ष्य मिले हैं।

वैज्ञानिकों ने बताया कि रोवर ने सीधे पाले या बर्फ के रूप में पानी का पता नहीं लगाया, बल्कि इसके जरिये ग्रह की दरारों और पपड़ियों पर नमक से भरपूर टीले देखे गए। मंगल पर तापमान बेतहाशा बढ़ता है।

# ठंडा तापमान बुढ़ापा रोकने में मददगार

**बर्लिन, एजेंसी।** शरीर की कुछ प्रक्रियाएं उम्र को बढ़ने से रोकने का काम करती हैं। ठंडा तापमान शरीर में उन प्रक्रियाओं को सक्रिय करने का काम करता है, जो इंसान को बूढ़ा करने वाली प्रक्रिया को धीमा कर देता है। इंसान की बढ़ती उम्र को लेकर जर्मनी में हुए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। दरअसल, सामान्य तौर पर कम तापमान सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता है, लेकिन अध्ययन में दावा किया गया है। उम्र बढ़ने की गति धीमी करने लिए कम तापमान मददगार है।

जर्मनी में कोलोन्ज यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इसको लेकर कीड़ों और इंसान की कोशिकाओं में प्रयोग किए। इन प्रयोगों के आधार पर उन्होंने पता लगाया है कि ठंडक से ऐसी प्रक्रियाएं होती हैं, जिससे हमारी कोशिकाओं से खराब हो चुके प्रोटीन निकल जाते हैं, शोधकर्ताओं के मुताबिक इसका अर्थ यह नहीं है कि ठंड में बैठना किसी उपचार का विकल्प है।

# नया फीचर : व्हाट्सऐप पर वॉयस मैसेज पढ़ सकेंगे

**नई दिल्ली।** व्हाट्सऐप यूजर के लिए लगातर नए-नए फीचर लाता रहता है। इसी कड़ी में वॉयस मैसेज को लेकर नया फीचर जारी किया गया है। इसमें आर वॉयस मैसेज को पढ़ भी सकते हैं। फिलहाल यह फीचर कुछ ही बीटा यूजर के लिए जारी किया गया है। यह कई यूजर के लिए काफी मददगार साबित होगा जो ऑफिस मे होने की वजह से वॉयस मैसेज नहीं सुन पाते। इस नए फीचर की जानकारी वेबीटाइंफो की ओर से जारी रिपोर्ट में दी गई थी।

# ग्रामरली ने अपना एआई टूल पेश किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओपेनएआई के चैटजीपीटी को टक्कर देने के लिए ग्रामरली ने अपना एआई-पॉवर्ड ग्रामरलीगो पेश किया है। यह कंटेंट बनाने और उसे बेहतर करने में मदद करेगा हैं। यह ब्लॉग पोस्ट, ईमेल लिखने में मददगार होगा। यह रिवाइज टेक्स्ट व स्क्रैच आर्टिकल लिखने में सक्षम है।